राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 45, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 01 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

अखिल भारतीय कॉलेजों ने यूजीसी और एआईसीटीई से प्रवेश की कटऑफ तिथि बढ़ाने का .... पेज 03

मां पाटेश्वरी देवी की आराधना कर सीएम योगी ने किया रूद्राभिषेक .... पेज 05

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब चुनाव आदेश की समीक्षा पर ईसीपी की याचिका को किया खारिज .... पेज 07

## केंद्र ने 18-22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इसमें कुल 5 बैठकें होंगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार (31 अगस्त) को सोशल मीडिया पर बताया- अमृत काल के बीच संसद में सार्थक चर्चा और बहस का इंतजार कर रहा हूं।

इससे पहले संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चला था। मणिपुर हिंसा को लेकर विपक्ष के विरोध के बाद कई बार सत्र बिना कामकाज के स्थगित करना पड़ा था। इस सत्र में विपक्ष सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया, जो गिर गया।

राज्यसभा सांसद और शिवसेना (उद्धव गुट) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सत्र भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहार गणेश उत्सव के दौरान बुलाया गया। विशेष बैठक का आह्वान हिंदू भावनाओं के खिलाफ है।

## वायकॉम-18 ने रु 5963 करोड़ में खरीदे बीसीसीआई मीडिया राइट्स

### भारत में होने वाले घरेलू और इंटरनेशनल मैच दिखाएंगे; एक मैच से रु 67.8 करोड़ कमाएगा बोर्ड

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्वामित्व वाली ब्रॉडकास्टिंग कंपनी वायकॉम-18 ने भारत में खेले जाने वाले घरेलू और इंटरनेशनल मैच के लिए बीसीसीआई के मीडिया राइट्स 5 हजार 963 करोड़ रुपए में खरीद लिए हैं। गुरुवार को बोर्ड के मुकाबलों के टेलीविजन और डिजिटल राइट्स की नीलामी हुई, जिसे वायकॉम-18 ने अपने नाम किया।

वायकॉम ने बीसीसीआई के साथ 5 साल का यानी 2028 तक का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। 5 साल भारत में 88 इंटरनेशनल मैच होंगे, यानी बोर्ड को एक मैच से करीब 67.8 करोड़ रुपए मिलेंगे। हालांकि इस डील में भारत में होने वाले घरेलू और विमेंस टीम के इंटरनेशनल मैच भी शामिल रहेंगे।

इस बार की नीलामी पिछले साइकल से कम रही। पिछले राइट्स स्टार इंडिया ने 6138.10 करोड़ रुपए में खरीदे थे, जिसका कॉन्ट्रैक्ट इसी साल समाप्त हुआ।

### डिज्नी प्लस और सोनी स्पोर्ट्स से चुनौती मिली

वायकॉम-18 को डिज्नी प्लस और सोनी स्पोर्ट्स से चुनौती मिली। बोर्ड ने पिछले साल आईपीएल मीडिया राइट्स के लिए भी ई-ऑक्शन कराया था, जबकि 2018 में बीसीसीआई राइट्स के लिए ऑफलाइन ऑक्शन हुए थे।

### 2 पैकेज में बिके राइट्स

मीडिया राइट्स के लिए भारतीय बोर्ड ने ई-ऑक्शन कराया। इसके तहत मीडिया राइट्स दो पैकेज में बिके। इनमें पैकेज-ए, टीवी के लिए है, जबकि पैकेज-बी डिजिटल और वर्ल्ड ब्रॉडकास्टिंग राइट्स के लिए था। ब्रॉडकास्ट साइकल सितंबर 2023 से शुरू होकर मार्च 2028 तक होगा। इस दौरान लगभग 88 इंटरनेशनल मैच होंगे।

### ऑस्ट्रेलिया से 21 और इंग्लैंड से 18 मैच खेलेगी टीम इंडिया

2023 से 2028 साइकल में भारतीय टीम 88 मुकाबले खेलेगी। इनमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 21 और इंग्लैंड के खिलाफ 18 मुकाबले होंगे।

### करीब 6 हजार करोड़ में बिके थे पिछले राइट्स

पिछली नीलामी में भारतीय बोर्ड ने अपने मीडिया राइट्स 944 मिलियन डॉलर (6138 करोड़ भारतीय रुपए) में स्टार इंडिया को नीलाम किए थे।

## बाहर जा रहा 1 अरब डॉलर : राहुल

### जो पैसा बाहर भेजा जा रहा है, वो पीएम के करीबी व्यक्ति का है




मुंबई। राहुल और सोनिया गांधी 31 अगस्त को मुंबई पहुंचे। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस की बैठक से पहले राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

राहुल ने दो विदेशी न्यूज पेपर्स के हवाले से कहा कि देश का पैसा बाहर भेजा जा रहा है। एक अरब (बिलियन) डॉलर भारत के बाहर गया। जो पैसा बाहर भेजा जा रहा है, वो पीएम के करीबी व्यक्ति का है।

### भारत का पैसा बाहर गया और देश में लौटा

अभी जी-20 का माहौल है। भारत के लिए जरूरी है कि यहां के आर्थिक परिवेश और कारोबारी क्षेत्र में सभी के लिए बराबर अवसर और पारदर्शिता रहे। आज के अखबारों में एक बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल पूछा गया है।

दुनिया के अखबारों द गार्जियन और फाइनेंशियल टाइम्स में गौतम अडाणी के बारे में खबर है कि अडाणी परिवार से जुड़े व्यक्ति ने विदेशी फंड के जरिए अपने ही स्टॉक में निवेश किया।

अडाणी जी की कंपनियों के नेटवर्क के जरिए एक अरब डॉलर भारत से बाहर गया और अलग-अलग देशों से घूमकर वापस आया। इससे अडाणी समूह के शेयरों की कीमत बढ़ी। इन पैसों का बंदरगाहों और एयरपोर्ट्स जैसी भारतीय संपत्तियों को हासिल करने के लिए इस्तेमाल हुआ।

### बाहर गया पैसा किसका?

सबसे पहले यह सवाल उठता है कि यह पैसा किसका है? यह अडाणी जी का या किसी और का है? अगर किसी और का है तो किसका है? दूसरा सवाल यह है कि इसके पीछे मास्टरमाइंड कौन है? क्या विनोद अडाणी हैं? दो विदेशी नागरिक नासिर अली, चीन के चेंग चुंग लिंग भी इसमें शामिल हैं। ये विदेशी नागरिक कैसे भारत के शेयर बाजार को चला रहे हैं? चीन के नागरिक की क्या भूमिका है? तीसरा सवाल है कि जिन्होंने इस मामले की जांच की और क्लीन चिट दी, उन सेबी चेयरमैन को बाद में अडाणी जी की कंपनी में डायरेक्टर कैसे बनाया गया? भारत की इमेज दांव पर है। इस बारे में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन और गहन जांच की जरूरत है। जी-20 के मेहमान यहां आ रहे हैं और यहां आकर वे पूछ सकते हैं कि ये विशेष कंपनी कौन सी है, जिसे प्रधानमंत्री के करीबी व्यक्ति चलाते हैं। उन्हें इतनी खुली छूट कैसे दी जा रही है?

### ओसीसीआरपी क्या है?

ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की स्थापना 2006 में हुई, जो खुद को इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म बताती है। ओपन सोसाइटी फाउंडेशन ऑफ जॉर्ज सोरोस इसके फाउंडर है। ओसीसीआरपी की वेबसाइट के अनुसार, वह कंपनियों के बारे में रिसर्च करती है और उसकी रिपोर्ट मीडिया संस्थानों की मदद से सीरीज में पब्लिश करती है। यह यूरोप, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया में काम करती है।

### ओसीसीआरपी ने रिपोर्ट में 2 करीबियों का जिक्र भी किया

कई टैक्स हेवन देशों की फाइलों और अडाणी ग्रुप के आंतरिक ई-मेल का हवाला देते हुए ओसीसीआरपी ने कहा कि उसकी जांच में कम से कम 2 ऐसे मामले सामने आए, जहां रहस्यमयी निवेशकों ने इस तरह के ऑफशोर स्ट्रक्चर (गुमनाम फंड्स) के जरिए अडाणी के शेयर खरीदे और बेचे।

ओसीसीआरपी ने दावा किया कि अडाणी परिवार के साथ निवेशक नासिर अली शबान अहली और चेंग चुंग-लिंग के लंबे समय से व्यापारिक रिश्ते हैं। गौतम अडाणी के बड़े भाई विनोद अडाणी के ग्रुप की कंपनियों और फर्मों में ये डायरेक्टर और शेयर होल्डर के रूप में भी काम कर चुके हैं। इसमें आरोप लगाया गया है कि डॉक्यूमेंट्स से पता चलता है कि उनके निवेश का काम संभालने वाली कंपनी ने विनोद अडाणी की कंपनी को उनके निवेश में सलाह देने के लिए भुगतान किया था।

## हिमाचल के मंडी में 375 रूट बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एचआरटीसी के मंडी मंडल के तहत चलने वाले 940 में से 375 रूट अभी तक ठप पड़े हुए हैं, जिस कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पिति जिलों के छह बस डिपो आते हैं जिनमें मंडी, सुंदरनगर, सरकाघाट, धर्मपुर, कुल्लू और केलांग डिपो शामिल हैं। इन छह डिपो में 940 में से 565 रूट सड़कें खुलने के बाद यातायात के लिए बहाल कर दिए गए हैं। सबसे ज्यादा 135 रूट कुल्लू डिपो के प्रभावित हुए हैं। सरकाघाट के 78, मंडी के 71, सुंदरनगर के 47 और धर्मपुर के 34 रूट प्रभावित हुए हैं। एचआरटीसी मंडी मंडल के मंडलीय प्रबंधक विनोद ठाकुर ने बताया कि भारी बारिश के कारण अभी तक निगम की 63 बसें फंसी हुई हैं। कुल्लू और केलांग डिपो की कुछ बसें मंडी में पड्डल मैदान के पास और बाहर बीते जुलाई महीने से बेकार खड़ी हुई हैं। हालांकि कुल्लू और केलांग से चलने वाले अधिकतर लांग रूट मंडी से चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक निगम को भारी बारिश के कारण 12 से 15 करोड़ के नुकसान का अनुमान है। इसमें मंडी डिपो की एक बस थट्टा गांव के पास पहाड़ी से मलबा आने के कारण बह गई है। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे सड़कें खुल रही हैं वैसे-वैसे रूटों को बहाल किया जा रहा है।

**जी20 इवेंट**



गाला जी20 इवेंट के लिए दिल्ली में भिति चित्र बनाए गए।

## औरंगाबाद में तालाब में डूबकर 5 बच्चों की मौत

### तालाब किनारे पिकनिक मनाने गए थे, नहाने के दौरान डूबे; सीएम ने जताया शोक

औरंगाबाद। औरंगाबाद में गुरुवार को तालाब में डूबकर 5 बच्चों की मौत हो गई। इनमें दो सगे भाई शामिल हैं। सभी राखी बंधवाने के बाद सभी बधार में पिकनिक मनाने गए थे। फिर तालाब में नहाने चले गए। जहां गहरे पानी में जाने की वजह से सभी डूब गए। इस घटना पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शोक जताया।

मामला सलैया थाना के सोनारचक गांव का है। ग्रामीणों की मदद से सभी बच्चों का शव तालाब से निकाल लिया गया। परिजन मुआवजे की मांग को लेकर पांचों बच्चों का शव सड़क पर रखकर जाम कर दिया है। 2 घंटे बाद पुलिस ने समझा कर लोगों को शांत कराया। फिर शव का पोस्टमार्टम कराया गया।



मृतकों में सोनारचक गांव निवासी उदय यादव का बेटे धीरज कुमार(10) और उसका भाई नीरज कुमार(12)। दोनों सगे भाई थे। इसके अलावा पड़ोस के सूखेन्द्र यादव का बेटा प्रिंस कुमार(10), अनुज यादव का बेटा गोलू कुमार(12) और जोगिंदर यादव का बेटा अमित कुमार(8) कुमार शामिल हैं।

### आक्रोशित परिजनों ने किया सड़क जाम

घटना के बाद आक्रोशित परिजन शव लेकर कासमा पहुंचे। सड़क पर शव रखकर रफीगंज-कासमा सड़क को जाम कर दिया। मौके पर ही मुआवजे की मांग की। लगभग दो घंटे तक प्रदर्शन किया।सूचना पर पहुंचे मदनपुर बीडीओ, सलैया व कासमा पुलिस ने सभी को समझाकर शांत कराया। मदनपुर बीडीओ कुमुद रंजन ने मौके पर ही मुआवजा देने का ऐलान किया। जिसके बाद परिजन माने और सड़क से जाम हटाया।

## मणिपुर में फिर बेकाबू हालात, तीन लोगों की मौत

### चुराचांदपुर में 'आपातकालीन बंद' की घोषणा

चुराचांदपुर। कुछ दिनों की शांति के बाद मणिपुर में एक बार फिर से हिंसा भड़क उठी है। कुकी-जो जनजातियों के एक संयुक्त निकाय इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने आज चुराचांदपुर जिले में आपातकालीन बंद की घोषणा की। बंद की घोषणा मणिपुर के कई कुकी-जो-बहुल क्षेत्रों पर हमले के बाद की गई है। आईटीएलएफ ने कहा कि लोनफाई, खौसाबुंग, कांगवई और सुगनू जैसे इलाकों पर हमला हो रहा है। आईटीएलएफ ने तत्काल प्रभाव से आपातकालीन बंद का आह्वान किया है। चिकित्सा, पुलिस, पानी, बिजली और प्रेस जैसी आपातकालीन सेवाओं को छूट दी जाएगी।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, चुराचांदपुर जिले में ताजा हिंसा में तीन लोगों की मौत के कुछ घंटों बाद आपातकालीन बंद की घोषणा की। एक पखवाड़े तक शांति रहने के बाद बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों के सीमावर्ती इलाकों में पिछले तीन दिनों से भारी गोलीबारी जारी है। पिछले तीन दिनों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है, और मैतेई समुदाय और कुकी-जो जनजाति दोनों के एक दर्जन से अधिक लोगों को गोली और छर्रे लगे हैं। हिंसा प्रभावित मणिपुर में सुरक्षा बलों को नारानसेना मनिंग लेइकाई क्षेत्र में ले जाया जा रहा है। ये इलाके हिंसा के नए केंद्र बन हैं। सूत्रों ने बताया कि कल हुई गोलीबारी के बाद बम के छर्रों से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कथित तौर पर एक व्यक्ति की उस समय मौत हो गई जब उसे मिजोरम के रास्ते गुवाहाटी ले जाया जा रहा था। चुराचांदपुर जिले के एक अस्पताल में इलाज के दौरान एक और व्यक्ति की मौत हो गई। खुसाबुंग इलाके में आज सुबह एक व्यक्ति की मौत हो गई। खोइरेंटक, चिंगफेई और खौसाबुंग तलहटी इलाकों में आज सुबह फिर से भारी गोलीबारी शुरू हो गई।



ताजा गोलीबारी ऐसे समय में हुई है जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 27 प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) की जांच अपने हाथ में ले ली है। ये एफआईआर मणिपुर में जातीय झड़पों के संबंध में राज्य पुलिस द्वारा दर्ज की गई थीं। इस हिंसा के दौरान कथित तौर पर 160 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। सीबीआई को सौंपे गए मामलों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 19 मामले शामिल हैं।

मणिपुर पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सुरक्षा बलों द्वारा कांगपोकपी, थौबल, चुराचांदपुर और वेस्ट-इंफाल के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया।

## अरविंदर सिंह लवली बने दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष

नई दिल्ली। अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया गया है। कांग्रेस ने राजधानी दिल्ली में पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेदारी एक बार फिर शीला दीक्षित के खास सहयोगी को बनाया है जो परिवहन मंत्री और शिक्षा मंत्री रहते हुए बेहतर काम कर चुके हैं। सिख समाज से आने वाले अरविंदर सिंह लवली बीच में एक बार अपनी उपेक्षा का आरोप लगाकर भजपा का दामन भी थाम लिया था, लेकिन लंबे समय से कांग्रेस के सिपाही रहे अरविंदर सिंह लवली का मन भाजपा में नहीं लगा और वे फिर कांग्रेस में वापस आ गए थे।

## जया वर्मा सिन्हा रेलवे बोर्ड की नयी अध्यक्ष नियुक्त



नयी दिल्ली। सरकार ने जया वर्मा सिन्हा को रेलवे बोर्ड में अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। सिन्हा पहली महिला है जो रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष पद पर नियुक्त की गयी हैं। वह अनिल कुमार लाहौटी की जगह लेंगी। वर्तमान में सदस्य ( संचालन और बिजनेस डेवलपमेंट) सुश्री सिन्हा एक सितम्बर शुक्रवार को अपना नया पदभार संभालेंगी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक नयी रेलवे बोर्ड अध्यक्ष का कार्यकाल 31 अगस्त 2024 तक रहेगा। सिन्हा ने 1988 में भारतीय रेलवे यातायात सेवा में शामिल हुई तथा दक्षिण पूर्व रेलवे, उत्तर रेलवे और पूर्व रेलवे में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकी है। वह पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन में मंडल रेल प्रबंधक और दक्षिणी पूर्व रेलवे में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक भी रही हैं।

## पंजाब में आईएसआई के 6 समर्थक गिरफ्तार

### डबल मर्डर के है आरोपी; 5 पिस्तौल और 20 जिंदा कारतूस बरामद

अमृतसर। पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने मोहाली पुलिस के सहयोग से पाक खूफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित गैंग को पकड़ने में सफलता हासिल की है। यह गैंग पंजाब से पाकिस्तान में भागे आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा ग्रुप से जुड़े हुए हैं और वहां से मिलने वाले इशारों पर पंजाब में आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।

डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने जानकारी दी कि हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा गैंग से जुड़े 6 सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों ने अप्रैल 2023 में पटियाला में दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था, तब से यह गैंग फरार चल रहा था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी अभी भी कोई हत्या करने की योजना बना रहे थे, जिनमें से अधिकतर टारगेट किलिंग थी।



### हथियार भी बरामद हुए

पंजाब पुलिस ने आरोपियों से 5 पिस्तौल और 20 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस का अनुमान है कि आरोपी आने वाले दिनों में और भी टारगेट किलिंग करने वाले थे। जल्द ही आरोपियों को कोर्ट में पेश करके रिमांड लिया जाएगा।

आरोपियों ने 24 अप्रैल की रात बस स्टैंड के नजदीक 2 दोस्तों नकुल और अनिल को पीट-पीट कर मार दिया गया था। एक सप्ताह के अंदर पुलिस ने इस गैंग से जुड़े 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया था और एक कार भी जब्त की गई थी।

**विकास**

### उत्तर प्रदेश बनेगा देश का सबसे बड़ा ग्रीन हाइड्रोजन निर्माता : मुख्यमंत्री

## गैर पारंपरिक ऊर्जा विकल्पों की ओर तेजी से बढ़ा उत्तर प्रदेश

लखनऊ। गैर पारंपरिक ऊर्जा विकल्पों को अपनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश ने तेजी से कदम बढ़ा दिए हैं। ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के दृष्टिगत प्रदेश में स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा उत्पादन स्त्रोतों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीनेडा के अधिकारियों के साथ यूपी ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2023 की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में सीएम योगी ने अधिकारियों को नई ग्रीन हाइड्रोजन नीति के ड्राफ़्ट में संशोधन करते हुए एक प्रभावी ड्राफ़्ट तैयार करने के निर्देश दिये। साथ ही इस क्षेत्र में काम करने वाले स्टेक होल्डर से भी परामर्श लेने के निर्देश दिये ताकि नीति के तहत निवेशकों और उपयोगकर्ताओं को इसका ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन एक स्वच्छ ऊर्जा एवं औद्योगिक ईधन होने के कारण नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। ऐसे में ग्रीन हाइड्रोजन नीति को लेकर विभाग भारत सरकार की नीति का गहन अध्यन कर एक प्रभावी नीति तैयार करे। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन के निर्माण में पानी का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उत्तर प्रदेश में नदियों की भरमार है। हम इसका फ़ायदा उठा कर देश के सबसे बड़े ग्रीन हाइड्रोजन निर्माता बन सकते हैं। इसके लिये उन्होंने विभाग को सिंचाई विभाग से समन्वय बनाकर प्रदेश की छोटी बड़ी नदियों के पास रिज़र्व वॉटर बनाकर बरसात के पानी का उपयोग ग्रीन हाइड्रोजन बनाने के लिये करने को निर्देशित किया। साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी पर काम करने वाली फ़र्मों को ज़्यादा से ज़्यादा इंसेंटिव देकर प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2023 के दौरान ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र में इकाइयां स्थापित करने के लिए यूपी को 20 कंपनियों से 2.73 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इससे 60,000 से अधिक लोगों के लिए नौकरी के अवसर पैदा होंगे। प्रदेश सरकार जीआईएस-2023 में हुये सभी एमओयू को ईमानदारी से लागू करने के लिये प्रतिबद्ध है। ऐसे में हमें अपनी जवाबदेही तय करने के लिये जल्द से जल्द ग्रीन हाइड्रोजन नीति लागू करनी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वह ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए रिफॉर्म के लिये तैयार रहें। इसके लिये प्रदेश में हर स्तर पर निवेशकों के लिये हर द्वार खोलने होंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्राकृतिक गैस का उपयोग कर उत्पादित की जा रही ग्रे हाइड्रोजन की तुलना में ग्रीन हाइड्रोजन की उत्पादन लागत अधिक है। अतः ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं को गति प्रदान करने हेतु प्रारम्भिक अवस्था में विभिन्न प्रोत्साहन प्रदान किया जाना आवश्यक एवं औचित्यपूर्ण है।

## खेती के लिए पानी और बिजली की कमी न रहे: शिवराज

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि बिजली के निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहीं भी स्टाफ के अभाव में बिजली आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके साथ ही कंट्रोल रूप व्यवस्था को भी हर समय सक्रिय रखा जाए। चौहान ने प्रदेश में हो रही सामान्य से कम वर्षा को देखते हुए आगामी माहों में सिंचाई के लिए पानी और बिजली की उपलब्धता की समीक्षा की।



नई दिल्ली
शुक्रवार 01 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# शार्ट न्यूज

## कमोडोर अभिलाष टॉमी देंगे नौसेना की सागर परिक्रमा टीम को प्रशिक्षण

नयी दिल्ली। नौसेना के सेवानिवृत अधिकारी और गोल्डन ग्लोब रेस के नायक के रूप में जाने जाने वाले कमोडोर अभिलाष टॉमी नौसेना की सागर परिक्रमा -4 टीम को प्रशिक्षण देंगे। नौसेना ने इसके लिए कमोडोर अभिलाष के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके तहत वह सागर परिक्रमा -4 टीम में शामिल नौसेना की दो महिला अधिकारियों के प्रशिक्षक तथा सलाहकार की भूमिका में नजर आयेंगे। इस टीम में लेफ्टिनेंट कमोडोर दिलना और लेफ्टिनेंट कमोडोर रूपा शामिल हैं। नौसेना के कार्मिक सेवा नियंत्रक और भारतीय नौसेना सेलिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन भी हस्ताक्षर किये जाने के मौके पर मौजूद थे। वाइस एडमिरल स्वामीनाथन ने दोनों महिला अधिकारियों को समुद्री नौकायन करतबों के लिए बधाई दी और सागर परिक्रमा -4 की तैयारी के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने समुद्री नौकायन के क्षेत्र में सहयोग तथा समर्थन के लिए नौसेना की ओर से कमोडोर अभिलाष को भी धन्यवाद दिया। दोनों महिला अधिकारी कमोडोर अभिलाष की देख-रेख में चुनौतीपूर्ण मिशन के लिए कठोर प्रशिक्षण लेंगी, जिसमें अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर में कई छोटी और लंबी नौकायन यात्राएं शामिल हैं।

## सभी के लिए शिक्षा : वंचितों के लिए कठुआ परिसर में 'स्टेशनरी दान' अभियान शुरू

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में 'सभी के लिए शिक्षा' सिद्धांत का पालन करते हुए जम्मू विश्वविद्यालय के कठुआ परिसर ने गोद लिए हुए गांव कथेरा में अनेक वंचित छात्रों के सपनों को साकार करने के लिए दो सप्ताह का 'स्टेशनरी दान' अभियान शुरू किया है। जम्मू विश्वविद्यालय के कठुआ परिसर की मुख्याधिष्ठाता डॉ. मीनाक्षी किलम ने गुरुवार को बताया कि परिसर में दो सप्ताह के लिए स्टेशनरी दान अभियान-2 शुरू किया गया है। डॉ. किलम ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य गोद लिए गए गांव कथेरा के वंचित बच्चों को आवश्यक शिक्षण सामग्री प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह पहल शैक्षिक अंतराल को पाटने और उन बच्चों के उज्जवल भविष्य को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिनके पास सीखने का बुनियादी संसाधन उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संपन्न समाज की आधारशिला है और प्रत्येक बच्चे को सीखने तथा आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाशिए पर रहने वाले कई बच्चों के पास सबसे मौलिक उपकरणों तक सीमित पहुंच है जिसके कारण उन्हें अपनी शिक्षा में बाधाओं का सामना करना पड़ता है और कठुआ परिसर इन चुनौतियों को पहचानता है और हमेशा सकारात्मक प्रभाव डालने वाली पहल कर रहा है।

## विदेशियों को घरों में किराये पर रखने वाले स्थानीय लोगों पर होगी कार्रवाई : पुलिस

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज में पुलिस और तिब्बती ट्रांसजेंडर में मारपीट के वायरल वीडियो मामले में पुलिस अधीक्षक कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने कहा कि इस मामले में विदेशी लोगों को स्थानीय लोगों ने अपने घरों में किराए पर रखा है जो कानून सही नहीं है, पुलिस फार्म सी के तहत कार्रवाई करेगी। कांगडा जिले मीडिया से बातचीत के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई के दौरान अगर कोई पुलिस से साथ अभद्र व्यवहार करता है तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जाहिर है पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज तथा इसके साथ लगते क्षेत्र भागसू व जोगीबाड़ा में रात के समय शराब पीकर हुड़दंग मचाने और गैर कानूनी कार्यों को अंजाम देने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी बीच शुक्रवार को पुलिस तथा तिब्बती समुदाय की ट्रांसजेंडर के बीच मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें एक तिब्बती महिला पुलिस पर डंडे से वार कर रही है। इसके बाद एक और वीडियो सामने आया ,जिसमें पुलिस तिब्बती महिला के साथ मारपीट कर रही है।

## रक्षाबंधन पर पचास हजार से अधिक लोग बने ऐतिहासिक बग्वाल के साक्षी

देवीधुरा/नैनीताल। रक्षाबंधन के मौके पर उत्तराखंड के कुमांऊ के चंपावत जिले में खेली जाने वाली ऐतिहासिक बग्वाल के इस बार चालीस से पचास हजार लोग साक्षी बने। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने भी गुरुवार को मां बाराही धाम पहुंच कर बग्वाल का आनंद लिया। मुख्यमंत्री ने बाराही धाम में पूजा अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। अद्भुत बग्वाल को देखने के लिए न केवल कुमाऊं बल्कि अन्य प्रदेशों से भी हजारों श्रद्धालु देवीधुरा पहुंचे। मंदिर परिसर और आसपास मकानों की छतें दर्शकों से भरी रहीं। पूरे मेले परिसर में तिल रखने की जगह नहीं थी। रणबांकुरे खोलीखाण मैदान में जुटने लगे। चम्याल, गहड़वाल, लमगड़िया व बालिग खाम के रणबांकुरे एक एक कर मैदान में उतरे। बग्वाल से पहले सभी ने मंदिर की परिक्रमा की। इसके बाद अद्भुत पाषाण युद्ध बग्वाल शुरू हुआ। फल-फूल के साथ ही देखते देखते पत्थरों की बरसात होने लगी। सात मिनट तक बग्वाल खेली गयी। कई दर्जन रणबांकुरे रणबांकुरे घायल हो गये। इनका मौके पर ही उपचार किया गया। बग्वाल बंद होने के साथ ही बग्वाली बीर आपस में गले मिले।

## बंदला पैराग्लाइडिंग साइट पर 15 सितंबर से साहसिक गतिविधियां होंगी शुरू

शिमला। हिमाचल प्रदेश में स्थिति विश्व प्रसिद्ध बंदला पैराग्लाइडिंग साइट पर 15 सितंबर से सभी प्रकार की साहसिक गतिविधियां शुरू होंगी। साइट से मानव परिंदे उड़ान भरेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पैराग्लाइडिंग साइट पर 20 सितंबर से प्रशिक्षण शिविर शुरू होगा। देश भर से पैराग्लाइडिंग के शौकीन यहां आकर प्रशिक्षण हासिल करेंगे। मशहूर बॉलीवुड गायक विशाल ददलानी भी पिछले वर्ष यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। साइट पर एक्रो पायलट तान्हाजी टाकवे प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देंगे। साइट को जून में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए अधिसूचित किया गया था। अधिसूचना जारी होने के बाद बाहरी राज्यों से कई पैराग्लाइडिंग स्कूलों ने यहां पर प्रशिक्षण के बुकिंग करवाई है। इसमें महाराष्ट्र और तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों से प्रशिक्षु शामिल हैं, जो यहां पर एक्रो गतिविधियां सीखने के लिए पहुंचेंगे। अभी तक चार स्कूलों ने प्रशिक्षण के लिए एडवांस बुकिंग करवाई है। साइट पर नवंबर तक की बुकिंग हो गई है। स्थानीय लोगों ने बाहर से आने वाले पर्यटकों, पैराग्लाइडर पायलटों और प्रशिक्षुओं के लिए होम स्टे बनाए हैं। उनके लिए खाने की सुविधा भी लोग उपलब्ध करवाते हैं। प्रदेश में दो महीने के लिए पैराग्लाइडिंग साइटें बंद कर दी गई थीं। इस दौरान सभी प्रकार की गतिविधियां बंद हो गई थीं। 15 सितंबर से अब रोक हट जाएगी।

## महिला समेत 4 गिरफ्तार: चार अवैध पिस्टल, 12 बोर बंदूक एवं 21 कारतूस किये जब्त

प्रतापगढ़। राजस्थान में प्रतापगढ जिले में छोटी सादड़ी, रठांजना और कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने तीन अलग-अलग कार्रवाइयों में आर्म्स एक्ट में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चार अवैध पिस्टल, 12 बोर बंदूक एवं 21 कारतूस बरामद किये है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आरोपी सुनील गायरी (23) निवासी थड़ा थाना रठांजना, ईश्वरलाल लबाना (25) निवासी करमदी खेड़ा थाना रठांजना, रवि उर्फ जयदीप शर्मा (22) और मांगुड़ी मीणा (31) निवासी नागदेव थाना अरनोद हाल अखेपुर थाना कोतवाली के रूप में हुई है। जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि मंगलवार को एसएचओ छोटी सादड़ी दीपक कुमार मय टीम द्वारा गश्त के दौरान बरखेड़ा बस स्टैंड से आरोपी सुनील गायरी को दो अवैध पिस्टल समेत गिरफ्तार किया था। जिसने थाना रठांजना निवासी आरोपी ईश्वरलाल लबाना और रवि उर्फ जयदीप शर्मा को एक-एक पिस्टल बेचना बताया। इस सूचना पर एसएचओ रठांजना मय टीम ने मंगलवार को करमदी खेड़ा गांव के पास से आरोपी ईश्वर लाल को एक पिस्टल के साथ तथा आरोपी रवि उर्फ जयदीप को उसके घर से एक पिस्टल समेत गिरफ्तार किया गया।

# छड़ी मुबारक के दर्शन के साथ अमरनाथ यात्रा समाप्त

### 62 दिन में करीब साढ़े 4 लाख श्रद्धालु पवित्र गुफा पहुंचे

**श्रीनगर।** 1 जुलाई 2023 से शुरू हुई बाबा अमरनाथ की 62 दिन की यात्रा 31 अगस्त यानी गुरुवार को समाप्त हो गई। यात्रा के आखिरी दिन अमरनाथ गुफा में विराजमान भगवान शिव को पवित्र छड़ी सौंपी गई। छड़ी मुबारक भगवा कपड़े में लिपटी भगवान शिव की पवित्र छड़ी है।



अधिकारियों के मुताबिक, 26 अगस्त को श्रीनगर के एक अखाड़े से महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में निकले साधुओं ने 42 किलोमीटर की यात्रा के बाद गुरुवार की सुबह गुफा में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उगते सूरज के साथ छड़ी मुबारक पवित्र गुफा में स्थापित की। इसे फिर वापस श्रीनगर लाया जाएगा।

बालटाल और पहलगाम के रास्ते शुरु हुई अमरनाथ यात्रा में इस साल 4 लाख 45 हजार 338 लोगों ने पवित्र गुफा के दर्शन किए। पिछले साल 3 लाख 65 हजार से अधिक श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए थे। इस साल यात्रा के दौरान 62 लोग घायल हुए, जबकि 48 लोगों की मौत हो गई। जिसमे भक्त और सेवा देने वाले शामिल थे।

### यात्रा संपन्न होने के बाद दोनों रास्तों पर सफाई अभियान चलेगा

रिपोर्ट के मुताबिक, अमरनाथ यात्रा संपन्न होने के बाद इसके दोनों रास्तों पर सफाई का अभियान चलेगा। अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के सदस्य और स्थानीय लोग रास्तों को साफ करेंगे।

बाबा बर्फानी की गुफा तक पहुंचने के दो रास्ते हैं। पहला पहलगाम, ये पारंपरिक रास्ता है, जिसकी चढ़ाई आसान है। करीब 47 किमी के इस रास्ते को तय करने में 2-3 तीन दिन लग जाते हैं।

दूसरा रास्ता है वाया बालटाल। ये नया ट्रैकिंग रूट है, जो 14 किमी यानी पहलगाम के मुकाबले आधे से भी कम है। इसकी चढ़ाई एक दिन में की जा सकती है।

### पिछले साल दर्शन करने आए श्रद्धालुओं का रिकॉर्ड 6 अगस्त को टूटा था

इस साल 1 जुलाई को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा ने 37 दिन बाद 6 अगस्त को पिछले साल दर्शन करने आए श्रद्धालुओं का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस तारीख तक लगभग 4 लाख 17 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। जबकि पिछले साल पूरे सीजन में 3 लाख 65 हजार यात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे।

## प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की कनेक्शनधारी को गैस रिफिल 450 रूपये में

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना की कनेक्शनधारी महिलाओं को 4 जुलाई से 31 अगस्त तक की अवधि प्राप्त की गई गैस रिफिल 450 रूपये में उपलब्ध करने का निर्णय लिया गया। लगभग 40 लाख गैस रिफिल प्राप्त करने वाली बहनों के आधार लिंक बैंक खाते में प्रति रिफिल लगभग 500 रूपये के मान से राशि का भुगतान किया जाएगा। इस पर लगभग 200 करोड़ रूपये का व्यय संभावित है। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के नगरीय निकायों की सड़कों के उन्नयन और निर्माण के लिये 1200 करोड़ रूपये की कायाकल्प योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों के सुलभ आवागमन हेतु अच्छी, मजबूत और आरामदेह सड़कों का नेटवर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। इस योजना में निकाय की प्रमुख सड़कों के नवीनीकरण, मजबूतीकरण और निर्माण का कार्य, समयबद्ध कार्यक्रम अनुसार गुणवत्तापूर्ण किया जायेगा।

## चांद की सतह पर 'अठखेलियां' कर रहा है रोवर 'प्रज्ञान'

**चेन्नई।** चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग के बाद चंद्रयान-3 के दो 'महाबली' लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान वैज्ञानिकों को प्रतिदिन नयी जानकारियां दे रहे हैं जिनमें सबसे अहम 'चंदामामा' पर ऑक्सीजन की उपस्थिति है।

लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान दोनों में एक दूसरे की 'सच्चाई' को धरती पर भेजने की जैसे होड़-सी लग गयी है। बुधवार को प्रज्ञान ने विक्रम की तस्वीर भेजी थी तो गुरुवार को विक्रम ने प्रज्ञान का मजेदार वीडियो भेजा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन(इसरो) ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स'( पूर्व में ट्विटर) पर आज एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि इस वीडियो में रोवर सुरक्षित रास्ते की तलाश में 360 डिग्री घूम रहा है जिससे ऐसा लग रहा है कि वह चांद की सतह पर अठखेलियां कर रहा है।

इसरो ने कहा, सुरक्षित रास्ते के लिए घूमते हुए रोवर प्रज्ञान का वीडियो लैंडर विक्रम ने रिकॉर्ड किया है।

इस वीडियो में ऐसा लग रहा है कि एक बच्चा चंदामामा के आंगन में खेल रहा है और उसकी मां प्यार से उसको



खेलते हुए देख रही है। इसरो के अनुसार चंद्रयान-3 चांद के दक्षिणी ध्रुव पर खोजबीन कर रहा है। चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर ठीक तरह से काम कर रहे हैं। प्रज्ञान ने चांद के इस ध्रुव पर ऑक्सीजन और सल्फर के अलवा एल्युमीनियम, कैल्शियम, लौह, क्रोमियम, टाइटैनियम, मैंगनीज, सिलिकॉन का भी पता लगाया है। फिलहाल हाइड्रोजन की खोज जारी है।

इसरो ने प्रज्ञान के खोज को लेकर बताया,रोवर पर लगे लेजर-प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप उपकरण ने पहली बार इन-सीटू मैपिंग के माध्यम से दक्षिणी ध्रुव के पास चांद सतह में सल्फर की उपस्थिति की स्पष्ट रूप से पुष्टि की है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

अगरतला। त्रिपुरा पुलिस ने धलाई जिले में लोंगटोराई घाटी के चावमानु इलाके में दो नाबालिग आदिवासी लड़कियों के साथ छेड़ छाड़ करने और एक लड़की से दुष्कर्म करने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यहां बताया कि एक स्थानीय अदालत ने मामले की आगे की जांच के लिए उन्हें पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। आरोपियों की पहचान गोपाल त्रिपुरा, बैथांग देबबर्मा और तालिनजॉय त्रिपुरा के रूप में की गई। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे तीन नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर चौमनु के पास जंगल में ले गए और एक के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ितों में दो नाबालिग लड़कियां बचने में कामयाब रहीं जबकि 13 वर्षीय लड़की के साथ आरोपियों ने तीन बार दुष्कर्म किया। पीड़ित परिवार ने लड़की को गंभीर हालत में जंगल से बरामद किया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। उप-विभागीय पुलिस अधिकारी सोनाचरण जमातिया के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी युवकों की तलाश शुरू की और आखिरकार उन्हें बुधवार को जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया।

## सिंधिया ने उत्केला हवाई अड्डे का किया उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने गुरुवार को ओडिशा में उत्केला हवाई अड्डे का उद्घाटन किया तथा उत्केला से भुवनेश्वर के बीच सीधी उड़ान का हरी झंडी दिखाई।

इस नए हवाई अड्डे से इंडियावन एयरलाइन आज (31 अगस्त) से इस रूट पर उड़ानें शुरू करेगी। इसके लिए कंपनी उड़ान योजना के तहत स्वीकृत 9-सीटर सेसना सी-208 विमान का उपयोग करेगी। उद्घाटन कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित किया गया जिसमें नागरिक उड्डयन मंत्रालय के राज्य मंत्री जनरल विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त) उपस्थित थे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय

### भुवनेश्वर के लिए उड़ान को दिखाई हरी झंडी



की एक विज्ञप्ति के अनुसार उत्केला हवाई अड्डे का स्वामित्व ओडिशा सरकार के पास है इसे केंद्र की उड़ान योजना के तहत रुपये की लागत से एक क्षेत्रीय हवाई अड्डे के रूप में 31.07 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। उत्केला हवाई अड्डे का रन-वे 917 मीटर लंबा और 30 मीटर चौड़ा है। इसके चालू होने से राज्य में अब पांच हवाईअड्डे हो गए हैं।

सिंधिया ने कहा कि उत्केला से भुवनेश्वर तक सड़क मार्ग से यात्रा में लगभग आठ घंटे समय लगता है। यह दूसरी विमान से एक घंटे बीस मिनट में तय की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह कालाहांडी क्षेत्र के लिए एक नई शुरुआत होगी क्योंकि आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के कई अवसर पैदा होंगे। सिंधिया ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य में नागरिक उड्डयन बुनियादी ढांचे के विकास के लिए ओडिशा सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। उद्घाटन कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य सुजीत कुमार, लोकसभा सदस्य श्री बसंत कुमार पांडा, ओडिशा की मंत्री तुकुनी साहू, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव राजीव बंसल, ओडिशा सरकार की प्रमुख सचिव उषा पाधी और इंडिया वन के सीईओ अरुण कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## अग्निवीरअभ्यर्थी दलालों से रहे सावधान, योग्यता के आधार पर होगा चयन : सेना

जम्मू। जम्मू कश्मीर के अखनूर सैन्य स्टेशन में होने वाली दो सप्ताह लंबी अग्निवीर भर्ती परीक्षा से पहले सेना ने उम्मीदवारों को दलालों से सावधान रहने का निर्देश दिया है और कहा कि चयन प्रक्रिया केवल योग्यता के आधार पर होगी।

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने कहा कि उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे नकली प्रवेश पत्र न रखें क्योंकि इससे उनकी उम्मीदवारी को अयोग्य करार दिया जाएगा ।

उन्होंने कहा कि फर्जी एडमिट कार्ड रखने वाले उम्मीदवारों को अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया जाएगा। उन्होंने कहा, सभी उम्मीदवारों से अनुरोध है



कि वे एडमिट कार्ड में दिए गए सूची के अनुसार परीक्षा स्थल पर एडमिट कार्ड ले जाएं और यह भी सलाह दी जाती है कि एडमिट कार्ड को बारकोड लाइन के पास न मोड़ें।

लेफ्टिनेंट कर्नल बर्तवाल ने कहा कि जिन उम्मीदवारों ने 21 नवंबर से दो दिसंबर तक होने वाली रैली के लिए आवेदन किया है, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे सात नवंबर से अपनी पंजीकृत ईमेल आईडी से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करें और परीक्षा में भाग लेने के दौरान इसे अपने साथ रखें।

उन्होंने कहा कि बारिश और पानी से बचाव करने के लिए उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र प्लास्टिक कवर में रखना होगा। उन्होंने कहा, भर्ती स्थल पर प्रवेश सुबह 4 बजे से शुरू होगा और इसके बाद गेट सात बजे बंद कर दिए जाएंगे।

लेफ्टिनेंट कर्नल बर्तवाल ने कहा, उम्मीदवारों को परीक्षा अधिसूचना के अनुसार सभी दस्तावेज ले जाने की सलाह दी जाती है और प्रवेश पत्र और अनिवार्य दस्तावेजों के बिना किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## संसद का विशेष सत्र 18 सितम्बर से

नयी दिल्ली। एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में सरकार ने आगामी 18 सितम्बर से संसद का पांच दिन का विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की है जिसमें पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरूवार को एक ट्वीट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितम्बर तक बुलाया जा रहा है जिसमें पांच बैठकें होंगी। यह 17 वीं लोकसभा का 13 वां और राज्यसभा का 261 वां सत्र होगा। उन्होंने कहा कि अमृतकाल में सरकार सार्थक चर्चा करना चाहती है। उल्लेखनीय है कि 20 जुलाई को शुरू हुआ संसद का मानसून सत्र इसी महीने की 11 तारीख को संपन्न हुआ था। इस सत्र के दौरान 23 दिन में 17 बैठकें हुई थी।

## त्रिपुरा के शहरी क्षेत्रों में पिंक शौचालय का होगा निर्माण : साहा

अगरतला। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने गुरुवार को घोषणा की कि उनकी सरकार ने स्वच्छ सार्वजनिक शौचालय सुनिश्चित करने के लिए राज्य के शहरी क्षेत्रों में पिंक शौचालय बनाने का निर्णय लिया।

साहा ने कहा, हमारे पास अगरतला नगर निगम क्षेत्र और कुछ अन्य शहरी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए अलग सार्वजनिक शौचालय हैं लेकिन यह उपयोगकर्ताओं के लिए पर्याप्त स्वच्छता सुनिश्चित नहीं करता है इसलिए, पिछले बजट में हमने शहरों और कस्बों में गुलाबी शौचालयों के निर्माण के लिए धन का प्रावधान किया है।

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से डिजाइन किए गए शौचालय दूर से आसानी से



पहचाने जा सकेंगे और सभी महिला-अनुकूल सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के अलावा, सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसे किसी भी अपराध के लिए कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए पहले ही कदम उठाए जा चुके हैं।

## सीबीआई के तलब करने की खबर फर्जी: बोस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के अग्निशमन विभाग के मंत्री सुजीत बोस ने गुरुवार को उन्हें केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से तलब किए जाने की मीडिया के एक वर्ग में आई खबरों को बिल्कुल निराधार और असत्य बताया।

बोस ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि निहित स्वार्थी तत्व फर्जी समाचार प्रसारित करके उनके खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, मुझे 31 अगस्त को सुबह 11.30 बजे पेश होने के लिए सीबीआई से कोई समन नहीं मिला। राजनीति में अपने 40 वर्षों में, मैं छह बार नगर पालिकाओं में जन प्रतिनिधि बना और राज्य विधानसभा के लिए चार चुनाव जीते और बेदाग रिकॉर्ड के साथ समाज के सभी वर्गों के साथ अपना संपर्क बनाए रखा।

उन्होंने दावा किया कि उन्हें बदनाम करने की कोशिश रैगिंग के बराबर है। उन्होंने बदनाम करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी।

## इंडिया, राजग में शामिल होने की कोई आवश्यकता नहीं : देवगौड़ा

बेंगलुरु। पूर्व प्रधानमंत्री एवं जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) प्रमुख एचडी देवेगौड़ा ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विरोधी इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इनक्लूसिव एलायंस %इंडिया% गठबंधन में शामिल होने के प्रति अपनी उदासीनता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी भी समूह में शामिल होने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि समय ही निर्धारित करेगा कि देश का भविष्य क्या होने वाला है।

उन्होंने पूछा कि मैं अन्य राजनीतिक दलों के बारे में विस्तार से बात कर सकता हूं। यह इंडिया क्या है , जो भी हो, मैं बहुत कुछ बोल सकता हूं। मैं



उनका नाम ले सकता हूं, लेकिन मैं किसी नेता को आहत नहीं करना चाहता। वे मेरे पुराने दोस्त हैं। चीजों को आगे बढ़ने दें। जब एचडी कुमारस्वामी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, तो कितने नेता यहां बेंगलुरु आए थे, वे कहां हैं।

उन्होंने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि इंडिया या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) खेमे में शामिल होने की कोई आवश्यकता नहीं है। समय निर्धारित करेगा कि इस देश का भविष्य क्या होगा। मैं आप सभी से बस यही अपील कर सकता हूं कि समय ही निर्धारित करेगा कि क्या होने वाला है। कृपया सहयोग करें।

देवगौड़ा ने यह टिप्पणी इंडिया या एनडीए में शामिल होने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में दी। वह पिछले लोकसभा चुनाव से पहले संयुक्त मोर्चा के विघटन का उल्लेख कर रहे थे, जब मई 2018 में श्री कुमारस्वामी के कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में संयुक्त मोर्चा नेता एक साथ आए थे।

इस बीच, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने मुंबई में इंडिया गठबंधन की बैठक को विपक्षी दलों के बीच एक म्यूजिकल चेयर करार दिया।

पात्रा ने नयी दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आप सभी जानते हैं कि घमंडिया बैठक मुंबई में चल रही है। इन पार्टियों ने 20 लाख करोड़ रुपये का घोटाला और भ्रष्टाचार किया है। विपक्षी दलों के बीच इस म्यूजिकल चेयर को किसी स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है। विपक्षी दलों की ऐसी बैठकें हमारे लिए नयी नहीं हैं, चाहे वह 2014 हो या 2019 हो।

## सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित, दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

नाहन। हिमाचल सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह प्रतिबंधित किया और इसका किसी भी रूप में प्रयोग करने वाले संस्थान अथवा व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने आज नाहन में हि.प्र. नॉन बायोडिग्रेडेबल एक्ट 1995 के तहत गठित जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि




प्लास्टिक मानवीय जीवन के लिए हानिकारक है और इससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित होने के बावजूद बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग के कुछ मामले संज्ञान में आ रहे हैं जो कि चिंताजनक है।

उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को हर हाल में रोकने के लिए सप्ताह में कम से कम एक या दो बार सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों और संस्थानों का औचक निरीक्षण सुनिश्चित बनाया जाये और दोषियों को नियमानुसार दंडित किया जाये।

उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान को देखते हुए जनहित में आम जन को भी अपनी आदतों को बदलना होगा तभी इसका प्रयोग रूक सकेगा।

उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के साथ सरकार ने नॉन वोवन कैरी बैग के इस्तेमाल की गाईडलाईन भी जारी की हैं।

## एयर कमोडोर मनोज कुमार ने इक्विपमेंट डिपो बेंगलुरु की कमान संभाली

बेंगलुरु। एयर कमोडोर मनोज कुमार ने गुरूवार को एक भव्य समारोह में इक्विपमेंट डिपो बेंगलुरु की कमान संभाली। कमोडोर कुमार ने एयर कमोडोर राजेश भंडारी का स्थान ग्रहण किया। भंडारी को एयर वाइस मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया है। वह एक सितंबर को नयी दिल्ली में वायु सेना मुख्यालय में सहायक वायु सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। एयर कमोडोर मनोज कुमार को 17 दिसंबर 1988 को भारतीय वायु सेना की लॉजिस्टिक्स शाखा में नियुक्त किया गया था। उन्होंने कई प्रमुख फील्ड और स्टाफ नियुक्तियों पर काम किया है और एयर फोर्स स्टेशन नई दिल्ली में वरिष्ठ रसद अधिकारी रहे हैं।

# जयशंकर ने किया विद्यार्थियों के साथ संवाद

## हमारा दायित्व है कि बंटी हुई दुनिया को साथ लाएं: डॉ. एस. जयशंकर

नई दिल्ली। केन्द्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम में बंटी हुई है। हमारा दायित्व है कि बंटी हुई दुनिया को साथ लाएं। डॉ. जयशंकर विकसित भारत@2047 विकास संवाद के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में आयोजित अमृत काल-विमर्श के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। जी20 प्रेसीडेंसी और इसका वैश्विक प्रभाव विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने की। कार्यक्रम में संबोधन के पश्चात केंद्रीय मंत्री ने ऑडिटोरियम में उपस्थित विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया और उनके प्रश्नों के उत्तर दिये।



डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया उत्तर में विकसित देश और दक्षिण में विकासशील देशों में बंटी हुई है तथा यूक्रेन युद्ध के कारण पूर्व और पश्चिम में देशों का ध्रुवीकरण हो रहा है। इन सबके बीच मध्य में हम हैं, इसलिए हमारा दायित्व है कि बंटी हुई दुनिया को साथ लाएं। उन्होंने कहा कि हमारी गवर्नेंस, इकोनोमी, टेक्नॉलॉजी और स्वतंत्र विदेश नीति के कारण दुनिया में हमारा सम्मान है। उन्होंने कहा कि भारत कोविड महामारी से काफी तेजी से उबरा है, जबकि कई देश ठीक से उबरने में संभव नहीं हो पाए। इसके साथ ही यूक्रेन युद्ध ने भी दुनिया के सामने कई दिक्कतें पैदा की हैं। इससे ईंधन की कीमतें, खाद्यान्न की उपलब्धता एवं कीमतें और उर्वरकों की उपलब्धता व कीमतें प्रभावित हुई हैं, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है। अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छे पोषण, अच्छा पानी व अच्छी ऊर्जा और पर्यावरण परिवर्तन जैसी चुनौतियों से दुनिया जूझ रही है। इस दौर में भारत की जी20 की अध्यक्षता बहुत महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमने 800 मिलियन लोगों को खाद्य सुरक्षता दी है, 400 मिलियन लोगों को मुद्रा लोन दिये हैं, आवासीय योजना के तहत पिछले 10 वर्षों 150 मिलियन लोगों को सरकारी सहायता से नए मकान उपलब्ध करवाए गए हैं, उज्ज्वला योजना के कारण 95 मिलियन महिलाओं को चूल्हे में लकड़ी जलाने से निजात दिलवाई गई है। जन आरोग्य योजना के तहत देश की एक तिहाई आबादी को कवर किया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में एक दिन जब आप लोग पीछे मुड़ कर देखेंगे तो पाएंगे कि 2023 का वर्ष भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण था जिसमें जी20 की अध्यक्षता ने हमें दुनिया के सामने विशेष स्थान पर स्थापित किया था।

डॉ. जयशंकर ने कहा कि अमृत काल के अगले 25 वर्ष हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं जिनमें हमें विकसित राष्ट्र बनना है। इसमें युवाओं का अहम योगदान रहेगा।

आज के समय में, देश के युवाओं को यह समझना होगा कि उनके काम, सपने, आकांक्षाएं, उपलब्धियां अब भारत की सीमाओं तक सीमित नहीं रहेंगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे जोश के साथ बदलाव और अपने आसपास पैदा हो रही क्रांतियों को अपनाएं, क्योंकि यह न्यू इंडिया को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आने वाले 25 वर्षों में इसे जारी रखने की जरूरत है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो योगेश सिंह ने मुख्यातिथि डॉ. एस. जयशंकर का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएगा, क्योंकि यह भारत के प्रधानमंत्री और उनके साथ 140 करोड़ भारत वासियों का संकल्प है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि हमें इसमें अपनी भूमिका खोजनी है क्योंकि अगले 25 वर्ष हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

कुलपति ने भारत की अर्थव्यवस्था के विकास के आंकड़े सांझा करे हुए बताया कि आज भारत 3.76 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था 2047 तक 20 से 25 ट्रिलियन डॉलर की होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि हमें अपनी परफॉर्मेंस, विचार और सोच के साथ भारत को विकसित भारत बनाना है।

# स्कूलों में मौत, रेप जैसे हादसे दबा रही दिल्ली सरकार, शिक्षा मंत्री दें इस्तीफा : भाजपा

- केजरीवाल सरकार एक संवेदनहीन सरकार है, दिल्ली सरकार के स्कूलों में छात्रों से जुड़ी दुर्घटनाऐं दर्शाती हैं की स्कूलों में छात्रों को ना काउंसिलिंग उपलब्ध है ना ही टीचर छात्र सम्वाद है
- केजरीवाल सरकार ने छात्रा की तीसरी मंजिल से कूद कर हुई मृत्यु को ठीक उसी तरह दबाया जिस तरह गत सप्ताह रोहिणी के स्कूल में दुराचार के मामले को दबाया था

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा की मंत्री बांसुरी स्वराज एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने आज एक संवाददाता सम्मेलन मे कहा की अरविंद केजरीवाल सरकार एक संवेदनहीन सरकार है, दिल्ली सरकार के स्कूलों में छात्रों से जुड़ी दुर्घटनाऐं दर्शाती हैं की स्कूलों में छात्रों को ना काउंसिलिंग उपलब्ध है ना ही टीचर छात्र सम्वाद है।

बांसुरी स्वराज ने कहा की गत सप्ताह हमारे अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रोहिणी के स्कूल मे दो छात्रों से दुराचार का मामला उठाया था जिसे केजरीवाल सरकार ने दबाने की हर सम्भव कोशिश की थी और आज मै जो घटना आपके समक्ष रख रही हूँ वह साफ दर्शाती है दिल्ली सरकार के स्कूलों में छात्रों की कुंठा को समझने के लियें उनके मानसिक संतुलन को मजबूत करने के लियें कोई काम नही किया जा रहा, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी एवं नवगठित स्कूल प्रबंधन समिति से लेकर काउंसिलिंग एवं हैपीनैस क्लास चलाने के शिक्षा मंत्री सुश्री आतिशी के दावे सब कागज़ी हैं।

बांसुरी स्वराज ने पत्रकारों के समक्ष बताया की दिल्ली के मुख्य मंत्री के सिविल लाइन निवास से मात्र 500 गज की दूरी पर स्थित सर्वोदय स्कूल के परिसर में दो दिन पूर्व 29 अगस्त को एक छात्रा द्वारा कूद कर अपनी जान देना हम सबके लियें नैतिक प्रश्न खड़े करता है।

इस छात्रा ने आत्महत्या की या उसको मारा गया है यह पुलिस जांच का विषय है पर यह तय है वह छात्रा किसी ना किसी प्रकार के मानसिक दबाव मे थी। यदि स्कूल मे कोई काउंसिलिंग उपलब्ध होती या सुश्री आतिशी की बनाई सकूल मैनेजमेंट कमेटी सक्रिय होती तो शायद यह छात्रा मानसिक तनाव से बाहर आ पाती। बांसुरी स्वराजने कहा की केजरीवाल सरकार ने छात्रा की तीसरी मंजिल से कूद कर हुई मृत्यु को ठीक उसी तरह दबाया जिस तरह गत सप्ताह रोहिणी के स्कूल में दुराचार के मामले को दबाया था।

बाँसुरी स्वराज ने कहा की केजरीवाल एवं उनके मंत्री दिल्ली को वर्ल्ड क्लास स्कूल देने का दावा हर चुनावी राज्य मे करते हैं पर सच यह है की स्कूलों ना बच्चों की सुरक्षा पर ध्यान है ना उनकी सेहत की परवाह जिसके उदाहरण हैं दुराचार एवं मिड डे मील से फूड पोजिनिंग के मामले।

केजरीवाल, मनीष सिसोदिया एवं आतिशी ने स्कूल एवं शिक्षा को कमरों एवं भवनों के विकास एवं उसमे भ्रष्टाचार तक सीमित कर दिया है।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा पुलिस ने पांच चोरों को किया गिरफ्तार

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की ईकोटेक 3 थाना पुलिस ने बंद पड़े घरों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस दौरान पुलिस ने पांच चोरों को गिरफ्तार किया है और एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। इन लोगों के कब्जे से सोने और चांदी के आभूषण व अन्य सामान बरामद किया गया है। इकोटेक 3 पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर कुलेसरा पुस्ता से 5 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। इस दौरान अभिनव उर्फ टिल्लू, विशाल, रोहित, नितिन व अमरीश को गिरफ्तार किया है। एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। दरअसल यह बड़े ही शातिर किस्म के चोरों का गिरोह है, जो रेकी करने के बाद चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। इनके गिरोह में शामिल बाल अपचारी अलग-अलग जगह घूम कर रेकी किया करता था। साथ ही अन्य लोग भी दिन में रेकी किया करते थे और पता लगते थे कि किन घर के लोग बाहर गए हैं और कौन सा घर बंद पड़ा हुआ है। इसके बाद बंद पड़े मकान में यह लोग चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। इसी तरह से इन्होंने थाना क्षेत्र में दर्जनों वारदातों को अंजाम दिया और इन लोगों ने उन घरों से सोने व चांदी के आभूषण, कीमती सामान व नगदी चोरी कर लिए। ईकोटेक 3 थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि चोरों के गिरोह का खुलासा किया गया है और पांच चोरों को गिरफ्तार किया गया है।

## छह महिला चोर समेत आठ गिरफ्तार

**मोदीनगर।** मोदीनगर में थाना पुलिस ने सात दिन पूर्व महिला प्रोफेसर के घर हुई चोरी का खुलासा कर दिया। पुलिस ने गिरोह के आठ बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के गहने और 50 हजार की नगदी बरामद की। पकड़े गए आरोपियों में छह महिलाएं भी शामिल हैं। आरोपी मेरठ से यहां आकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। आरोपी भीख मांगने के बहाने रेकी करने के बाद बंद मकानों को निशाना बनाते थे। पुलिस आरोपियों की कुंडली खंगाल रही है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि बीते 24 अगस्त को नगर के हापुड़ मार्ग स्थित प्रोफेसर कॉलोनी निवासी प्रोफेसर मधु शर्मा के घर का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश डेढ़ लाख की नगदी तथा लाखों के गहने चोरी कर ले गए थे। प्रोफेसर की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए टीमें गठित की थी। पुलिस ने करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो कड़ी जुड़ती चली गई। पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे और पुलिस ने जनपद मेरठ के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के रोहटा रोड निवासी अजय, मोनू, गरिमा, भगवती, वर्षा, प्रिया, नानी और ईश्वरी को गिरफ्तार कर बुधवार को घटना का खुलासा कर दिया। एसीपी ने बताया कि आरोपी मेरठ से ऑटो से मोदीनगर आकर मोहल्ले-मोहल्ले जाकर भीख मांगने के बहाने रेकी करने के बाद चोरी की घटनाओं को भी अंजाम देते हैं। पुलिस गिरोह के अन्य बदमाशों का पता लगा रही है।

## तहसील में घुसकर अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या करने वाले गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की तहसील सदर में बुधवार दोपहर करीब दो बजे तीन नकाबपोश हमलावरों ने चैंबर में घुसकर वकील मनोज चौधरी उर्फ मोनू (38) की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी अमित डागर ने बताया कि वह सरिता से बेटी को घर भेजने के लिए कह रहा था कि हमारे घर में रक्षाबंधन का त्योहार हो जाएगा। लेकिन सरिता नहीं मानी और अपनी बेटी को नहीं भेजा। इस पर गुस्साए अमित और नितिन ने दो दिन पहले मनोज की हत्या की साजिश रची। वहीं अमित ने सरिता के नाम करीब डेढ़ करोड़ रूपये कीमत के दो मकान खरीदें थे। अमित का कहना है कि सरिता उन्हें मनोज की मदद से बेचने का प्रयास कर रही थी। जिसका वह विरोध कर रहा था। पुलिस ने बताया कि अमित डागर, नितिन डागर और पालू ने अधिवक्ता मनोज चौधरी हत्याकांड को अंजाम दिया था। तीनों ब्रेजा कार से तहसील पहुंचे थे। नितिन चैंबर के अंदर गया था, नितिन ने ही मनोज के गोली मारी थी। अमित और पालू चैंबर के बाहर खड़े रहे थे। इसके बाद तीनों कार से भाग गए। कार चिरंजीव विहार में अमित ने अपने घर पर खड़ी की। इसके बाद गांव दुहाई चले गए।

## ग्रेनो में पुलिस मुठभेड़ में 4 बदमाश गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इसके बाद पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया। यह लोग रात्रि में दुकानों का शटर तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। पुलिस शारदा गोलचक्कर के पास चेकिंग कर रही थी तभी पुलिस को एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी आती दिखाई दी। इसमें कुछ संदिग्ध सवार थे। पुलिस ने उस गाड़ी को चेकिंग के लिए रोका, लेकिन उन लोगों ने अपनी गाड़ी को दौड़ा दिया। पुलिस ने जब उन लोगों का पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी उन लोगों पर जवाबी फायरिंग की। इस दौरान घबराकर वह गाड़ी छोड़कर भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने उन लोगों को पकड़ लिया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान किसी भी बदमाश बोली नहीं लगी। पुलिस ने इस दौरान धर्मेन्द्र, सन्तोष, मुकेश और फैयाज को गिरफ्तार कर लिया। इन लोगों के कब्जे से एक स्विफ्ट कार, तमंचा-कारतूस और चोरी किया गया सामान बरामद किया। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी ने बताया कि आज चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में चार चोरों को गिरफ्तार किया गया है। यह आरोपी रेकी करने के बाद चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे।

# अमेजन के मैनेजर की हत्या : दो गिरफ्तार

## गली से बाइक निकालने को लेकर विवाद हुआ था, हमलावरों ने सिर में गोली मारी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में मंगलवार को अमेजन के एक सीनियर मैनेजर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, हरप्रीत गिल को सिर में गोली मारी गई है। 36 साल के हरप्रीत गिल भजनपुरा में गली नंबर 1 में रहते थे। मामला रोड रेज का बताया जा रहा है। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली नॉर्थ-ईस्ट के डीसीपी जॉय एन तिर्की ने बताया कि मामले में 18 साल के बिलाल गनी उर्फ मल्लू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को रात करीब 2 बजे सिग्नेचर



ब्रिज के पास से पकड़ा गया। 29 अगस्त को गिरफ्तार आरोपी अपने 4 अन्य साथियों के साथ मृतक और घायल व्यक्ति के साथ रोड रेज में शामिल था। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है।

### 5 हमलावर थे, दो ने पीछे से की फायरिंग

गिल अपने साथी गोविंद के साथ मंगलवार रात करीब 12 बजे बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान दो टू-व्हीलर से आए 5 हमलावरों ने दोनों पर फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां अमेजन के सीनियर मैनेजर गिल की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल उनके दोस्त गोविंद का इलाज चल रहा है। 32 साल के गोविंद भजनपुरा में ही हंग्री बर्ड के नाम से मोमोज की दुकान चलाते हैं। उनके भी सिर में गोली लगी। उन्हें एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया है। गोविंद रिश्ते में हरप्रीत का मामा लगता था। नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के डीसीपी जॉय टिर्की ने बताया- हमलावरों की पहचान करने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की पड़ताल की जा रही है। गोली गिल के सिर के दाहिनी ओर से कान के पीछे घुसी और दूसरी तरफ पार हो गई।

# अखिल भारतीय कॉलेजों ने यूजीसी और एआईसीटीई से प्रवेश की कटऑफ तिथि बढ़ाने का आग्रह किया

## उत्तर भारत में बाढ़ और उत्तर पूर्व में समस्या मांग की बड़ी वजह हैं

नई दिल्ली। फेडरेशन ऑफ सेल्फ फाइनेंसिंग टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस, ऑल इंडिया (एफएसएफटीआई) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई), नई दिल्ली से सभी अनुमोदित कॉलेजों में तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश की कट-ऑफ तिथि 30 अक्टूबर, 2023 तक बढ़ाने का आग्रह किया है।

### उत्तर में बाढ़ से प्रवेश प्रक्रिया प्रभावित

डॉ. अंशू कटारिया, अध्यक्ष, एफएसएफटीआई; अध्यक्ष, पंजाब अनएडेड कॉलेजेज एसोसिएशन (पीयूसीए) और चेयरमैन , आर्यन्स ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, राजपुरा, निकट चंडीगढ़ ने कहा कि हर कोई इस तथ्य से अवगत है कि पूरे उत्तर भारत में विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और हरियाणा, जम्मू और जम्मू के कुछ हिस्सों में बाढ़ आई है। कश्मीर आदि ने सभी को गंभीर रूप से प्रभावित किया है और अन्य राज्यों से कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण छात्र विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन नहीं कर सके। कटारिया ने कहा, इतना ही नहीं हिमाचल में 300 से अधिक सड़कें एक महीने से अधिक समय तक देश के अन्य हिस्सों से कटी हुई हैं।

### उत्तर पूर्व में समस्या- एक अन्य प्रमुख कारक

आरएस मुनिराथिनम, संरक्षक, एफएसएफटीआई और डॉ. केवीके राव, महासचिव, एफएसएफटीआई ने कहा कि पूर्वोत्तर के इच्छुक छात्र भी क्षेत्र में समस्या के कारण अपने प्रिय पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन नहीं कर सके। मणिपुर में लंबे समय तक कर्फ्यू और इंटरनेट की अनुपलब्धता रही। उन्होंने कहा कि इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए प्रवेश की अंतिम तिथि को कम से कम 2 महीने के लिए बढ़ाया जाना चाहिए। एआईसीटीई के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार सत्र 2022-23 के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर थी और यूजीसी अधिसूचना संख्या एफ. नंबर 1-12/2022 (डीबी) के अनुसार, अंतिम तिथि 31 अक्टूबर थी। इस वर्ष, छात्र सत्र 2023-24 के लिए चिंतित हैं क्योंकि विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2023 है और लाखों छात्रों को उपरोक्त कारणों से सीटें नहीं मिल पाएंगी।

## गांवों की सभी मांगो को लेकर पंचायते, महापंचायत में पहुंचे: थान सिंह यादव

नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ दिल्ली प्रदेश ने दिल्ली के सभी गांवों के पंचायत प्रमुखों को गांवों पर भारी भरकम शहरी क्षेत्र के हिसाब से थोपें जा रहे हाऊस टैक्स व पंचायत संघ की 18सूत्री मांगो को लेकर गांव पंचायत पीरागढी द्वारा बुलाई गई पंचायत में 3 सितंबर को शामिल होने आग्रह किया है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा हम लगातार पिछले दो तीन वर्षो से गांवों व गांवों की बढी हुई आबादी के लिए शासन प्रशासन से मांग करते आ रहे हैं। जिसमें गांवों को पहले मालिकाना हक दे सरकार। कयोंकि हम आज भी अंग्रेजों द्वारा बनाया हुआ लाल डोरा में कैद हैं।वहीं दूसरी ओर हमारी कृषि भूमि कोडियो के भाव जबरदस्ती अधिग्रहण कर लिया। जिसमें काफी भूमि आज भी खाली है। जिसको वापिस करें सरकार। गांवों की बेरोजगारी खत्म करने के लिए गांवों को व्यवसायिक श्रेणी में करे सरकार। गांवों को दिल्ली नगर निगम के सभी करो से मुक्त करे सरकार। जिसमें हाऊस टैक्स, कन्वर्जन चार्ज,पार्किंग आदि।गांवों को भवन उप नियम से बहार करे सरकार।ताकि बिना दिक्कत के मकान बना सके।गांवों के भूमि पर बने कॉलेजो, स्कूलों में दाखिले का शत प्रतिशत आरक्षण करें सरकार।दिल्ली सरकार व दिल्ली नगर निगम की सभी नौकरियों में गांवो के युवाओं के लिए शत प्रतिशत आरक्षण करें सरकार। आदि मांगो को लेकर पंचायत में पहुंचे। पंच प्रमुख विनोद शौकीन पीरागढी पंचायत ने कहा कि इस पंचायत में 360 पालम खाप, 52गांव खाप,17 गांव खाप ओर सभी खापो की उपस्थिति रहने वाली है। इसलिए दिल्ली की सभी ग्राम पंचायतों का पहुंचना जरूरी है ताकि एक मंच से दिल्ली गांवों,किसानों व अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद तरीके से शासन प्रशासन के पास पहुंचाने का काम हो ताकि वे इन्हे मंजूर करें।

## नर्सिंग कर रही नाबालिग से अस्पताल संचालक ने किया दुष्कर्म

**गौतम बुद्ध नगर।** सेंट्रल नोएडा में एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। किशोरी एक अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ का कोर्स कर रही थी।

अस्पताल के संचालक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की वारदात अंजाम दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, सेंट्रल नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र के तिगड़ी में स्तिथ एक अस्पताल में 17 वर्षीय किशोरी नर्सिंग स्टाफ का कोर्स सीख रही थी। किशोरी ने थाने पर आकर शिकायत दी कि उसके साथ अस्पताल के मालिक ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है।

किशोरी द्वारा शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और आरोपी की तलाश में जुट गई।

# भाजपा ने हिंदुओं की भावनाओं को किया आहत : 'आप'

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में फव्वारों को शिवलिंग का रूप देकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देशभर के हिंदुओं की भावनाओं को आहत किया है।

'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राजेंद्र नगर के विधायक प्रभारी दुर्गेश पाठक ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश से हमें हज़ारों लोगों के फोन आ रहे हैं कि दिल्ली में भाजपा और देश के प्रधानमंत्री




क्या कर रहे हैं। जब देश में जी-20 जैसा इतना बड़ा कार्यक्रम हो रहा है ऐसे समय में भाजपा ने इस देश के हिंदुओं के साथ जो किया है, उससे शिव भक्त और हिंदू धर्म के लोग बहुत क्रोधित हैं। उन्होंने एक तस्वीर दिखाते हुए कहा, यह फोटो एनडीएमसी क्षेत्र का है, जो केंद्र के अधीन आता है। वहां के एक चौराहे पर फव्वारों को शिवलिंग की शक्ल दी गई है। फव्वारे से शिवलिंग के ऊपर गंदा पानी गिर रहा है। यह फोटो करोड़ों हिंदुओं के चेहरे पर एक तमाचा है। जो लोग भगवान शिव में आस्था रखते हैं, सभी जानते हैं कि कितना गलत काम किया गया है।

'आप' विधायक ने कहा, भगवान के नाम पर भाजपा वाले वोट तो मांगना जानते हैं लेकिन भगवान की पूजा कैसे करनी है, वह इनको नहीं पता है। आज जब पूरी दुनिया के लोग दिल्ली आने वाले हैं, इस तरह शिवलिंग का अपमान करना करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने वाली बात है। आम आदमी पार्टी और देश के सभी हिंदू यह मांग करते हैं कि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को तुरंत उनके पद से हटाया जाए। भाजपा को पूरे देश से मांफी मांगनी चाहिए।

# स्कूलों में हो रही घटनाओं पर केजरीवाल सरकार हो गई संवेदनहीन : बिधूड़ी

## बच्चों की मौत और रेप जैसी घटनाओं को दबाया जा रहा है, शिक्षा मंत्री आतिशी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए दें इस्तीफा

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि सरकारी स्कूलों में बच्चों के साथ लगातार हो रही घटनाओं के प्रति केजरीवाल सरकार संवेदनहीन हो गई है। सिविल लाइंस में मुख्यमंत्री के घर के पास एक बच्ची स्कूल की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत का शिकार हो जाती है, रोहिणी में दो बच्चों के साथ कुकर्म जैसी शर्मनाक घटना होती है और मिड डे मील खाकर बच्चे बीमार पड़ रहे हैं लेकिन शिक्षा मंत्री को ऐसी घटनाओं में कोई गंभीरता नजर नहीं आती। उन्होंने इन घटनाओं पर शिक्षा मंत्री आतिशी के इस्तीफे की मांग की है।

बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली के स्कूलों में बच्चे मानसिक दबाव में जी रहे हैं। सिविल लाइंस स्कूल में 29 अगस्त को 12वीं क्लास की एक छात्रा तीसरी मंजिल से गिरकर मौत का शिकार हो गई। अभी पुलिस इस मामले की जांच कर रही है लेकिन दिल्ली की शिक्षा मंत्री बताएं कि उन्होंने इस मामले में क्या कार्रवाई की। स्कूलों में आम आदमी पार्टी के नेताओं को घुसाकर मेनेजमेंट



कमेटी बना दी गई हैं लेकिन बच्चों की काउंसलिंग का क्या इंतजाम किया गया है? सच्चाई यह है कि स्कूलों में हो रही ऐसी घटनाओं को लगातार दबाया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि रोहिणी में अप्रैल में समर कैंप के दौरान दो बच्चों के साथ रेप की घटना हुई लेकिन एसएमसी ने इस घटना की सूचना नहीं दी।

टीचर्स के खिलाफ तो मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कार्रवाई का आदेश दे दिया लेकिन मेनेजमेंट कमेटी इस मामले को दबाकर क्यों बैठी रही। खुद सरकार ऐसे मामलों को लगातार दबा रही है। बिधूड़ी ने कहा कि 20 दिन पहले दिल्ली के एक सरकारी स्कूल में मिड डे मील खाकर बच्चे बीमार हो गए थे लेकिन शिक्षा विभाग आज तक यह पता नहीं लगा पाया कि आखिर इसकी वजह क्या थी। इसकी बजाय जहरीली गैस को दोषी बताकर मामले की लीपापोती की गई।

बिधूड़ी ने कहा कि आतिशी केवल झूठे प्रचार से स्कूलों में सुधार के दावे कर रही हैं।

सच्चाई यह है कि दिल्ली के स्कूलों में अपराध और अनेपक्षित घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इन घटनाओं को दिल्ली सरकार द्वारा लगातार दबाया जा रहा है।

# बिजली के खम्बों पर 1200 एलईडी पैनल लगाए और 250 इलेक्ट्रिक बॉक्सों को दिया नया रूप

नई दिल्ली। शहर के दृश्यसौंदर्य को बढ़ाने और भारत के माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित जी 20 के दृष्टिकोण से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने अपने इलेक्ट्रिक पोलों पर 1200 छोटे एलईडी पैनल इंस्टॉल किए और साथ ही, 250 इलेक्ट्रिक बॉक्सों को नये रूप में परिपूर्ण किया यह जानकारी नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष - सतीश उपाध्याय ने दी । उन्होंने कहा कि सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन वातावरण बनाने के महत्व को स्वीकार करते हुए, एनडीएमसी ने न केवल शहरी परिदृश्य को बढ़ाने के लिए बल्कि सार्थक तरीके से जी20 समिट में योगदान देने के लिए इस महत्वाकांक्षी परियोजना को किया। उन्होंने कहा, परिणामस्वरूप, बिजली के बक्से, जिन्हें नए रंग की जरूरत थी उन्हें रचनात्मकता और संस्कृति के जीवंत प्रदर्शन में बदल दिया गया है । उन्होंने बताया कि ये मनमोहक एलईडी पैनल कोई सामान्य इंस्टॉलेशन नहीं हैं; वे संदेशों, छवियों और तस्वीरों से सुसज्जित हैं जो भारतीय संस्कृति, जानवरों, कलाकृतियों आदि को प्रदर्शित कर रहे हैं । इसके अतिरिक्त, जी20 लोगो प्रदर्शित करते हैं, जो इस वर्ष के लिए जी20 अध्यक्ष के रूप में भारत की भूमिका का प्रतीक है। दृश्यों का यह विचारशील एकीकरण शहर के परिदृश्य में भव्यता का स्पर्श जोड़ता है, और रात के समय वहां से गुजरने वालों के लिए रौशनी के साथ एक मनोरम प्रभाव पैदा करता है। उपाध्याय ने कहा कि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद जी20 शिखर सम्मेलन की शानदार सफलता सुनिश्चित करने के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप व्यापक पहलों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है।

# संपादकीय

## दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था अभी हकीकत से कोसों दूर

असली चुनौती शैक्षिक माहौल को बेहतर करने और उसकी गुणवत्ता में सुधार करने के साथ-साथ शिक्षकों और विद्यार्थियों के सोचने-समझने के तौर-तरीके में बदलाव लाने की आवश्यकता है।

दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार आए दिन यहां के सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को बेहतरीन और आदर्श उदाहरण बताती रहती है। इस बात का हवाला दिया जाता है कि हाल के वर्षों में दिल्ली के सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदल गई है और देश-विदेश में इसे दर्ज किया जा रहा है। अगर ऐसा सचमुच हो तो यह किसी के लिए भी खुश होने वाली बात हो सकती है। खासतौर पर देश भर में सरकारी स्कूलों की बदहाली की जैसी स्थितियां बनी हुई हैं, उसमें यह उत्साह जगाने वाली बात है। लेकिन अगर इस तरह के प्रचार के अनुपात में वास्तविक प्रगति और शैक्षिक गुणवत्ता का सवाल कसौटी पर हो तो यह सवाल स्वाभाविक है कि आखिर सरकार स्कूली शिक्षा की तस्वीर को बदल डालने के मामले में किस तरह की उपलब्धियों का दावा करती है!

यों दिल्ली के कई स्कूलों में अव्यवस्था या लापरवाही की खबरें अक्सर आती रहती हैं। लेकिन स्कूल परिसर में अब कई बार छात्रों के बीच आपराधिक हरकतों और कुछ शिक्षकों की गैरजिम्मेदारी के जैसे मामले सामने आ रहे हैं, उससे लगता है कि दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था के बारे में सरकारी प्रचार और दावे अभी हकीकत से दूर हैं। दरअसल, मंगलवार को दिल्ली के दो सरकारी स्कूलों के बारे में आई खबर यह सोचने पर मजबूर करती है कि ये परिसर व्यवस्थागत स्तर पर विद्यार्थियों के लिए कितने सुरक्षित हैं और शिक्षक अपने दायित्वों को लेकर कितने सजग हैं! गौरतलब है कि दिल्ली के एक स्कूल के दो छात्रों ने पुलिस को दी गई अलग-अलग शिकायत में कहा कि उनके पांच-छह सहपाठियों ने स्कूल के ग्रीष्मकालीन शिविर में उनका यौन उत्पीड़न किया था। अफसोसनाक यह भी है कि पीड़ित छात्रों ने इसकी जानकारी शिक्षकों और उपप्रधानाचार्य को दी। लेकिन किसी शिक्षक ने इसकी सूचना पुलिस या अन्य उच्च अधिकारी को नहीं दी। अब दिल्ली की मौजूदा शिक्षा मंत्री का कहना है कि यह स्थिति न सिर्फ अनैतिक है, बल्कि गैरकानूनी भी है। दरअसल, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम यानी पाक्सो के तहत यह प्रावधान है कि अगर किसी वयस्क को बच्चे के यौन उत्पीड़न के बारे में पता हो और वह संबंधित प्राधिकार को इसकी सूचना न दे तो यह गैरकानूनी है। क्या उस स्कूल के शिक्षकों और उपप्रधानाचार्य को अपने इस दायित्व की जानकारी नहीं थी या फिर उन्होंने इस मामले की अनदेखी की? अब उन्हें निलंबित किया गया है, लेकिन क्या इतने भर से इस समस्या की व्यापकता और गंभीरता का हल निकाल लिया जाएगा? असली चुनौती शैक्षिक माहौल को बेहतर करने और उसकी गुणवत्ता में सुधार करने के साथ-साथ शिक्षकों और विद्यार्थियों के सोचने-समझने के तौर-तरीके में बदलाव लाने की है। लेकिन संसाधनों के स्तर पर कुछ स्कूलों को चमकाने से वैचारिक और व्यवहारगत जड़ता को दूर नहीं किया जा सकता। इसका एक उदाहरण यह भी सामने आया कि दिल्ली के ही एक स्कूल में एक शिक्षिका पर यह आरोप लगा कि उसने अल्पसंख्यक समुदाय के चार छात्रों पर धार्मिक लिहाज से अपमानजनक और सांप्रदायिक टिप्पणी की। इस मामले में भी प्राथमिकी दर्ज की गई। सवाल है कि विदेश भेज कर शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिलाने के दावे के समांतर कुछ शिक्षकों के भीतर गहरे पैठी ऐसी संकीर्णता और कुंठाओं को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार क्या योजना चलाती है! स्कूलों में बच्चों के किसी अपराध का शिकार होने की स्थिति में या उनकी सामाजिक पहचान को निशाना बनाने के मामले में अगर कुछ शिक्षकों का भी ऐसा रवैया सामने आता है तो यहां की शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार करने और इसके आदर्श होने का ढिंढोरा पीटने का क्या अर्थ रह जाता है?

## चीन ने सीमा विवाद को और जटिल बना दिया

चीन विस्तारवाद की अपनी बेलगाम भूख की वजह से अपने पड़ोसी देशों को ही अगर तंग करता है और उनकी सीमाओं का अतिक्रमण करता है तो उसके सार्वजनिक दावों और वादों को किस तरह देखा जाएगा?

एक तरफ भारत के साथ विवाद के मुद्दों पर बातचीत और उसे सुलझाने के लिए सहमति देने और दूसरी ओर जिन मसलों पर टकराव है, उसी को और जटिल बनाने की कोशिश करके चीन आखिर क्या हासिल करना चाहता है? पिछले कुछ वर्षों से लगातार चीन अपने इसी चेहरे के साथ पेश हो रहा है और दुनिया के सामने खुद को मासूम भी बताता रहता है।

उसकी ताजा हरकत एक बार फिर यही साबित करती है कि या तो वह सीमा से जुड़े विवाद को और जटिल बनाना चाहता है या फिर अपनी अवांछित गतिविधियों से भारत को चिढ़ाना चाहता है। सवाल है कि दुनिया भर में अपने महाशक्ति होने का दंभ भरते हुए ऐसी निम्न स्तर की हरकतों के जरिए चीन क्या संदेश दे रहा है? खबरों के मुताबिक, चीन ने 'राष्ट्रीय मानचित्र जागरूकता प्रचार सप्ताह' के तहत सोमवार को 2023 के 'मानक मानचित्र' का नया संस्करण जारी किया है, जिसमें उसने अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन सहित भारत के कई इलाकों को अपने क्षेत्र में दिखाया है। सीमा पर अलग-अलग तरीके से घुसपैठ और तनाव पैदा करने की कोशिशों से इतर यह दस्तावेजी तौर पर चीन की ऐसी हरकत है, जो उसके एजंडे को दर्शाती है। स्वाभाविक ही भारत ने चीन के इस कथित नए नक्शे पर सख्त आपत्ति जाहिर की और उसके बेतुके दावे का कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में साफ कहा गया कि चीन के जिस तथाकथित 'मानक मानचित्र' में भारत के इलाकों पर दावा किया गया है, उस पर हमने कूटनीतिक माध्यमों के जरिए सख्त विरोध जताया है।

बयान में यह भी कहा गया है कि हम इस तरह के बेबुनियाद दावों को खारिज करते हैं; चीन की ओर से अगर इस तरह के कदम उठाए जाते हैं तो यह सीमा संबंधी विवादों को सुलझाने की जगह इसे और ज्यादा उलझाएंगे। चीन ने जिन इलाकों को अपने नक्शे में दर्शा दिया है, उन पर वह पहले भी दावा जताता रहा है। यों भारत को अपनी ही सीमा के बारे में बताने की जरूरत पड़ रही है तो इससे चीन की मंशा का ही पता चलता है।

हालांकि यह भी सही है कि अगर चीन ने महज कथित नया नक्शा जारी कर दिया है तो सिर्फ इतने से भारत का कोई हिस्सा उसका नहीं हो जाता है। भारत का अपना क्षेत्र क्या है और उसे कैसे संभालना है, इसके बारे में किसी अन्य देश को बताने या उससे पूछने की जरूरत नहीं है।

इसलिए इस संबंध में विदेश मंत्री जयशंकर ने चीन को ठीक जवाब दिया है कि बेतुके दावे कर देने से दूसरे लोगों का क्षेत्र आपका नहीं हो जाता है। हैरानी की बात यह है कि नए नक्शे के जरिए इस मामले को तूल देने की कोशिश तब सामने आई है, जब हाल ही में दक्षिण अफ्रीका में हुए ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री और चीन के राष्ट्रपति के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के मुद्दे पर हुई चर्चा को सकारात्मक दिशा में बढ़ने वाला बताया गया था।

सवाल है कि एक ही समय में दो चेहरे के साथ चीन किस तरह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद को एक ऐसे देश के रूप में पेश कर पाता है कि वह विश्व भर में विकास और अर्थव्यवस्था के स्वरूप को संतुलित और न्यायपूर्ण बनाए जाने को लेकर प्रतिबद्ध है? विस्तारवाद की अपनी बेलगाम भूख की वजह से वह अपने पड़ोसी देशों को ही अगर तंग करता है, उनकी सीमाओं का अतिक्रमण करता है तो उसके सार्वजनिक दावों और वादों को किस तरह देखा जाएगा?

## किसी पर भ्रष्टाचार के आरोप तो कोई जमानत पर घूम रहा, ऐसे नेताओं वाला गठबंधन कैसे ईमानदार सरकार दे पायेगा ?



इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता और गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी हासिल करने के सबसे बड़े इच्छुक राहुल गांधी खुद ही कई मामलों में जमानत पर चल रहे हैं। यहां तक कि वह अपने पारिवारिक गढ़ अमेठी से अपना पिछला लोकसभा चुनाव तक हार चुके हैं।

विपक्षी गठबंधन इंडिया की मुंबई बैठक से पहले ही जिस तरह इसके घटक दलों की ओर से अपने अपने नेता को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाये जाने की मांग की जा रही है वह जरा भी आश्चर्यजनक दृश्य नहीं है। दरअसल विपक्षी गठबंधन में शामिल विभिन्न दलों के नेताओं की अपनी अपनी महत्वाकांक्षाएं हैं। कुछ लोग प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी चाहते हैं तो कुछ की चाह इस गठबंधन का राष्ट्रीय संयोजक बनने की है। कुल मिलाकर देखा जाये तो स्थिति एक अनार सौ बीमार वाली है। सवाल उठता है कि जब नेतृत्व को लेकर ही इतना झगड़ा है तो सीटों के बँटवारे जैसे सबसे मुश्किल काम को कैसे अंजाम दिया जायेगा?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए की पिछली बैठक को कट्टर भ्रष्टाचारियों का सम्मेलन करार दे चुके हैं इसलिए सवाल उठता है कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों कहा? जवाब ढूंढ़ने के लिए जरा इस गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं के नामों पर नजर घुमाएंगे तो पाएंगे कि इनमें कई ऐसे हैं जो घोटाले या अन्य मामलों का सामना कर रहे हैं तो कई ऐसे भी हैं जोकि जमानत पर बाहर चल रहे हैं। मंच पर बैठे नेताओं की तस्वीरें देखते जाइये और उनसे जुड़े मामलों के बारे में सर्च करते जाइये आपको पता चल जायेगा कि यह सब क्यों एकत्रित हुए हैं। यही नहीं, इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेता और गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी हासिल करने के सबसे बड़े इच्छुक राहुल गांधी खुद ही कई मामलों में जमानत पर चल रहे हैं। यहां तक कि वह अपने पारिवारिक गढ़ अमेठी से अपना पिछला लोकसभा चुनाव तक हार चुके हैं।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, जिनको उनकी पार्टी प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाये जाने की मांग कर रही है, उनके बारे में यह जान लेना बहुत जरूरी है कि वह राज्य में मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए मात्र दो दिन अपने कार्यालय गये थे। अपने पिता की ओर से स्थापित राजनीतिक सिद्धांतों को उन्होंने तिलांजलि देकर कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ सरकार बनाई थी और हिंदुत्व के मुद्दे को किनारे रख दिया था। वह मुख्यमंत्री के रूप में कितने सक्षम थे इसका अंदाजा तब भी लग गया था जब उनको कानों कान खबर नहीं लगी थी और एकनाथ शिंदे पार्टी और सरकार उनसे झटक लेने में सफल रहे थे। इसके अलावा उनकी सरकार पर कोरोना काल में भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे थे।

प्रधानमंत्री पद का सपना वर्षों से अपने मन में संजोए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बात करें तो सवाल उठता है कि आखिर ऐसे व्यक्ति को जनता कैसे स्वीकार कर सकती है जिसने लगभग दो दशकों के अपने शासन के बावजूद अपने राज्य को हर मायने में देश का सबसे पिछड़ा राज्य बनाये रखा। नीतीश कुमार जैसे व्यक्ति पर आखिर जनता कैसे भरोसा कर सकती है जो अपने फायदे को देखते हुए समय-समय पर गठबंधन ही बदलते रहते हैं?

प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी हासिल करने के लिए लालायित नेताओं में अरविंद केजरीवाल की बात करें तो आपको याद दिला दें कि उनकी सरकार पर तो भ्रष्टाचार के ऐसे गंभीर आरोप हैं कि उनके उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया छह महीने से जेल में बंद हैं तथा एक और मंत्री की भ्रष्टाचार मामले में साल भर से ज्यादा समय बाद जमानत हुई वह भी खराब स्वास्थ्य के चलते। दिल्ली के मुख्यमंत्री राज्य के उपराज्यपाल के साथ जिस तरह का रुख रखते हैं उसका सीधा असर प्रशासन पर पड़ता है जिसका खामियाजा आखिरकार जनता को ही उठाना पड़ता है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री पद की एक और उम्मीदवार ममता बनर्जी की बात करें तो उनके मुख्यमंत्रित्व काल में पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र, कानून व्यवस्था और प्रशासन की क्या स्थिति है यह किसी से छिपा नहीं है। उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। खुद उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी भ्रष्टाचार के कई मामलों का सामना कर रहे हैं। ममता दीदी के राज में मंत्री और उनकी गर्ल फ्रैंड के घर से नोटों के ऐसे पहाड़ मिले थे जिसके चर्चे पूरी दुनिया में रहे थे। अदालतें तक कई बार पश्चिम बंगाल सरकार पर कड़ी टिप्पणी कर चुकी हैं।

प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी हासिल करने के नये इच्छुक अखिलेश यादव की बात करें तो उनके बारे में तो उनके पिताजी ही कह कर गये हैं कि जो अपने पिता का नहीं हुआ वह दूसरों का क्या होगा।

अखिलेश यादव को लगातार दो चुनावों से उत्तर प्रदेश की जनता ने मुख्यमंत्री पद के लायक भी नहीं समझा ऐसे में सवाल उठता है कि वह खुद में प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी कैसे देख रहे हैं?

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी हासिल करने के तो आकांक्षी नहीं लग रहे लेकिन उनके गठबंधन में बने रहने का कारण खुद को बचाने की कवायद ही समझ आता है। यह सर्वविदित है कि हेमंत सोरेन और उनकी सरकार से जुड़े कई लोगों के खिलाफ मामले चल रहे हैं। इसके अलावा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव तथा उनके परिवार के अन्य सदस्य भी भ्रष्टाचार के तमाम मामलों से घिरे हुए हैं और लगातार जमानत पर चल रहे हैं। इसी तरह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के मंत्री भी जिस तरह भ्रष्टाचार के मामलों में पकड़े जा रहे हैं उससे भी यही लगता है कि भ्रष्टाचार के मामलों से घिरीं सारी पार्टियों के नेता एक मंच पर इसलिए जुट रहे हैं ताकि अपनी शक्ति बढ़ाकर वह बच सकें। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर से फारुख अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती का अब कोई आधार नहीं बचा है इसलिए वह विपक्षी मंच पर जुट रहे हैं ताकि अपना राजनीतिक वजूद बचाये रखा जा सके।

जहां तक शरद पवार की बात है तो अब वह सिर्फ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक ही रह गये हैं क्योंकि पार्टी पर तो उनके भतीजे अजित पवार का कब्जा हो चुका है। पवार कहने को इंडिया गठबंधन के मंच पर हैं लेकिन उनकी राजनीति पलटी मारते रहने की रही है।

बहरहाल, अब जनता को तय करना है कि तेजी से आगे बढ़ती दुनिया के साथ कदमताल करने और उससे आगे निकलने के लिए हमें खिचड़ी सरकार की जरूरत है या फिर कड़े और बड़े निर्णय लेने वाली स्पष्ट बहुमत वाली सरकार की?

## इसरो के साथ अन्य क्षेत्र के वैज्ञानिकों को अनंत बधाइयां

भारत के कृषि, चिकित्सा,संचार और स्पेस अनुसंधान के वैज्ञानिकों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वैज्ञानिक उन्नत पद्धति देश की आर्थिक विकास की आधारशिला है और चंद्रयान तीन की चंद्रमा पर पहुंचने की महान सफलता ने न सिर्फ स्पेस रिसर्च में विश्व में भारत को अग्रणी पंक्ति में प्रथम स्थान दिलाया है बल्कि देश के आर्थिक विकास में भी महती योगदान दिया है। इसरो के साथ सभी क्षेत्र के वैज्ञानिकों को अनंत बधाइयां ।

सदियों से हर समाज गरीबी की कठिन परिस्थिति का सामना करता रहा है। गरीबी किसी मनुष्य को इस कदर मजबूर कर देती है कि वह अपने जीवन की जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता है। इसके कारण भुखमरी कुपोषण और साक्षरता बेरोजगारी जैसी न जाने कितनी समस्या गरीब इंसान खेलता है। प्राचीन काल से ही की उत्तम शासन का लक्ष्य गरीबी हटाना व प्रजा के दुख दर्द हटाने के उचित उपाय करने को माना गया है। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में लिखा है कि प्रजा के सुख में ही राजा का सुख निहित है, प्रजा के हित में ही उसे अपना हित देखना चाहिए। इसीलिए अशोक महान से लेकर अकबर और वर्तमान प्रजातंत्र में हर प्रधानमंत्री गरीबी हटाने के मूल मंत्र को लेकर आगे विकास की बात तय करते हैं। आधुनिक काल में जब शासन कल्याणकारी बनने लगा तो जनता के हित सर्वोच्च लक्ष्य बन गया और गरीबी हटाने के मुहिम जोर शोर से चलने लगे, इसमें काफी हद तक सफलता भी प्राप्त की गई है।

जापान आज की स्थिति में विकसित राष्ट्र माना जाता है। पर इसे देखकर निश्चित तौर पर आश्चर्य होता है की यह एक ऐसा देश है जिसके पास में पर्याप्त प्राकृतिक साधन है न ही सुरक्षित निवास स्थान फिर भी लगातार दुनिया की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होता है। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका झेलने के बाद यह देश ना जाने कितने भूकंप और प्राकृतिक आपदाओं का सामना निरंतर करता आया है, इसके बावजूद जापान सफल समृद्धि तथा गौरवशाली राष्ट्र बन चुका है, निसंदेह इसके पीछे विज्ञान तकनीकी का वृहद तथा व्यापक प्रयोग ही है।

दूसरी तरफ एशिया, अफ्रीका के कई देश हैं, जिनके पास भरपूर प्राकृतिक संसाधन हैं, वे आज भी गरीबी पिछड़ापन को नहीं हटा पाए इसका एक बड़ा कारण पुरानी शैली पर टिका हुआ विकास है। विज्ञान अपनी क्षमता से विकास के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की ताकत रखता है। पश्चिमी कई देश साधन विहीन होने के पश्चात भी अत्यंत विकसित एवं संपन्न राष्ट्र बने विज्ञान की तकनीकी का भरपूर इस्तेमाल कर वे अपने राष्ट्र को समृद्ध कर पाए हैं। यह तो तय है और स्पष्ट है कि व्यापक गरीबी का निवारण पिछड़े विकास के साधनों से संभव नहीं है, पुराने तरीके जहां अधिक संसाधन समय लेते हैं उसके परिणाम में कम उत्पादन कम मूल्य प्रदान करते हैं। इसीलिए वैश्विक स्तर पर अब विज्ञान आधारित विकास से गरीबी मिटाने तथा विकास की नई इबारत लिखने की प्रतिस्पर्धा बढ़ चुकी है। गरीबी का सबसे भयानक रूप भुखमरी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है किंतु अब विज्ञान के प्रयोग से काफी कम हो चुकी है। भारत जैसा विशाल जनसंख्या वाला देश कभी भूख से कराह रहा था, पर आज अनाज का निर्यातक बन कर 140 करोड़ जनता का पेट भी भर रहा है और अनाज निर्यात भी कर रहा है।

## बेरुखी का तेरी सबब मैं परिंदा हूँ,

बेरुखी का तेरी सबब मैं परिंदा हूँ,
बताऊं क्या तुझे मै कैसे जिंदा हूं।।

हस्तियां मिट जाती हैं वक्त के साथ,
इंसानियत रखता हूं वह घरौंदा हूं।

जीते-जागते लोगों पर फेंकते हैं पत्थर ।
जमाने की हरकत पर बेहद शर्मिंदा हूं।

बढ़ते नहीं हाथ लोगों के मदद के लिए ।
दूर से देखता तमाशा, कहता नेक बंदा हूं ।।

मुड़कर उसने एक बार नहीं देखा मुझे।
कहते हैं, मैं उसका खास और चुनिंदा हूं ।

जख्मों में नमक तो छिड़केगे लोग संजीव ।
फरेब से उसके जख्मों का पुलिंदा हूँ।।



संजीव ठाकुर
रायपुर

## राजस्थान में परिवर्तन यात्राओं के सहारे भाजपा



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान भाजपा में आपसी गुटबाजी खुलकर उजागर हो रही है। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित सभी बड़े नेता अपने को फ्रंट में लाने के प्रयास में लगे हुयें हैं। वसुंधरा समर्थको को मानना है कि उनको ताकत दिखाने का अब अंतिम अवसर है। यदि इस बार चूक गए तो फिर मुख्य धारा की राजनीति में पिछड़ जाएंगे। वसुंधरा समर्थक कई विधायकों को तो इस बात का डर भी सता रहा है कि यदि मैडम राजनीतिक रूप से कमजोर होती है तो उनकी टिकट भी खतरे में पड़ सकती है। इसीलिए वसुंधरा के सभी समर्थक जोर दे रहे हैं की मैडम पार्टी आलाकमान से दो टूक बात करें।

पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व भी राजस्थान में भाजपा की फूट को लेकर पूरी तरह सतर्क है। भाजपा आलाकमान जानता हैं कि राजस्थान भाजपा में सभी नेताओं के अपने-अपने गुट बने हुए हैं। जिसके चलते सभी एक दूसरे की टांग खींचाई करने में लगे हुए हैं। भाजपा ने अपने प्रादेशिक नेताओं की आपसी खेतान के चलते ही प्रदेश के चार क्षेत्रों में निकली जाने वाली परिवर्तन संकल्प यात्रा का नेतृत्व किसी भी बड़े नेता को नहीं सौंपा है। भाजपा चारों यात्राओं का नेतृत्व सामूहिक रूप से करने का निर्णय लिया है। ताकि यात्रा के बहाने कोई नेता खुद को बडा नहीं दिखा सके। यात्रा के संयोजन की जिम्मेदारी पार्टी ने दूसरी पंक्ति के नेताओं को दी है ताकि बिना गुटबाजी के यात्राओं का समापन हो सके।

ऐसे में अब पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन मेघवाल, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया सहित किसी भी अन्य नेता के बीच मुख्यमंत्री बनने की होड़ खत्म हो गई है। अब अगर पार्टी सत्ता में आती है तो शीर्ष नेतृत्व ही तय करेगा कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा।

भाजपा की ओर से निकाली जाने वाली परिवर्तन यात्रा को लेकर चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया ने बताया कि भाजपा प्रदेश में आगामी दो सितंबर से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करेगी। यह यात्रा चार अलग-अलग स्थानों और दिशाओं से प्रदेश भाजपा के सामूहिक नेतृत्व में 8,982 किलोमीटर का सफर तय कर प्रदेश की 200 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। परिवर्तन यात्रा के दौरान किसान चैपाल, युवा मोटरसाईकिल रैली, महिलाओं की बैठक और दलित चैपालें भी आयोजित होंगी।

पहली परिवर्तन संकल्प यात्रा दो सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में त्रिनेत्र गणेश मंदिर रणथंबौर सवाईमाधोपुर से प्रारंभ होगी।

जिसमें भाजपा का प्रदेश नेतृत्व मौजूद रहेगा। प्रथम परिवर्तन यात्रा 18 दिनों में 1847 किलोमीटर चलकर भरतपुर संभाग, जयपुर संभाग एंव टोंक जिले की 47 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। इस यात्रा के संयोजक भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी व सह संयोजक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र गोठवाल होंगे। दूसरी परिवर्तन यात्रा तीन सितंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में बेणेश्वर धाम डूंगरपुर से प्रारंभ होगी। दूसरी यात्रा के दौरान 19 दिनों में 2433 किलोमीटर चलकर उदयपुर संभाग, कोटा संभाग और भीलवाडा जिले की कुल 52 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। इस यात्रा का संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया को व सह संभाग प्रभारी प्रमोद सांभर सह सयोंजक के दायित्व का निर्वहन करेंगे।

तीसरी परिवर्तन यात्रा चार सितंबर को केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में रामदेवरा जैसलमेर से प्रारंभ होगी। यह यात्रा 18 दिनों में 2574 किलोमीटर चलकर जोधपुर संभाग, अजमेर व नागौर जिले की कुल 51 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। इस यात्रा के संयोजक राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत को बनाया गया है। जोधपुर सह-संभाग प्रभारी सांवलाराम देवासी सहसंयोजक होंगे। चौथी परिवर्तन यात्रा पांच सितंबर को केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में गोगामेडी हनुमानगढ से प्रारंभ होगी। यह यात्रा 18 दिनों में 2128 किलोमीटर चलकर बीकानेर संभाग, झुंझुनू, सीकर और अलवर जिले की कुल 50 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। इस यात्रा का संयोजक पूर्व केन्द्रीय मंत्री सीआर चौधरी व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण बगडी को सह संयोजक बनाया गया है।

इन सभी यात्राओं के लिए एक टोली का गठन किया गया है। जिसमें मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी एंव प्रचार-प्रसार सभा के प्रमुख बनाए गए हैं। प्रदेश की गहलोत सरकार के राज में भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण एंव कुशासन के कारण प्रदेश की जनता त्रस्त है। इसलिए कांग्रेस की इस जनविरोधी सरकार को उखाड फेंकने के लिए जनता ने संकल्प ले लिया है। विधानसभा चुनाव से पहले निकाली जा रहीं भाजपा की चारों परिवर्तन यात्राओं को केंद्रीय स्तर के नेता रवाना करेंगे। भाजपा ने किसी एक चेहरे को इन यात्राओं की जिम्मेदारी नहीं दी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि प्रदेश स्तर की यात्राओं में भाजपा आलाकमान ने किसी भी स्थानीय नेता को जिम्मेदारी क्यों नहीं दी। इसका मुख्य कारण कारण पार्टी में व्याप्त गुटबाजी को माना जा रहा है। किसी एक नेता के चेहरे को आगे करने से पार्टी के अन्य नेता नाराज हो सकते हैं। इससे बचने के लिए पार्टी ने यह कदम उठाया है। पार्टी आलाकमान नहीं चाहता कि चुनाव से पहले किसी तरह के मतभेद सामने आएं।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भाजपा की राष्टीय उपाध्यक्ष हैं। विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी आलाकमान ने उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी है। इससे राजे और उनके समर्थक नाराज बताए जा रहे हैं। परिवर्तन यात्रा को लेकर भी पार्टी ने राजे को कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी है। इससे पहले हुए भाजपा के कई कार्यक्रम में राजे शामिल नहीं हुई थीं। कुछ दिनो पूर्व गंगाापुरसिटी में अमित शाह के कार्यक्रम में भी वसुंधरा राजे शामिल नहीं हुयी जबकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उस कार्यक्रम में उपस्थित थे। ऐसे में अभी तक इस पर संशय बना हुआ है कि वसुंधरा राजे परिवर्तन संकल्प यात्रा में शामिल होंगी या नहीं। इसकी तस्वीर आने वाले दिनों में साफ होगी।

भाजपा आलाकमान विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चेहरा बना रहा है। मगर पार्टी के अंदरखाने मची जंग पर अभी तक नियंत्रण नहीं कर पाया है। वसुंधरा राजे दो बार मुख्यमंत्री रहने से उनका आज भी लोगों पर काफी प्रभाव है। यदि पार्टी आलाकमान चुनाव में उनकी उपेक्षा करेगा तो यह पार्टी के लिए घाटे का सौदा भी साबित हो सकता है।

फिलहाल वसुंधरा राजे अभी चुप्पी साधे हुए हैं तथा समय का इंतजार कर रही है। अंदर खाने वसुंधरा राज्य ने अपनी राजनीति का अगला प्लान तैयार कर रखा है। इसलिए वह अपने धुर विरोधियों से मिलकर उनसे राजनीतिक मतभेद समाप्त कर रही हैं। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की फिर से सरकार बनाने के लिए पूरा जोर लगाए हुए हैं। कांग्रेस आला कमान के प्रयासों से सचिन पायलट भी गहलोत के साथ जुट गए हैं। ऐसे में भाजपा अपनी अंदरुनी फूट पर कितना काबू कर पाती है। इसी पर राजस्थान में भाजपा की अगली सरकार बनने का भविष्य टिका है।

## शार्ट न्यूज

### बस और कंटेनर में टक्कर, 16 यात्री घायल

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में बुद्धवार देर रात्रि को बस्ती-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर परिवहन निगम की बस को एक कंटेनर ने टक्कर मार दिया जिससे उसमें सवार 16 यात्री घायल हो गए हैं। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि अयोध्या से बस्ती की तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ रही परिवहन निगम की बस को हर्रैया थाना क्षेत्र के तेनुआ गांव के समीप विपरीत दिशा में आ रही एक कंटेनर ने टक्कर मार दिया जिससे उसमें सवार 16 यात्री घायल हो गए, घायलों को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है जिसमे से चार यात्री गम्भीर रूप से घायल हो गए जिनको इलाज कराने के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। कुछ समय बात यातायात को बहाल कराया गया है। वर्तमान समय मे घटना स्थल पर शांति व्यवस्था कायम है।

### जौनपुर में लाठी से पीट कर पुत्र की हत्या

जौनपुर। जौनपुर जिले में मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के रामपुर नद्दी गांव में ईंट भट्ठा काम करने वाले झारखंड के बट्टे नायक ने किसी बात को लेकर बुधवार की रात लाठी से पीट कर अपने पुत्र की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले में मडियाहू थाना क्षेत्र के रामपुर नदी गांव स्थित अनिल सिंह के ईंट के भट्टे पर झारखंड के थाना दुरूल्ला के चौबासा के रहने वाले बट्टे नायक और उसका पुत्र बरसातू नायक (25) भी मजदूरी का काम करते थे। बुधवार की रात दोनों शराब पीकर सोए हुए थे, किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ जिस पर पिता बट्टे नायक ने अपने पुत्र बरसातू नायक को लाठी से पीट कर मार डाला। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंचे मडियाहू के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने आरोपी पिता बट्टे नायक को गिरफ्तार कर लिया है।

### मेरठ में सहकर्मी की कैंची घोंपकर हत्या

मेरठ। उत्तर प्रदेश में मेरठ जिले के ब्रह्मपुरी क्षेत्र में कैंची कारखाने में कार्यरत एक श्रमिक ने अपने ही साथी की कैंची घोंप कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि लिसाड़ी रोड स्थित काले जादू वाली गली में महबूब का कैंचियों का एक कारखाना है। बुधवार देर रात दानिश (30) कैंचियों पर पॉलिश करने का काम कर रहा था कि इसी दौरान उसकी एक साथी फरहान से मामूली बात पर कहासुनी हो गई। उन्होने बताया कि बात इतनी बढ़ गई कि फरहान ने उसी कैंची को उठाया जिस पर वह पॉलिश कर रहा था और दानिश पर अंधाधुंध सीने पर वार करता रहा। फौरन ही दानिश को पास के अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। आरोपी फरहान मौके से फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश में लग गई है।

### फतेहपुर में महिला ने जहर खाकर दी जान

**फतेहपुर।** फतेहपुर में रक्षाबंधन पर्व पर भाई को राखी बांधने मायके जाने के लिए महिला ने ससुराल वालों से कहा तो पति ने मना कर दिया। महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। महिला के मौत की जानकारी मायके पक्ष को हुई तो वो मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दिया। मृतक महिला के पिता ने दहेज में कैश व बाइक न मिलने पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है। जिले के थरियांव थाना क्षेत्र के लतीफपुर गांव के रहने वाले रावेंद्र की 25 वर्षीय पत्नी अर्चना ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। महिला के मौत की जानकारी पर पहुंचे मायके पक्ष से पिता बिंदा प्रसाद ने आरोप लगाते हुए बताया कि बेटी की शादी ढाई साल पहले की थी। शादी के कुछ दिनों बाद दामाद दहेज में दो लाख रुपए और एक बाइक की मांग करते हुए आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। जिसकी शिकायत बेटी ने कई बार की थी। पिता ने आरोप लगाया कि बेटी अर्चना रक्षाबंधन पर्व पर घर आने की बात कह रही थी और रात में पति व ससुराल वालों ने मारपीट कर जहर खिलाकर हत्या कर दिया।

### श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

**अनूपशहर।** बुलंदशहर के अनूपशहर में रक्षाबंधन पूर्णिमा के अवसर पर घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे। बुधवार की देर रात से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालु बुधवार व बृहस्पतिवार को गंगा स्नान के लिए गंगा घाट पर पहुंचे। पुरानी मान्यता है कि पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने से देवता खुश होते हैं। इसी के चलते श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के बाद गंगा तट पर स्थित मंदिरों में पूजा अर्चना की तथा भोग लगाया। गंगा घाटों पर प्राइवेट गोताखोर एवं नांवे तैनात रही। जिससे किसी अनहोनी की दशा में तुरंत सक्रिय होकर हादसे को रोका जा सके। पुलिस प्रशासन द्वारा भी गंगा स्नान के मद्देनजर व्यापक बंदोबस्त किए गए। कस्बे में जाम न लगे इसके लिए उचित पार्किंग की व्यवस्था की गई। अहार में भी गंगा स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाट पहुंचे। अहार में अवंतिका देवी मंदिर पर भी गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने मां मनसा देवी मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। गंगा स्नान करने आए श्रद्धालु अपने साथ घर में प्रयुक्त अपशिष्ट सामग्री को गंगा में प्रवाहित करने के लिए अपने साथ लेकर आए थे।

### सपा को दलित नहीं, सिर्फ उनके वोटों से मतलब

**मऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) ने सदैव दलित समाज का अपमान किया है। उनके नेताओं को दलितों से नहीं सिर्फ उनके वोटों से मतलब है। उन्होने आरोप लगाया कि सपा दलित महापुरुषों का भी अपमान करती है। डॉ. भीमराव आंबेडकर ने समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के लिए काम किया। उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। भाजपा ने उनकी जन्मस्थली को तीर्थ स्थल घोषित किया एवं तमाम अन्य योजनाएं भी शुरू किया। पाठक घोसी विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर कोपागंज स्थित बापू डिग्री कॉलेज में सामाजिक समरसता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव दलितों का शोषण करती है। दलित अधिकारों की रक्षा को लेकर अखिलेश यादव ने हमेशा चुप्पी साधी है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने डॉ. आंबेडकर के सपने को साकार करते हुए तमाम जनकल्याणकारी नीतियों को लागू किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी जन्म स्थली महू, दीक्षाभूमि नागपुर, महा परिनिर्माण स्थली नई दिल्ली और चैत्य भूमि मुंबई, संत रविदास मंदिर वाराणसी को पंचतीर्थ में शामिल किया। पूरे देश में संविधान दिवस का आयोजन कर केन्द्र व प्रदेश सरकार ने डॉ. आंबेडकर और संविधान की रचना में उनके महत्वपूर्ण योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया।


### गोरखपुर बीआरडी में अब खून की दलाली

**गोरखपुर।** गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में अब खून की दलाली का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने दो दलालों को गिरफ्तार किया है। खून की दलाली के इस गिरोह में बीआरडी मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी भी शामिल हैं। जोकि, अलग-अलग वार्डों में तैनात हैं। दलाल वसील खान तिवारीपुर के बिंद टोला और केशरदेव महराजगंज का रहने वाला है। दोनों के मोबाइल से बीआरडी के 5 वार्ड ब्यॉय के नंबर भी मिले हैं, जो उनके संपर्क में थे। अब पुलिस इन नंबरों के आधार पर उन्हें ट्रेस करने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा पुलिस ने बीआरडी मेडिकल कालेज प्रशासन से बीते 6 महीने में खून देने वालों की सूची भी मांगी है। दरअसल, रविवार को बीआरडी मेडिकल कालेज में स्थित ब्लड बैंक के पास पुलिस ने दो युवकों को मारपीट करते हुए पकड़ा था। पूछताछ में पता चला कि ये दोनों खून की दलाली करते हैं और मजदूरों को पैसे का लालच देकर उनका खून निकाल लेते हैं। इसके बाद कुछ रुपये देकर मारपीट कर भगा देते हैं। महराजगंज के पनियरा के रहने वाले गोरख चौहान का भी खून इन दोनों ने बीआरडी मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक में निकलवाया था और 1100 रुपये देकर भगा दिया था। बाद में ये दोनों निकाले गए खून को 6 से 7 हजार रुपये में बेच देते थे। इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद से पुलिस ने इनके पास से बरामद मोबाइल फोन का सीडीआर निकलवाया, जिसकी जांच चल रही है।

# मां पाटेश्वरी देवी की आराधना कर सीएम योगी ने किया रूद्राभिषेक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के गर्भगृह में आदि शक्ति मां पाटेश्वरी देवी की आराधना की।

उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर में रूद्राभिषेक कर लोक मंगल की कामना की। सीएम योगी ने गायों को चना, गुड़ व चारा भी खिलाया। इसके उपरान्त उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद स्थापित किया। सीएम योगी ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों के विकास का काम कर रही है। सीएम योगी अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान बुधवार शाम शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर पहुंचे थे। गुरुवार को सीएम योगी ने आदि शक्ति



मां पाटेश्वरी देवी के पूजन अर्चन के साथ अपनी दिनचर्या की शुरुआत की। सबसे पहले उन्होंने शक्तिपीठ के गर्भगृह में जाकर पाटेश्वरी देवी का विधि विधान पूर्वक पूजन किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर महंत मिथलेश नाथ योगी के साथ शिव मंदिर में रूद्राभिषेक किया। गौशाला में जाकर सीएम योगी ने गायों की सेवा भी की। मुख्यमंत्री स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों के साथ संवाद स्थापित किया।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि व समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोग आम जनमानस के हित का कार्य करें। सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों के लिए काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी केन्द्र व प्रदेश सरकार ने बेहतर काम करने का प्रयास किया है। जनप्रतिनिधियों से उन्होंने जिले के विकास कार्यों की जानकारी लेकर उसके प्रगति की समीक्षा की। साथ ही कई बिन्दुओं पर उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

सीएम योगी ने खिलाड़ियों के साथ भी संवाद किया। साथ ही खेलों के प्रति खिलाड़ियों को जागरूक करते हुए कहा कि उनके प्रोत्साहन में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। सीएम ने थारू जनजाति के छात्रों के साथ भी संवाद कर उन्हें भविष्य के निर्माण को लेकर टिप्स दिया।

सीएम योगी की मौजूदगी के दौरान शक्तिपीठ के आस-पास की सुरक्षा को अभेद कर दिया गया था। जिले के आलाधिकारी मौके पर डटे रहे। सीएम के संवाद कार्यक्रम में सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर के कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला के राम प्रताप वर्मा, नगर पालिका बलरामपुर के अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, डा. माधव राज द्विवेदी, डा. राजीव रंजन, डा. एमपी तिवारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# बदायूं में युवक की चाकू मारकर हत्या

**बदायूं।** बदायूं में युवक की बुधवार रात चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेना चाहा तो परिजनों की पुलिस से तीखी झड़प हो गई। सीओ दातागंज कर्मवीर सिंह समेत दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को बमुश्किल समझाकर शांत किया। जबकि बाद में शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। वारदात कोतवाली दातागंज इलाके में हुई। यहां के बिहारीपुर गांव में रहने वाला अभिशेक (19) पुत्र महेश की हजरतपुर में फर्नीचर की दुकान है। शाम को काम करके वह घर लौट रहा था। रास्ते में गांव से कुछ दूर पहले छिपे बैठे हमलावरों ने उस पर चाकू से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमलावर उसे मृत जानकर मौके पर छोड़कर भाग निकले। गांव वालों की सूचना पर परिजनों समेत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो वहां परिवार वालों की पुलिस से झड़प हो गई। इधर, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस का कहना था कि शव पोस्टमार्टम के बाद दिया जाएगा। जबकि परिवार वाले भड़के हुए थे और शव देने से इंकार कर रहे थे। इसको लेकर परिजनों और पुलिस की तीखी झड़प भी हुई। झड़प बराही गांव में हुई, इसका वीडियो भी सामने आया है। युवक के भाई का कहना था पुलिस जबरिया लाश छीन रही थी। बराही गांव के पास पुलिस लाश ले रही थी। वहीं पुलिस यह समझा रही थी कि पोस्टमार्टम जल्दी करा लो देरी से नुकसान हमारा-तुम्हारा होगा।

# पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया मर्डर का खुलासा

बलिया। बलिया पुलिस ने खेजुरी थाना क्षेत्र के करम्मर गांव में हुए बादल हत्याकांड का खुलासा घटना के 24 घण्टे के अन्दर किया है। पुलिस टीम ने दो अभियुक्तों को 24 घंटे के भीतर आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि 30 अगस्त को खेजुरी थाना क्षेत्र के करम्मर गांव निवासी बादल पटेल (19) पुत्र हरेराम पटेल की हत्या सोते समय बदमाशों ने चाकू से गोदकर कर दी थी। सूचना पर पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द और अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी और क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर भूषण वर्मा ने पुलिस टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के शीघ्र अनावरण और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रभारी निरीक्षक खेजुरी और अन्य टीमों को निर्देशित किया था। प्रभारी निरीक्षक खेजुरी बिन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय मय फोर्स, डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम द्वारा तत्परतापूर्वक घटना स्थल से अभिलेखीय और इलेक्ट्रानिकी साक्ष्य संकलन की कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर ही घटना कारित करने वाले अभियुक्त विशाल राजभर पुत्र सीताराम राजभर निवासी शिवरामपुर थाना बांसडीह बलिया और 16 वर्षीय एक बाल अपचारी को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसका 23 अगस्त को बादल पटेल के साथ बड़ागांव के मेले में विवाद हो गया था। इसका बदला लेने के लिए यह घटना की गई।

# गोरखपुर में रोडवेज बस की व्यवस्था लड़खड़ाई

## राखी पर भाई से मिलने आई बहनों के चेहरे पर मायूसी छाई

गोरखपुर। भाई-बहन के प्रेम पर्व रक्षाबंधन को खुशहाल बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने मंगलवार की आधी रात से गुरुवार की मध्य रात तक परिवहन निगम की बसों में महिलाओं के लिए नि:शुल्क यात्रा का इंतजाम किया है। लेकिन गोरखपुर में रोडवेज की व्यवस्था गुरुवार दोपहर बाद लड़खड़ा गयी। सैकड़ों किलोमीटर दूर से भाई को राखी बांधने आई महिलाओं को वापसी की यात्रा में निराश होना पड़ा।

जहां यात्रियों की संख्या के आगे बसें कम पड़ गई। वहीं अतिरिक्त बस चलाने के परिवहन निगम के दावों की पोल भी खुल गई। आलम यह था कि ज्यादातर लोग अपना समान लेकर रोड के किनारे बस का इंतजार करते नजर आए।

कोई एक बस आती तो उसमें चढ़ने के



लिए यात्रियों के बीच धक्का-मुक्की से लेकर मारा-मारी तक हुई। बस अड्डे से निकलने वाली सभी बसों में लोगों ने गेट तक खड़े होकर सफर किया।

### सोनौली के लिए कोई बस नहीं

सबसे ज्यादा भीड़ कुशीनगर, देवरिया और बिहार रूट की बसों में देखने को मिली।

लखनऊ और दिल्ली के लिए बस ही नहीं थी। कुशीनगर की बस का इंतजार कर रही सरिता, नेहा और आकृति ने बताया कि लगभग डेढ़ घंटे से बस का इंतजार कर रही हूं। दो बस हमारे सामने से गुजर गई। लेकिन उसमें भीड़ इतनी ज्यादा थी कि चढ़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। दिल्ली जाने के लिए बस की प्रतीक्षा कर रहे रजत ने बताया कि करीब पौने दो घंटे से खड़ा हूं। अभी तक कोई बस नहीं मिली। कल दिल्ली में इंटरव्यू है। समझ नहीं आ रहा कैसे जाऊं?

नेपाल के रहने वाले लीला थापा और दल बहादुर ने बताया कि सुबह लखनऊ से चल कर आया हूं। अब यहां आकर पता चला कि सोनौली के लिए कोई बस ही नहीं है। प्राइवेट टैक्सी वाले दोगुना किराया मांग रहे हैं।

### कम चली सिटी बस, ऑटो चालकों ने की मनमानी

गुरुवार को शहर में सिटी बस अपेक्षाकृत कम संचालित हुई। ज्यादातर कंडक्टर और ड्राइवर के छुट्टी पर चले जाने के चलते सिटी बसों का संचालन प्रभावित हो गया। जिससे शहर के अंदर की यात्रा करने में लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं मौके का फायदा उठाकर ऑटो चालकों ने जमकर लूट मचायी। हर रूट पर दोगुना किराया लेने के बाद भी मनमाने ढंग से लोगों को बैठाया।

परिवहन निगम के आरएम पीके तिवारी ने बताया कि सभी बसों के फेरे बढ़ा दिए गए हैं।

यात्रियों की मांग के हिसाब से रूट पर बसें भेजी जा रहीं हैं। उन्होंने बताया कि अचानक से यात्रियों की संख्या काफी बढ़ गई। जिसके चलते लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। फिलहाल और बसें लगाकर व्यवस्था बनाई जा रही है।

# आगरा में पुलिस मुठभेड़ में 3 लुटेरे अरेस्ट

## थाना ट्रांस यमुना कॉलोनी ने आरोपियों से चोरी और लूट का सामान किया बरामद

**आगरा।** आगरा में पुलिस ने मुठभेड़ में चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों को अरेस्ट कर लिया। आरोपियों से 1 तमंचा मय कारतूस और चोरी की मोटरसाइकिल समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। थाना ट्रांस यमुना कॉलोनी पुलिस गश्त कर रही थी। तभी मुखबिर द्वारा दी गई सूचना पर टेढ़ी बगियों पर लुटेरों को पकड़ने के लिए चेकिंग की गई। कुछ समय बाद 2 मोटरसाइकिलों पर सवार 3 युवक आते दिखे। उन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह सकपकाकर भागने लगे। इसी बीच एक लुटेरों की बाइक फिसल कर गिर गई। पुलिस टीम को अपने पास आता देख लुटेरे ने पुलिस फायर किर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा के लिए हवाई फायर किया और फुर्ती दिखाते हुए घेराबंदी कर 3 लुटेरे पकड़ लिया।



### तमंचा दिखाकर राहगीरों से लूटते थे मोबाइल

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीनों मिलकर मोबाइल लूट और चोरी करते हैं। छिनैती के मोबाइल राह चलते लोगों को सस्ते दामों पर बेच देते हैं। बरामद किए गए तमंचे को लूट के दौरान लोगों को डराने के लिए इस्तेमाल करते हैं। पकड़े गए आरोपियों में अजय शर्मा उर्फ अज्जू पुत्र मुन्ना लाल शर्मा निवासी गुलाब नगर थाना एत्माददौला ( स्थायी पता खेडा सिलाजीत जरिया जिला हमीरपुर), पुष्पेन्द्र पुत्र श्रीनिवास निवासी सविता गली सती नगर थाना ट्रान्स यमुना आगरा, गौरव यादव उर्फ कुल्लू पुत्र सतीश चन्द्र यादव निवासी नगला मोहन लाल थाना ट्रान्स यमुना आगरा का रहने वाला है। आरोपियों ने मोबाइल लूट की कई घटनाएं कबूल की हैं। थाना प्रभारी सुमनेश सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग थानों में 14 केस दर्ज हैं।

### हमीरपुर में पत्नी वियोग में ग्राइंडर से गला रेत कर की आत्महत्या

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के मुस्करा क्षेत्र में पत्नी के मायके से न आने पर एक मैकेनिक ने लोहा काटने वाली मशीन ग्राइंडर से अपना गला रेत कर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि तगारी गांव निवासी मैकेनिक कमलेश गुप्ता (40) शराब का लती था और उसकी इस आदत से नाराज होकर पत्नी अपने बच्चों को लेकर चार माह पहले मायके चली गयी थी। कमलेश कई बार उसे लिवाने गया मगर उसने आने से इंकार कर दिया। हताश होकर उसने बुधवार आधी रात के बाद घर में रखी ग्राइंडर मशीन से गला रेत लिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। उन्होने बताया कि आज सुबह परिजनों ने कमरे के बाहर बहता हुआ खून देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर क्षेत्राधिकारी मौदहा विवेक यादव पहुंच कर मामले की छानबीन की और मृतक की पत्नी से पूछताछ की है।

## हापुड़ में वकीलों पर एफआईआर

# 17 नामजद समेत 317 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज होने से आक्रोश

एजेंसी

हापुड़। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को हुए उपद्रव के मामले में 17 नामजद समेत 300 अज्ञात अधिवक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं मुकदमा दर्ज को लेकर अधिवक्ता में आक्रोश है।

दरअसल, 6 दिन पूर्व महिला अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज मामले को लेकर मंगलवार को वकीलों ने चक्का जाम किया था। जहां पुलिस से उनकी नोकझोक हुई। इसके बाद पुलिस ने वकीलों पर लाठीचार्ज कर दिया। जिसमे कई वकील और पुलिस कर्मी चोटिल हुए। इसके बाद पुलिस ने 17 नामजद और 300 अज्ञात वकीलों पर मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने पूर्व बार अध्यक्ष अजित चौधरी, एडवोकेट भारत भूषण, एडवोकेट दीपांशु, संदीप यादव, नितिन पूनिया, योगेंद्र सिंह, रवि, विपुल वशिष्ठ, शर्लिन कुमार शर्मा, संस्कार सहलोत, महाराज खान, मुकेश कुमार शर्मा, रामकुमार, राहुल यादव, मुशहिद, मोहम्मद बिलाल व एडवाकेट नवनीत सहलोत शामिल हैं। इनके खिलाफ धारा 147, 148, 149, 186, 504, 506, 342, 392, 332, 353, 452, 323, 427, 354, 307, 188 व सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की धारा तीन के तहत यह मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं मुकदमा दर्ज को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है।

# 2014 में सत्ता में आई भाजपा 2024 में विदा हो जायेगी : अखिलेश

**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 2014 में सत्ता में आई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 2024 में देश से विदा हो जायेगी।

मुंबई में इंडिया गठबंधन की बैठक में भाग लेने जाने से पहले अपने पैतृक गांव सैफई में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सपा प्रमुख ने गुरुवार को कहा कि 2014 में जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई थी 2024 में ठीक उसी तरह से सत्ता से विदा हो जाएगी। आज देश के जो हालत हो गए हैं उससे ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा 2024 में सत्ता से हर हाल में बाहर हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है जहां पर 80 लोकसभा सीटे हैं। भाजपा ने जनता को धोखा दिया है । जनता ही भाजपा को 2024 में सत्ता से बाहर करेगी। मुंबई में होने वाली बैठक को लेकर कहा कि लगातार 'इंडिया' गठबंधन की बैठक हो रही है। पहले बैठक पटना फिर बेंगलोर में हुई और आज से मुंबई में यह मीटिंग होने जा रही है। पूरे देश की जनता को भरोसा है । यह गठबंधन



तैयार होगा। भाजपा देश से बाहर जाएगी,उनकी सरकार ने धोखा दिया है।

सपा मुखिया ने कहा कि रक्षाबंधन के मौके पर आज आप सभी को हार्दिक बधाई देता हूं । दुनिया में एक ही भारत देश है जहाँ पर रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। आज के दिन हम सभी संकल्प लेकर हमारी माता बहने सुरक्षित रहें यही संकल्प लें।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक द्वारा दिये गए बयान का पलटवार करते हुए कहा कि बृजेश पाठक पद के लायक नही थे।

जिस पद पर वो बैठे है और पद पर बैठ गए है तो उसका सम्मान करना पड़ेगा। उनकी जिम्मेदारी है कि स्वास्थ्य विभाग को बेहतर करें।

### 'इंडिया' 2024 में करेगा एनडीए को सत्ता से बेदखल

**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया है कि विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडिया' अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को पटखनी देकर के सत्ता से बेदखल कर देगा। रक्षाबंधन के अवसर पर अपनी बहन कमला देवी से रक्षा सूत्र बनवाने के बाद सपा महासचिव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन प्रभावी भूमिका में आ चुका है जो 2024 के संसदीय चुनाव में एनडीए गठबंधन को सत्ता से बेदखल कर देगा। इंडिया को वरिष्ठ नेताओं का साथ मिल रहा है, इसलिए इंडिया गठबंधन में नेतृत्व की चिंता करने की जरूरत नहीं है। इंडिया गठबंधन के नेता मिल बैठकर प्रमुख को चुन लेंगे। उन्होंने दावा किया कि घोसी उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह रिकॉर्ड मतों से विजयी होंगे। सपा के पक्ष में माहौल है। घोसी में सभी वर्ग के लोगों का सपा को वोट मिलने जा रहा है।

# पत्नी ने प्रेमी से कराई थी पति की हत्या

## मर्डर को एक्सीडेंट का केस बनाने के लिए सड़क पर फेंकी थी डेडबॉडी

कन्नौज। कन्नौज के विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में 27 अगस्त को सड़क पर एक व्यक्ति की डेडबॉडी पड़ी मिली थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया तो गोली लगने से मौत की पुष्टि हुई। ऐसे में एसपी ने घटना के पर्दाफाश के लिए विशुनगढ़ थाना पुलिस और एसओजी टीम को लगाया था। जिसका खुलासा करते हुए पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को जेल भेज दिया गया।

दरअसल, विशुनगढ़ थाना क्षेत्र में 27 अगस्त को सड़क पर एक व्यक्ति की डेडबॉडी पड़ी मिली थी। एक्सीडेंट में व्यक्ति की मौत की सम्भवना जताई गई। मृतक की पहचान मैनपुरी जिले के बेवर थाना क्षेत्र के मलिकपुर गांव निवासी हसमुद्दीन के रूप में की गई। वह सब्जी बेंचने का काम करते थे। उनकी मौत पर भाई ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी थी। लेकिन जब शव का पोस्टमार्टम कराया गया तो गोली मारकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई।

मामले के खुलासे के लिए एसपी अमित कुमार आनंद ने विशुनगढ़ थाने



के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार और एसओजी प्रभारी कमल भाटी को जिम्मेदारी दी थी।

### पड़ोस में रहने वाले इरफान से था प्रेम प्रसंग

इस मामले की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस टीम को जांच के दौरान पता चला कि मृतक की पत्नी का प्रेम-प्रसंग पड़ोस में रहने वाले इरफान से था। जिसकी जानकारी हसमुद्दीन को हो हुई तो उसने पत्नी पर पाबंदी लगा दी। ऐसे में प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने का उसने इरादा कर लिया और फिर प्लान के अनुसार उसके प्रेमी ने 27 अगस्त को गोली मारकर हसमुद्दीन की हत्या कर दी थी।

हत्या के इस मामले को एक्सीडेंट के रूप में दर्शाने के लिए डेडबॉडी को सड़क पर फेंक दिया था। फिलहाल पुलिस ने महिला शहनाज और उसके प्रेमी इरफान को अरेस्ट कर जेल भेज दिया। इरफान के पास से पुलिस ने 1 तमंचा और 2 कारतूस भी बरामद किए हैं।

इरफान ने बताया कि शहनाज के साथ उसके एक वर्ष से प्रेम सम्बन्ध थे। जिसमें उसका पति हसमुद्दीन बाधा बन रहा था। इसलिए उसको रास्ते से हटाने की लिए हत्या कर दी। एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस टीम को 15 हजार रुपए का ईनाम दिया है।

## शार्ट न्यूज

### एनएचपीसी द्वारा 47वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन



एनएचपीसी ने दिनांक 31 अगस्त, 2023 को अपने निगम मुख्यालय, फ़रीदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की। कंपनी के सदस्यों ने वर्ष 2022-23 के लिए 1.85/- रुपए प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश की घोषणा के प्रस्ताव पर विचार किया, जिसमें मार्च 2023 में भुगतान किए गए प्रति इक्विटी शेयर 1.40/- रुपए का अंतरिम लाभांश शामिल है। आर.के. विश्नोई, सीएमडी, एनएचपीसी ने वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया। इस वार्षिक आम बैठक में एनएचपीसी बोर्ड के सदस्यगण श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं), श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी के स्वतंत्र निदेशकगण डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर, प्रो. (डॉ.) अमित कंसल, प्रो. (डॉ.) रश्मि शर्मा रावल, श्री जिजी जोसफ, श्री प्रेमकुमार गोवर्धनन के साथ श्रीमती रूपा देब, कंपनी सचिव, एनएचपीसी भी उपस्थित थीं। इस अवसर पर सीएमडी ने एनएचपीसी की विभिन्न प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख किया। श्री विश्नोई ने बताया कि एनएचपीसी ने पिछले वित्त वर्ष में 3537.71 करोड़ रुपए की तुलना में 8त्न की वृद्धि दर्ज करते हुए एकल आधार पर, कर पश्चात वार्षिक लाभ (पीएटी) 3833.79 करोड़ रुपए अर्जित किया है जोकि अब तक का सर्वाधिक अर्जित लाभ है।

### नई रिपोर्ट के बाद अडाणी के 9 शेयरों में गिरावट

नई दिल्ली। अडाणी ग्रुप पर गुरुवार (31 अगस्त) को एक और विदेशी रिपोर्ट सामने आने के बाद कंपनी के 10 शेयर में से 9 में गिरावट देखने को मिली। ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट में दावा किया गया है कि अडाणी ग्रुप के निवेशकों ने गुपचुप तरीके से खुद अपने शेयरों को खरीदकर बाजार में लाखों डॉलर का निवेश किया। हालांकि, ग्रुप ने इन आरोपों का खंडन किया है। कहा है कि यह बदमान करने और मुनाफा कमाने की साजिश है। OCCRP ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि अडाणी ग्रुप की कंपनियों ने मॉरीशस के गुमनाम निवेश फंड्स के जरिए ग्रुप के शेयरों में करोड़ों रुपए का निवेश किया। अडाणी ग्रुप का कहना है कि हम इन रीसाइकल्ड आरोपों को खारिज करते हैं। ये न्यूज रिपोर्ट तर्कहीन हिंडनबर्ग रिपोर्ट को फिर से जिंदा करने की एक कोशिश मालूम होती है। अडाणी ग्रुप ने कहा कि OCCRP ने जो आरोप लगाए हैं, वह एक दशक (10 साल) पहले बंद हो चुके मामलों से जुड़े हैं। उस वक्त राजस्व खुफिया निदेशालय ने ओवर इनवॉयसिंग, विदेश में फंड ट्रांसफर, रिलेटेड पार्टी ट्रांजेक्शन और FPI के जरिए निवेश के आरोपों की जांच की थी। मार्च 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला सुनाया था और मामले को बंद कर दिया था।

### एक्स पर जल्द ही कर सकेंगे ऑडियो-वीडियो कॉलिंग

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पहले ट्विटर) पर यूजर्स जल्द ही बिना नंबर शेयर किए ऑडियो-वीडियो कॉल कर सकेंगे। कंपनी के मालिक एलन मस्क ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। दरअसल, हाल ही में ङ्ग की डिजाइनर एंड्रिया कॉनवे ने एक पोस्ट में लिखा था कि अभी-अभी एक्स पर किसी को कॉल किया। इसके बाद से मीडिया रिपोर्ट में जल्द इस फीचर के एड होने को लेकर दावा किया जा रहा था। इससे बाद कंपनी की CEO लिंडा याकारिनो ने न्यूज चैनल को दिए एक इंटरव्यू में ये बात कंफर्म की थी। अब एलन मस्क ने भी इस फीचर को प्लेटफॉर्म पर एड करने की बात कही है। मस्क ने अपनी पोस्ट में बताया, एक्स पर ऑडियो और वीडियो कॉल फीचर आ रहा है। ये नया फीचर IOS, एंड्रॉयड, मैक और कंप्यूटर पर काम करेगा। इसके लिए फोन नंबर शेयर करने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि एक्स एक ग्लोबल एड्रेस बुक है, इससे किसी को भी कॉल कर सकते हैं। एलन मस्क एक्स को एवरीथिंग ऐप बनाना चाहते हैं, जिसमें वे पेमेंट सर्विस सहित अन्य फीचर एड करने वाले हैं। हालांकि, कंपनी के मालिक और CEO ने अभी तक यह नहीं बताया कि वीडियो-ऑडियो कॉल एन्क्रिप्टेड होंगे या नहीं।

### मोदीनॉमिक्स के कारण भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े करीब आठ प्रतिशत रहने की उम्मीद है। ऐसा मोदीनॉमिक्स के कारण संभव हुआ है। दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को यह दावा किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ग्रामीण और शहरी मांग में वृद्धि, खपत पैटर्न, माल व सेवा कर (जीएसटी) संग्रह और विभिन्न अन्य मापदंड भविष्य के लिए बहुत अच्छे संकेत दे रहे हैं। उन्होंने कहा, त्योहारों के नजदीक आने के साथ मांग में और बढ़ोतरी होगी। देश की अर्थव्यवस्था काफी बेहतर स्थिति में होगी। विकास की गति भी और बढ़ेगी। उन्होंने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आर्थिक दृष्टिकोण मोदीनॉमिक्स को दिया। भाजपा नेता ने कहा, पहली तिमाही के जीडीपी आंकड़े आज आने वाले हैं। मुझे नहीं पता कि आंकड़ा क्या होगा, लेकिन विकास की गति इंगित करती है कि यह लगभग 8 प्रतिशत होगी। उन्होंने कहा कि आठ प्रतिशत एक शानदार आंकड़ा है और यह दिखाता है कि भारत की अर्थव्यवस्था न केवल बढ़ रही है, बल्कि बहुत तेज गति से बढ़ रही है।

### धनशोधन के आरोप में स्टील और पावर कंपनी के एमडी गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कहा कि उसने कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले में मुंबई में पंजीकृत एक इस्पात और बिजली कंपनी के प्रवर्तक और प्रबंध निदेशक को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अभय नरेंद्र लोढ़ा को बुधवार को हिरासत में लिया गया और धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने उन्हें आठ सितंबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। इसमें कहा गया है कि लोढ़ा टॉपवर्थ स्टील्स एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड (टीएसपीपीएल) और टॉपवर्थ समूह के प्रवर्तक और प्रबंध निदेशक हैं। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, उसका पंजीकृत कार्यालय मुंबई में स्थित है, जबकि उसका संयंत्र छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में स्थित है। यह कंपनी कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) से गुजर रही है।

### जया वर्मा सिन्हा होंगी रेलवे बोर्ड की पहली महिला सीईओ और अध्यक्ष

नई दिल्ली। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ के रूप में जया वर्मा सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। सिन्हा नए अध्यक्ष और सीईओ (रेलवे बोर्ड) के रूप में अनिल कुमार लाहोटी की जगह लेंगी और 1 सितंबर, 2023 को पदभार ग्रहण करेंगी। वह रेलवे बोर्ड की पहली महिला अध्यक्ष भी हैं। विजयलक्ष्मी विश्वनाथन रेलवे बोर्ड की पहली महिला सदस्य थीं। 1988 बैच की भारतीय रेलवे यातायात सेवा की अधिकारी, सिन्हा वर्तमान में रेलवे बोर्ड के सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) के रूप में काम कर रही हैं। वह ऐसे समय में बोर्ड का प्रभार संभालेंगी जब भारतीय रेलवे को केंद्र सरकार से रिकॉर्ड बजटीय आवंटन प्राप्त हुआ है। केंद्रीय बजट 2023-24 में भारतीय रेलवे को 2.74 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत परिव्यय आवंटित किया गया है। यह राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर को किया गया अब तक का सबसे अधिक आवंटन है। वित्त वर्ष 2022-23 में रेलवे के लिए 1.37 लाख करोड़ रुपये का सकल बजटीय आवंटन किया गया था।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अप्रैल-जून 2023 की तिमाही में रही 7.8 प्रतिशत

**नयी दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था की अनिश्चितताओं के बावजूद भारत में वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में मजबूत घरेलू मांग और निवेश के समर्थन से सकल घरलू उत्पाद (जीडीपी) (वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन) में एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गयी।

इस तरह भारत ने अप्रैल-जून 2023 की तिमाही में चीन के जीडीपी में वृद्धि को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे तेजी से वृद्धि कर रही बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है। चीन की आलोच्य तिमाही की वृद्धि 6.3 प्रतिशत थी।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा गुरुवार शाम को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, 2023-24 की पहली तिमाही में स्थिर कीमतों पर (आधार वर्ष 2011-12) पर वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 40.37 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर रहने का अनुमान है, जबकि 2022-23 की पहली तिमाही में यह 37.44 लाख करोड़ रुपये था।

इस तरह यह सालाना आधार पर जीडीपी में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 2022-23 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 13.1 प्रतिशत थी। पिछले साल के आंकड़ों में निम्न तुलनात्मक आधार का भी प्रभाव था। विशेषज्ञों ने पहली तिमाही के जीडीपी के आंकड़ों के बाजार के अनुमानों के अनुरूप बताया है लेकिन जिंस की कीमतों

में गिरावट के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि का आंकड़ा कम रहने पर थोड़ी निराशा जतायी है। विनिर्माण क्षेत्र ने पहली तिमाही में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि दिखायी है।

एनएसओ द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जीडीपी के निर्धारण में शामिल आठ प्रमुख क्षेत्रों में से छह की गतिविधियों में सुस्ती रही है। पहली तिमाही में ट्रेड, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से जुड़ी सेवाओं की गतिविधियों की वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 25.7 प्रतिशत रही थी। इसी तरह से बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य यूटिलिटी सेवाओं की वृद्धि दर मात्र 2.9 प्रतिशत रही है जबकि अप्रैल जून 2022 की तिमाही में यह दर 14.9 प्रतिशत रही थी।

लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं



की वृद्धि दर भी इस तिमाही में 7.9 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 21.3 प्रतिशत रही थी। इस तिमाही में खान एवं खनन गतिविधियों की वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 9.5 प्रतिशत रही थी। इस दौरान विनिर्माण गतिविधियां भी पिछले वित्त वर्ष की 6.1 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में घटकर 4.7 प्रतिशत पर आ गयी है। इस अवधि में निर्माण गतिविधि भी सुस्त रही है क्योंकि इस क्षेत्र की वृद्धि दर 7.9 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 16.0 प्रतिशत रही थी।

आंकड़ों के अनुसार कृषि, वानिकी और मत्स्यपालन क्षेत्र की गतिविधियों में 3.5 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गयी है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2.4 प्रतिशत रही थी। वित्त, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में 12.2 प्रतिशत की बढोतरी देखी गयी है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 8.5 प्रतिशत रही थी।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में कृषि-वानिकी-मत्स्य पालन क्षेत्र का उत्पादन पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 3.5 प्रतिशत बढ़ा तथा खनन क्षेत्र का उत्पादन की वृद्धि 5.8 प्रतिशत रही। पिछले वर्ष इन क्षेत्रों की इसी तिमाही की वृद्धि दर क्रमश- 2.4 प्रतिशत और 9.5 प्रतिशत थी।

विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि एक साल पहले के 6.1 प्रतिशत की तुलना में 4.7 प्रतिशत रही जबकि बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य जन सुविधाओं के क्षेत्र में उत्पादन वृद्धि 2.9 प्रतिशत रही। पिछले वर्ष इसी दौरान जनसुविधा क्षेत्र की वृद्धि 14.9 प्रतिशत थी।

अप्रैल-जून 2023 की तिमाही में निर्माण क्षेत्र की वृद्धि 7.9 प्रतिशत और व्यापार, होटल, परिवहन संचार एवं प्रसारण और अन्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्पादन सालाना आधार पर 9.2 प्रतिशत बढ़ा। एक साल पहले इन क्षेत्रों की वृद्धि दर क्रमश- 16 प्रतिशत और 25.7 प्रतिशत थी।

वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवा क्षेत्र ने आलोच्य तिमाही में एक साल पहले के 8.5 प्रतिशत की तुलना में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जबकि लोक-प्रशासन रक्षा और ऐसी अन्य सेवाओं के क्षेत्र की वृद्धि 7.9 प्रतिशत (पिछले वर्ष 21.3 प्रतिशत) रही।

प्रथमिक कीमत पर सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 2023-24 की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत दर्ज किया गया जबकि करों में शुद्ध रूप से 7.7 प्रतिशत की वृद्धि रही।

आंकड़ों के अनुसार 2023-24 की पहली तिमाही में वर्तमान कीमतों पर जीडीपी 70.67 लाख करोड़ रुपये रहा जो 2022-23 की पहली तिमाही के 65.42 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 8.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 2022-23 की पहली तिमाही में वर्तमान मूल्य पर जीडीपी में 27.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी थी।

वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में जीडीपी में व्यय के हिस्से के रूप में सकल स्थायी पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) पर व्यय 29.3 प्रतिशत रहा जो पिछले वर्ष इसी दौरान 29.1 प्रतिशत रहा। जीएफसीएफ का आंकड़ा अर्थव्यवस्था में पूंजीगत निवेश के रुझान को दर्शाता है।

एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा ने कहा, पहली तिमाही की जीडीपी वृद्धि के आंकड़े हमारी उम्मीद के अनुरूप है पर इसमें अलग अलग हिस्सों के योगदान की स्थिति पर कुछ आश्चर्य होता है।

जिंसों की कीमतों में वार्षिक आधार पर गिरावट के चलते आदर्श रूप से विनिर्माण क्षेत्र की फर्मों के परिचालन लाभ में वृद्धि और इस क्षेत्र के उत्पादन के मूल्य में तेज वृद्धि होनी चाहिए थी, पर इस क्षेत्र ने जिस तरह निराश किया वह आश्चर्यजनक है।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में दुनिया देखेगी 'फूड बास्केट ऑफ इंडिया' का जलवा

**लखनऊ।** देश के ग्रोथ इंजन के तौर पर अपनी भूमिका को विस्तार देता उत्तर प्रदेश न केवल वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने की ओर तेजी से प्रयासरत है, बल्कि वैश्विक पटल पर फूड बास्केट ऑफ इंडिया के तौर पर भी अपनी पहचान को भी पुख्ता कर रहा है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश कृषि व खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ऐसे में, जब 21 से 25 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर व मार्ट में इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 का आयोजन होने जा रहा है तो यह निश्चित है कि इस मेगा ट्रेड शो में फूड, डेयरी और एग्रो सेक्टर से जुड़ी व प्रदेश में व्यापक उपस्थिति रखने वाली कंपनियों को एक बड़ा मंच प्रदान किया जाएगा। इस ट्रेड शो में यूं तो पूरी दुनिया से ही सभी क्षेत्रों की तमाम दिग्गज कंपनियां हिस्सा लेंगी मगर खास तौर पर उत्तर प्रदेश में व्यापक उपस्थिति रखने वाली फूड, डेयरी व




एग्रो बेस्ड कंपनियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे न केवल ये कंपनियां उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग का हिस्सा बनेंगी बल्कि व्यापक वैश्विक बाजार तक इन कंपनियों के प्रोडक्ट्स की पहुंच का मार्ग भी प्रशस्त हो सकेगा।

### कई बड़ी कंपनियां दर्ज कराएंगी उपस्थिति

इस मेगा ट्रेड शो में एग्रो, फूड व डेयरी बेस्ड जिन कंपनियों की व्यापक उपस्थिति रहने वाली हैं उनमें पतंजली, हल्दीराम, प्रिया गोल्ड, बिकानेरवाला, वैद्यनाथ, रिचुअल फूड्स, फ्रेश फूड्स, ऑगस्टिया फूड्स, इंडियन बी कीपर श्री गिरिजा, पारस, अमूल, प्राइम फूड्स, ज्ञान डेयरी, क्रीमी फूड फेयर एक्सपोर्ट व अन्य प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त खाद्य, कृषि व डेयरी उत्पादों से संबंधित ग्रामीण, लघु व कुटीर उद्योगों को भी ट्रेड शो में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, खाद्य प्रसंस्करणों से जुड़े विभागों, लॉजिस्टिकस-वेयरहाउसिंग, पशुपालन, मत्स्य पालन, डेयरी व अन्य प्रमुख विभागों से संबंधित स्टॉल्स भी ट्रेड शो में व्यापक उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इनमें से कई ने अभी से अपने स्टॉल्स को बुक करा लिया है जबकि कई अन्य संबंधित प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। इसके अलावा, ओडीओपी समेत खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी जीआई टैगिंग प्राप्त प्रोडक्ट्स को भी बड़े स्तर पर ट्रेड शो में शोकेस किया जाएगा।

### स्वाद से लेकर मैनेजमेंट फंडा भी होगा फूड ओरिएंटेड

खास बात यह है कि इस ट्रेड शो में चाहें बात परोसी जाने वाली कुजीन्स की हो या फिर मैनेजमेंट फंडे की, फूड हर जगह छाया रहेगा। ट्रेड शो में डिग्नीट्रीज को जो पकवान परोसे जाएंगे उनमें उत्तर प्रदेश की विरासत और श्रीअन्न का गुणवत्तापरक स्वाद मुख्य भूमिका निभाएंगे। प्रदेश के उन भोज्य पदार्थों को ट्रेड शो में आने वाले लोगों को परोसा जाएगा जो उत्तर प्रदेश की पहचान हैं। इसके अलावा, यहां आयोजित होने वाले सेशंस में एक सेशन तो केवल मुंबई के डिब्बेवालों की सक्सेस जर्नी को ही समर्पित है। आईईएमएल के डॉ. पवन अग्रवाल मुंबई के डिब्बावालों की सक्सेस जर्नी, उनकी लॉजिस्टिकल सप्लाई मैनेजमेंट, सप्लाई चेन व टाइम मैनेजमेंट के प्रिंसिपल्स से जुड़े फैक्टर्स व केस स्टडी साझा करेंगे। इससे सेशन में शामिल होने वाले लोगों को डिब्बेवालों के उदाहरण के जरिए मैनेजमेंट फंडा के कई अहम तथ्य सीखने को मिलेंगे।

# सातवें जंगी जहाज के लिए सेल ने आपूर्ति की चार हजार टन स्टील प्लेट

**नयी दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र के उपक्रम भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) ने नौसेना की स्वदेशी युद्धपोत विनिर्माण की पी17 ए परियोजना के तहत सातवें जंगी जहाज के निर्माण के लिए लगभग 4000 टन की विशेष स्टील प्लेटों की पूरी मात्रा की आपूर्ति की है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, अपनी पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ इस श्रृंखला के सातवें जंगी जहाज आईएनएस महेंद्रगिरी का शुक्रवार को मुंबई में जलावतरण करेंगे। इन युद्धपातों का जलावतरण देश की समुद्री सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। सेल ने इन पोतों के लिए मजतूत इस्पात की आपूर्ति में अपने योगदान की जानकारी दे देते हुए गुरुवार को एक विज्ञपति में कहा कि कंपनी पी17ए युद्धपोतों के विकास में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में उभरी है। सेल के अनुसार यह भारत के रक्षा स्वदेशीकरण को आगे बढ़ाने में उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस युद्धपोत में स्टील की आपूर्ति करने के अलावा भी सेल की भूमिका रही है। कंपनी ने हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा लॉन्च किए गए छठे युद्धपोत 'विंध्यगिरि' निर्माण के लिए भी चार हजार टन विशेष स्टील की आपूर्ति की थी। पी17ए परियोजना में मेसर्स मझगांव डॉक लिमिटेड ने कुल चार जहाजों और मेसर्स जीआरएसई ने तीन जहाजों का निर्माण शामिल है। मझगांव डॉक लिमिटेड द्वारा तीन जहाजों का लॉन्च सितंबर 2019 और सितंबर 2022 के बीच हुआ, जबकि मेसर्स जीआरएसई ने दिसंबर 2020 और अगस्त 2023 के बीच तीन जहाजों को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इन जहाजों के लिए स्टील आपूर्ति के मामले में सेल का योगदान लगभग 28,000 टन है, जो विशेष उपयोग के लिए उच्च-स्तरीय स्टील उत्पादों की आपूर्ति करने की कंपनी की क्षमताओं को रेखांकित करता है। भारत के रक्षा क्षेत्र को समर्थन देने के में सेल ने न केवल पी17 ए परियोजना के लिए स्टील की आपूर्ति की है, बल्कि विमान वाहक आईएनएस विक्रांत, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस सूरत जैसे युद्धपोतों और आर्टिलरी बंदूक धनुष सहित विभिन्न रक्षा परियोजनाओं के लिए स्टील प्रदान करने में भी अभिन्न भूमिका निभाई है।


# भारत में बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में जुलाई में आठ प्रतिशत वृद्धि

**नयी दिल्ली।** कोयला, सीमेंट और इस्पात क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के साथ जुलाई, 2023 में भारत में आठ आधारभूत उद्योगों के सम्मिलित उत्पादन में एक साल पहले की तुलना में आठ प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गयी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) की ओर से गुरुवार को जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, आठ प्रमुख उद्योगों (आईसीआई) का संयुक्त सूचकांक जुलाई 2022 के सूचकांक की तुलना में जुलाई 2023 में 8.0 प्रतिशत (अनंतिम) बढ़ गया।

विज्ञप्ति के अनुसार इस बार जुलाई में कोयला, इस्पात, प्राकृतिक गैस, सीमेंट, बिजली, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक और कच्चे तेल-इन आठों उद्योगों का उत्पादन पिछले साल के इसी महीने की तुलना में ऊंचा रहा।

इन आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का देश के कुल औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत योगदान है।



ताजा आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2023 में कोयला उत्पादन में सालना आधार पर 14.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कच्चे तेल के उत्पादन में 2.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जुलाई 2023 में इस्पात उत्पादन वार्षिक आधार पर 13.5 प्रतिशत ऊंचा रहा जबकि सीमेंट उत्पादन 7.1 प्रतिशत बढ़ा। जुलाई 2022 की तुलना में जुलाई 2023 में बिजली उत्पादन में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

इसी तरह प्राकृतिक गैस, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरकों का उत्पादन एक वर्ष पहले इसी माह की तुलना में क्रमश: 8.9 प्रतिशत, 3.6 प्रतिशत और 3.3 प्रतिशत ऊंचा रहा।

### वनप्लस नॉर्ड3 5 जी स्मार्टफोन के लिए नो कास्ट ईएमआई की पेशकश

नयी दिल्ली। मोबाइल प्रौद्योगिकी ब्रांड वनप्लस के नये स्मार्टफोन वनप्लस नॉर्ड3 5 जी को लेकर ग्राहकों में आकर्षण बढ़ाने के उद्देश्य से नो कॉस्ट ईएमआई की पेशकश की गयी है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस स्मार्टफोन पर एक सितंबर, 2023 से वनप्लस नॉर्ड 3 5जी खरीदने के इच्छुक यूजरों के लिए एक्सिस बैंक और सिटी क्रेडिट और डेबिट कार्ड से ईएमआई लेनदेन के माध्यम से और वनप्लसडॉटइन, वनप्लस स्टोर ऐप, वनप्लस एक्सपीरियंस स्टोर और एमेजानडॉटइन से सभी वनकार्ड लेनदेन पर 2000 रुपए का बैंक डिस्काउंट मिलेगा। उसने कहा कि इसके अलावा एक्सिस बैंक, सिटी, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई कार्ड और वनकार्ड के साथ 6 महीने तक नो कॉस्ट ईएमआई के लिए भी यह पात्र है।

# शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, यूटिलिटीज, तेल एवं गैस और सर्विसेज समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार की पिछले लगातार तीन दिन की तेजी पर ब्रेक लग गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 255.84 अंक लुढ़ककर 64831.41 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 93.65 अंक की गिरावट लेकर 19253.80 अंक पर आ गया।

हालांकि दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी कंपनियों में लिवाली हुई लेकिन मझौली कंपनियों के शेयर फिसल गए। इससे मिडकैप 0.02 प्रतिशत उतरकर 31,200.60 अंक जबकि स्मॉलकैप 0.79 प्रतिशत उछलकर 37,143.67 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3768 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1777 में बिकवाली जबकि 1844 में लिवाली हुई वहीं 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां लाल जबकि शेष 16 हरे निशानी पर रही।



बीएसई के 11 समूहों में लिवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.37, ऊर्जा 0.84, एफएमसीजी 0.71, वित्तीय सेवाएं 0.41, यूटिलिटीज 1.28, ऑटो 0.18, बैंकिंग 0.65, तेल एवं गैस 1.32, पावर 0.51, टेक 0.09 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.04 प्रतिशत लुढ़क गए।

विदेशी बाजारों का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02, हांगकांग का हैंगसेंग 0.55 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.55 प्रतिशत उतर गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.53 और जापान के निक्केई में 0.88 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 91 अंक की तेजी के साथ 65,178.33 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 65,277.04 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बिकवाली के दबाव में कारोबार के अंतिम चरण में यह 64,723.63 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,087.25 अंक के मुकाबले 0.39 प्रतिशत टूटकर 64,831.41 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 28 अंक बढ़कर 19,375.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,388.20 अंक के उच्चतम जबकि 19,223.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,347.45 अंक की तुलना में 0.48 प्रतिशत गिरकर 19,253.80 अंक पर आ गया।

सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज फाइनेंस 1.34, एशियन पेंट 1.33, इंडसइंड बैंक 1.20, एसबीआई 1.12, पावरग्रिड 1.03, टीसीएस 0.97, एक्सिस बैंक 0.87, टाटा मोटर्स 0.73, रिलायंस 0.47, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.46, एचडीएफसी बैंक 0.44, एनटीपीसी 0.18, एलटी 0.10, भारती एयरटेल 0.08 और इंफोसिस 0.07 प्रतिशत शामिल रही।

# मुंबई में अगस्त में 10,550 संपत्तियों की रजिस्ट्री, एक दशक का रिकार्ड

मुंबई। मुंबई शहर में इस वर्ष अगस्त में कुल 10,550 अचल संपत्तियों (मकान/भवन आदि) का पंजीकरण होने का अनुमान है।

नाइट फ्रैंक इंडिया की गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार इससे राज्य सरकार को 790 करोड़ रुपये का पंजीकरण शुल्क मिलने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुंबई में इस बार अगस्त माह में पिछले वर्ष इसी माह की तुलना में सम्पत्तियों के पंजीकरण और राजस्व में 23 प्रतिशत की वृद्धि दिखी है।

रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2023 में कुल पंजीकृत संपत्तियों में से 80 प्रतिशत आवासीय और शेष गैर-आवासीय संपत्तियाँ हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार इस बार का अगस्त महीना अचल सम्पत्तियों की पंजीकरण संख्या और सरकार को इससे होने वाले राजस्व, दोनों की दृष्टि से एक दशक का सबसे अच्छा महीना साबित हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'यह ब्याज दरों और संपत्ति की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद मुंबई के आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र की स्थायी मजबूती और संपत्ति खरीदारों के अटूट विश्वास को इंगित करता है।

मजबूत मांग के चलते शहर के मध्य और पश्चिमी उपनगरीय इलाकों में शुरू की गयी नयी आवासीय परियोजनाएं में वृद्धि दिख रही है।

रिपोर्ट के अनुसार 2023 के शुरुआती आठ महीनों के दौरान, शहर में कुल 83,263 अचल सम्पत्तियों का पंजीकरण हुआ है जो एक उल्लेखनीय आंकड़ा है। इससे राज्य के खजाने में 7,242 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। यह उपलब्धि 2013 के बाद किसी भी वर्ष की इस अवधि की सबसे अच्छी उपलब्धि है।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने एक बयान में कहा, मुंबई के आवासीय बाजार में मजबूती बनी हुई है। संपत्ति की कीमतों में वृद्धि और बड़े मकान खरीदने की खरीदारों की बढ़ती प्राथमिकता के कारण मुंबई में एक करोड़ रुपये या उससे महंगे मकानों की का पंजीकरण लगातार बढ़ रहा है। मांग के समर्थन से कुल मिलाकर शहर के आवास बाजार में उत्साह का वातावरण है।

# उपभोक्ता संरक्षण में होगा कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग

नयी दिल्ली। उपभोक्ता मामलों के विभाग (डीओसीए) के सचिव रोहित कुमार सिंह ने गुरुवार को कहा कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सावधानी के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद ली जा सकती है। सिंह यहां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उपभोक्ता विषय पर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में एआई के लाभों को प्राप्त करते हुए उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के मुद्दों का पता लगाने के लिए डीओसीए और हितधारकों के बीच रचनात्मक बातचीत की गई। सिंह ने कहा कि प्रौद्योगिकी जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रचलित है और दैनिक जीवन में लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है और उसका प्रभाव बढ़ रहा है। इसलिए, उपभोक्ताओं के साथ उनके संबंधों के संबंध में इन प्रौद्योगिकियों के प्रभावों के बारे में सावधान रहना और भी अधिक आवश्यक है। कार्यशाला में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की निगरानी, उपभोक्ता शिकायतें दर्ज करने की सुविधा में एआई तकनीक के उपयोग पर भी चर्चा की गई।

## शार्ट न्यूज

### स्पोर्ट्स 18, जियो सिनेमा पर प्रसारित होंगे भारत के घरेलू मैच

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज और पैरामाउंट ग्लोबल के संयुक्त अधिग्रहण वाली मीडिया कंपनी वायाकॉम 18 ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सभी घरेलू मैचों के डिजिटल और टीवी प्रसारण अधिकार हासिल कर लिये हैं। बोर्ड ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। वायाकॉम 18 के पास इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के डिजिटल प्रसारण अधिकार पहले ही थे। अब घरेलू सरज़मीन पर होने वाले भारतीय पुरुष और महिला टीम के मैच भी जियो सिनेमा और टीवी चैनल स्पोर्ट्स 18 प्रसारित करेगा। बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा, बीसीसीआई ने सितंबर 2023 से मार्च 2028 के लिये बीसीसीआई अंतरराष्ट्रीय मैचों और घरेलू मैचों के मीडिया अधिकारों के लिये निविदा आमंत्रण (आईटीटी) जारी किया था। इस प्रक्रिया के तहत 31 अगस्त 2023 को एक ई-नीलामी आयोजित की गयी जिसमें मीडिया अधिकारों के लिये सफल बोलीदाता का निर्धारण करने के लिये सभी पात्र बोलीदाताओं को भाग लेने की अनुमति दी गयी थी। विज्ञप्ति में कहा गया कि वायाकॉम 18 ने 5,963 करोड़ रुपये (67.8 करोड़ रुपये प्रति मैच) की कीमत पर पांच साल के लिये मीडिया अधिकार हासिल किये हैं। स्टार स्पोर्ट्स ने 2018 में 6,138 करोड़ रुपये (60 करोड़ रुपये प्रति मैच) की कीमत चुकाकर भारत के घरेलू मैचों के डिजिटल और टीवी प्रसारण अधिकार हासिल किये थे।

### पाकिस्तान ने भारत को 5-4 से हराया, बांग्लादेश और ओमान पर जीत के बाद मिली हार

**सलालाह।** भारतीय टीम को एशियाई हॉकी 5 में पाकिस्तान के हाथों से 4-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इससे पहले बांग्लादेश को 15-1 और ओमान को 12-2 से पराजित किया था। यह टूर्नामेंट विश्वकप का क्वालिफायर है। भारत के लिए मनिंदर सिंह (17, 29), गुरजोत सिंह (12), मोहम्मद राहिल (21) ने गोल किए, जबकि पाकिस्तान के लिए एहतेशाम असलम (2,3), जिकरिया हयात (5), अब्दुल रहमान (13), अब्दुल राणा (26) ने गोल किए। भारतीय टीम मध्यांतर तक 1-4 से पिछड़ी हुई थी। दूसरे हाफ में भारत ने 3-4 स्कोर किया, लेकिन राणा ने गोल कर वापसी की उम्मीदों पानी फेर दिया। मनिंदर ने मैच समाप्ति से पहले गोल कर स्कोर 4-5 किया। ओमान के खिलाफ राहिल, पवन राजभर और मनिंदर ने हैट्रिक लगाई। गुरुवार को भारत मलयेशिया और जापान से खेलेगा।

### बाबर सबसे तेज 19 वनडे शतक लगाने वाले बैटर

**मुल्तान।** एशिया कप का ओपनिंग मैच बुधवार को मुल्तान में मेजबान पाकिस्तान और नेपाल के बीच खेला गया। पाकिस्तान ने 342 रन का स्कोर खड़ा किया, जो उनका एशिया कप में तीसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा। पहली बार टूर्नामेंट खेल रही नेपाल की टीम 104 रन पर ही ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान ने 238 रन से मुकाबला जीता। यह एशिया कप इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। पाकिस्तान के बाबर आजम ने बतौर कप्तान एशिया कप में सबसे बड़ा स्कोर बनाया, उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। मुकाबले में कुल 14 रिकॉर्ड बने, बाबर आजम ने अकेले ही 7 रिकॉर्ड बनाए। इन्हीं रिकॉर्ड्स को इस स्टोरी में हम जानेंगे। 28 साल के बाबर आजम ने अपने वनडे करियर का 19वां शतक लगाया। इसके लिए उन्होंने महज 102 पारियां लीं, जो दुनिया में सबसे तेज हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के हाशिम आमला का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 104 पारियों में 19 वनडे शतक लगाए थे। भारत के विराट कोहली ने 124 पारियों के बाद इतने शतक लगाए थे।

### भारत 2027 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप होस्टिंग की बिडिंग को तैयार

वर्ल्ड एथलेटिक चैंम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने बुधवार को ज्यूरिख में दावा किया कि 2027 में होने वाले वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी के लिए भारतीय एथलेटिक्स संघ बोली लगा सकता है। नीरज ज्यूरिख में डायमंड लीग में भाग लेने के लिए गए हुए हैं। उन्होंने डायमंग लीग की पूर्व संध्या पर प्रेस कांन्फ्रेंस में भारत की वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी की संभावना के बारे में पूछे जाने पर नीरज ने कहा, भारत 2027 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबनी की बोली लगाने जा रहा है। मैं भारतीय फैन्स से अनुरोध करूंगा और मुझे उम्मीद है कि भारी संख्या में लोग उस टूर्नामेंट को देखने के लिए आएंगे। नीरज ने आगे कहा, जेवलिन थ्रो भारत में अब प्रसिद्ध हो गया है। मैंने हमेशा इंटरव्यू में कहा कि हमें एथलेटिक्स को समझने और इसके बारे में जानने की जरूरत है। एथलेटिक्स में बहुत इवेंट हैं। केवल इसमें जेवलिन नहीं होता है। मैं फैन्स को आने के लिए प्रेरित करूंगा। अब भारत में भी काफी संख्या में लोग एथलेटिक्स को सपोर्ट करते हैं और इसका अनुसरण करते हैं। वहीं भारतीय एथलेटिक्स संघ के सूत्र भी बताते हैं कि भारतीय एथलेटिक्स संघ 2027 वर्ल्ड चैम्पियनशिप की बोली लगाने की योजना तैयार कर रही है। इसके लिए सरकार से मंजूरी के लिए अनुरोध करेगी।

### विस्फोट से अधिकारी और तीन सैनिक घायल

**रामल्ला।** वेस्ट बैंक के नब्लस में हुए विस्फोट में इज़राइली रक्षा बल (आईडीएफ) के एक अधिकारी और तीन सैनिक घायल हो गए। यह जानकारी आईडीएफ ने टेलीग्राम पर एक बयान के माध्यम से दी। आईडीएफ ने कहा नब्लस शहर में जोसेफ के मकबरे में इजरायली नागरिकों का समन्वित प्रवेश सुरक्षित करने के दौरान हुए एक विस्फोटक में एक आईडीएफ अधिकारी और तीन सैनिक घायल हो गए। उन्हें चिकित्सा उपचार प्रदान करने के लिए एक अस्पताल में भर्ती किया गया और उनके परिवारों को इस दुर्घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है। अधिकारी और तीनों सैनिक मामूली और हल्के रूप से घायल हुए हैं। बयान में कहा गया कि यह विस्फोट तब हुआ जब सुरक्षाकर्मी मार्ग को सुरक्षित करने के लिए अभियान चला रहे थे और कहा कि जोसेफ के मकबरे तक इजरायली नागरिकों का समन्वित प्रवेश हमेशा की तरह जारी रखेगा। फिलिस्तीनी रेड क्रीसेंट ने एक बयान में कहा कि नब्लस में इजरायली बलों के साथ हुए संघर्ष में 39 फिलिस्तीनी घायल हो गए।

### कुरैशी 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में विशेष अदालत ने बुधवार को सिफर मामले मे पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने पूर्व विदेश मंत्री को आज उनकी दो दिन की फिजिकल रिमांड पूरी होने के बाद विशेष अदालत में पेश किया। विशेष अदालत का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने मामले पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान एफआईए के विशेष अभियोजक ने अदालत से शारीरिक रिमांड बढ़ाने का अनुरोध करते हुए कहा कि उन्हें कुरैशी का मोबाइल फोन आदि चीजें बरामद करने की जरूरत है। न्यायाधीश जुल्करनैन ने बार-बार समयसीमा बढ़ाने की अपील पर नाराजगी व्यक्त की और उनके अनुरोध खारिज कर दिया। कुरैशी को इस महीने की शुरुआत में एफआईए की काउंटर टेररिज्म विंग (सीटीडब्ल्यू) ने गिरफ्तार किया था। आंतरिक सचिव यूसुफ नसीम खोखर की शिकायत पर उनके खिलाफ आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम 1923 आर/डब्ल्यू 34 पीपी की धारा 5 और 9 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इससे पहले दिन में आज कुरैशी की सुनवाई से पहले, न्यायाधीश जुल्करनैन ने सिफर मामले में पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान की न्यायिक हिरासत 13 सितंबर तक बढ़ा दी। गृह मंत्रालय द्वारा व्यक्त की गई सुरक्षा चिंताओं के बीच कानून मंत्रालय की मंजूरी के बाद मामले की सुनवाई अटक जिला जेल में हुई।

# हांग्झोउ जाने से पहले भारतीय टीम के लिये आयोजित हुआ विदाई समारोह

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने एशियाई खेलों में भाग लेने के लिये हांग्झोउ जाने वाली भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों के लिये गुरुवार को यहां विशेष विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

भारतीय टीमें 19 सितंबर को हांग्झोउ के लिये रवाना होंगी और उससे पहले यहां भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केन्द्र में प्रशिक्षण लेंगी।






हॉकी इंडिया ने इस समारोह में खिलाड़ियों के परिजनों को बुलाकर टीम के साथ-साथ उन्हें भी सम्मानित किया। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और ओडिशा के खेल और युवा सेवाएं मंत्री तुषारकांती बेहरा भी उपस्थित रहे।

टीमों को विदा करने के लिये ओडिशा से बेंगलुरु पहुंचे बेहरा ने कहा, मैं यहां टीम को विदा करने के लिये आकर बहुत खुश हूं। पुरुष और महिला दोनों टीमों की हालिया सफलता को करीब से देखने के बाद मुझे पूरा विश्वास है कि वे शीर्ष सम्मान लेकर लौटेंगे। मैं उनके लिये सर्वश्रेष्ठ नतीजों की कामना करता हूं।

डॉ. टिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया इस आयोजन के माध्यम से खिलाड़ियों के परिवारों द्वारा किये गये अविश्वसनीय प्रयासों की सराहना करता है। यह पहली बार है कि दोनों टीमों के सभी परिवार के सदस्यों को एक साथ लाया गया है। हम इन चैंपियनों के विकास में परिवार के सदस्यों के प्रयासों का सम्मान करना चाहते थे।

उन्होंने कहा, मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि टीमें बड़ी सफलता के लिये सही रास्ते पर हैं। हाल ही में चेन्नई में हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की जीत के साथ महिला टीम की हालिया दौरों पर और उद्घाटन एफआईएच नेशंस कप में जीत टीम के दृढ़ संकल्प और क्षमता का प्रमाण है। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि दोनों टीमें चीन में सफल होंगी और ओलंपिक में जगह बनायेंगी।

हॉकी इंडिया के इस कदम से प्रसन्न होकर भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, यह वास्तव में एक अद्भुत कार्यक्रम था। इस अवसर पर मेरे परिवार का यहां आना और हमें इतना यादगार संदेश देना मेरे लिए बेहद खास है। इसने हमें देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया है।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने हरमनप्रीत की भावनाओं को दोहराते हुए कहा, हमारे लिये इस खूबसूरत विदाई समारोह का आयोजन करने के हॉकी इंडिया के प्रयास से हम बहुत प्रभावित और सम्मानित महसूस कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि आज अपने परिवार के साथ उपस्थित सभी खिलाड़ी इस मान्यता और प्रोत्साहन के लिये दिल से आभारी हैं। अब हम अपने देश को गौरवान्वित करने के लिये नये उत्साह के साथ इस यात्रा पर निकलने के लिये तैयार हैं।

हांग्झोउ एशियाई खेलों की शुरुआत 23 सितंबर को होगी। अगर भारतीय टीमें एशियाड में स्वर्ण जीतती हैं तो वह अगले साल फ्रांस की राजधानी पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिये क्वालीफाई कर लेंगी।

एशियाई खेलों के लिये भारतीय पुरुष हॉकी टीम = पीआर श्रीजेश, कृष्ण पाठक, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, संजय, सुमित, नीलकंठ शर्मा, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, अभिषेक, गुरजंत सिंह, मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह और ललित कुमार उपाध्याय।

भारतीय महिला हॉकी टीम : सविता, बिचू देवी खारीबाम, दीपिका, लालरेम्सियामी, मोनिका, नवनीत कौर, नेहा, निशा, सोनिका, उदिता, इशिका चौधरी, दीप ग्रेस एक्का, वंदना कटारिया, संगीता कुमारी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, निक्की प्रधान, सुशीला चानू, सलीमा टेटे।

## तीन साल के लिए मुंबई एफसी में शामिल हुए लोटजेम

मुंबई। मुंबई सिटी एफसी ने गुरुवार को युवा विंगर सेलेनथांग लोटजेम के साथ अनुबंध की घोषणा की।

मणिपुर से आने वाले 19 वर्षीय लोटजेम 2025-26 सीज़न के अंत तक तीन साल के अनुबंध पर मुंबई एफसी में शामिल हुए।

पंजाब में जेसीटी अकादमी से आने के बाद लोटजेम को महज 16 साल की उम्र में 2020 में सुदेवा दिल्ली एफसी ने अपने साथ जोड़ा था। क्लब के साथ अपने दूसरे सीज़न में लोटजेम को सुदेवा दिल्ली की पहली टीम में लाया गया और उन्हें 2021-22 आई-लीग में नियमित रूप से खेलने का मौका मिला। इस सीजन उन्होंने 10 मैचों मे एक गोल किया।

लोटजेम अगले सीज़न में प्रमुखता से उभरे क्योंकि उन्होंने सुदेवा दिल्ली के लिए 21 बार मैदान पर उतरते हुए छह गोल किए। वह इसी के साथ केवल 18 साल की उम्र में 2022-23 आई-लीग में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा गोल करने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए।

लोटजेम ने नए क्लब में शामिल होने पर कहा, मुंबई सिटी के साथ जुड़ना मेरे लिए गर्व का क्षण है। मेरा ध्यान पूरी तरह से कड़ी मेहनत करने और हर दिन एक खिलाड़ी के रूप में आगे बढ़ने पर है। मुंबई सिटी जैसे क्लब में और डेस बकिंघम जैसे कोच के तहत खेलना एक अवसर है, जिसका मैं अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं।

### जोकोविच तीसरे दौर में पहुंचे,रूड, सितसिपास हुए उलटफेर का शिकार

**न्यूयॉर्क।** सर्बिया के दूसरी सीड नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में स्पेन के बर्नाब मिरालेस को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया, हालांकि पांचवीं सीड कैस्पर रूड और सातवीं सीड स्टेफानोस सितसिपास उलटफेर का शिकार हो गए। चीन के झांग झीजेन ने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए नॉर्वे के रूड को तीन घंटे 18 मिनट में 6-4, 5-7, 6-2, 0-6, 6-2 से हराया। स्विट्जरलैंड के डोमिनिक स्ट्राइकर ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम आयोजन के तीसरे दौर के यूनान के सितसिपास को कड़े मुकाबले में 7-5, 6-7(2), 6-7(5), 7-6(6), 6-3 से हराया। दूसरी ओर, जोकोविच ने अपने 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर एक और मज़बूत कदम बढ़ाते हुए मिरालेस को 6-4, 6-1, 6-1 से हरा दिया।

## बुमराह के आने से हमारी गेंदबाजी मजबूत हुई : शमी

**नयी दिल्ली।** लंबे समय तक जसप्रीत बुमराह की कमी महसूस करने के बाद भारत के अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी ने कहा है कि उनकी वापसी से भारतीय गेंदबाज़ी मज़बूत हो गई है।

शमी ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम पर कहा, लंबे समय से हमारे पास जस्सी (बुमराह) नहीं था, इसलिए हमें उसके जैसे अच्छे खिलाड़ी की कमी महसूस हुई।

उन्होंने कहा, आपको कभी-कभी ऐसा लगता है कि काश यह खिलाड़ी वहां होता, ताकि आपका संयोजन सेट हो सके।

इसलिए जस्सी के होने से, खासकर सीमित ओवर प्रारूप में, हमारी गेंदबाजी बहुत मजबूत हो गई है। वह फिट दिख रहे हैं और अच्छा खेल रहे हैं, उम्मीद है कि हम एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि बुमराह कमर में स्ट्रेस फ्रैक्चर होने के कारण करीब 11 महीने क्रिकेट से दूर रहे और उन्होंने इसी माह आयरलैंड टी20 दौरे के लिए टीम में वापसी की। शमी को पूरा विश्वास है कि बुमराह, सिराज और उनकी तिकड़ी एशिया कप और उसके बाद होने वाले विश्व कप में भारत के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।




शमी ने कहा, बड़े मैचों के लिए हमेशा अच्छी तैयारी होती है क्योंकि हमने प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास किया है। मुझे नहीं लगता कि हमें स्थिति का बहुत अधिक विश्लेषण करने की जरूरत है, हमारे पास कौशल और गेंदबाजी लाइनअप है, इसलिए हमें ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं। मुझे एक बात कहनी है कि जब भी वनडे मैच आते हैं तो ध्यान केंद्रित करना बहुत जरूरी होता है। इसलिए हमें ध्यान केंद्रित करना होगा और उचित योजना बनानी होगी। उन्होंने कहा, मेरे पास नई गेंद है या टीम को मैच के दौरान किसी भी चरण में मेरी जरूरत है तो मैं हमेशा मौजूद रहता हूं। मुझे नई गेंद या पुरानी गेंद से गेंदबाजी करने में कोई झिझक नहीं है। हम तीनों बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं, इसलिए यह प्रबंधन पर निर्भर करता है कि कौन खेलेगा। केवल एक ही लक्ष्य है, मैदान पर जाना और अपना शत-प्रतिशत देना है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब चुनाव आदेश की समीक्षा पर ईसीपी की याचिका को किया खारिज

**इस्लामाबाद।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें शीर्ष अदालत से 14 मई को पंजाब विधानसभा चुनाव कराने के अपने आदेश पर फिर से विचार करने को कहा गया था।

गत 04 अप्रैल को एक सर्वसम्मत फैसले में शीर्ष अदालत की पीठ ने प्रांत में चुनाव की तारीख 10 अप्रैल से बढ़ाकर 08 अक्टूबर करने के चुनावी निकाय के फैसले को रद्द कर दिया था और 14 मई को नई तारीख तय की थी।

इसके अलावा सरकार को पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में चुनावों के लिए 21 अरब रुपये जारी करने और चुनावों के संबंध में ईसीपी को एक सुरक्षा योजना प्रदान करने का भी निर्देश दिया था। इसके अलावा, अदालत ने संबंधित अधिकारियों को इसे लूप में रखने का निर्देश दिया था।




हालाँकि, बाद में ईसीपी ने शीर्ष अदालत को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा था कि तत्कालीन सत्तारूढ़ गठबंधन धन जारी करने की इच्छुक नहीं थी।

इस तर्क दिया था कि अन्य जगहों से पहले पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में अलग-अलग चुनाव कराना संभव नहीं है क्योंकि इसमें एक दिन में मतदान कराने की तुलना में काफी अधिक खर्च आएगा। पहले से ही ख़त्म हो चुके सुरक्षा तंत्र को सक्रिय करने के लिए कई सप्ताह पहले की आवश्यकता होगी।

इससे पहले 03 मई को अदालत द्वारा चुनाव की तारीख 14 मई तय करने पर चुनाव के लिए दो हफ्ते से भी कम समय रह गया था। चुनाव आयोग ने अदालत के 04 अप्रैल के आदेश की समीक्षा की मांग करते हुए अपनी याचिका दायर की थी।

पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल, न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन और न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर की तीन सदस्यीय एससी पीठ ने आज मामले की सुनवाई फिर से शुरू की, जिसे जून में शीर्ष अदालत ने (निर्णयों और आदेशों की समीक्षा) अधिनियम 2023 के साथ संलग्न किया था और 11 अगस्त को शीर्ष अदालत द्वारा इसे हटा दिया गया।

आज सुनवाई के दौरान ईसीपी अधिवक्ता ने चुनावी तैयारी के लिए एक और सप्ताह का समय मांगा। हालांकि मुख्य न्यायाधीश ने अधिवक्ता से अदालत को अपने रुख से अवगत कराने को कहा और उन्होंने कहा कि सुनवाई के बाद पीठ मामले की समीक्षा करेगी।

अधिवक्ता ने जवाब दिया कि उन्हें मामले में अतिरिक्त आधार तैयार करने के लिए कुछ और समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सबसे अहम सवाल चुनाव की तारीख बताने को लेकर है। अधिवक्ता ने तर्क दिया कि चुनाव अधिनियम 2017 की धारा 57 और 58 में संशोधन के बाद इसकी शक्ति अब ईसीपी के पास है।

न्यायमूर्ति अख्तर ने टिप्पणी की, 'वकील साहब, ध्यान रखें कि यह एक समीक्षा (याचिका) है।' उन्होंने कहा, ''उन बिंदुओं को न उठाएं जो मूल मामले में नहीं उठाए गए थे।

न्यायाधीश ने ईसीपी अधिवक्ता से कहा, रिकॉर्ड से हमें उस आदेश में गलतियों के बारे में बताएं जिसके लिए समीक्षा की आवश्यकता है।

मुख्य न्यायाधीश बंदियाल ने कहा कि जब भी संवैधानिक उल्लंघन होगा तो अदालत हस्तक्षेप करेगी।

### मलेशिया ने स्वतंत्रता की 66वीं वर्षगांठ मनाई

कुआलालंपुर। मलेशिया ने गुरुवार को परेड, आतिशबाजी और बड़े पैमाने पर समारोहों के आयोजन के साथ स्वतंत्रता दिवस की 66वीं वर्षगांठ मनाई। बुधवार देर रात के हजारों मलेशियाई लोगों ने देशभक्ति गीत गाकर और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस मनाया और इस उत्सव का समापन गुरुवार सुबह पुत्रजया के प्रशासन केंद्र में राजा सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह की देखरेख में परेड के साथ हुआ। इस उत्सव में मलेशियाई सम्राट के साथ प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, कैबिनेट के सदस्य और अन्य अधिकारी शामिल हुए। नर्तकियों और अन्य कलाकारों के अलावा हजारों सैन्य और नागरिक कर्मियों ने स्वतंत्रता परेड में भाग लिया। सुल्तान अब्दुल्ला ने मलेशियाई लोगों को यह याद दिलाया कि एकता, सद्भाव, जनता की भलाई ही दक्षिण पूर्व एशियाई देश की कुंजी है।

## भारत-अमेरिका मिलकर बनाएंगे फाइटर जेट इंजन

### अमेरिकी संसद ने डील को मंजूरी दी; भारत को 80 फीसदी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर होगी

अमेरिकी संसद ने भारत और अमेरिका के बीच हुई फाइटर एयरक्रॉफ्ट इंजन की डील को मंजूरी दे दी है। भारत की हिंदुस्तान ऐयरोनॉटिक्स लिमिटेड और अमेरिका की त्रश्व ऐयरोस्पेस के बीच साथ मिलकर फाइटर जेट के इंजन बनाने को लेकर एग्रीमेंट हुआ था। इस डील को मंजूरी मिलने से दोनों देशों के बीच स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप और मजबूत होगी।

इस साल जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्टेट विजिट के दौरान भारत और अमेरिका के बीच इस डील पर सहमति बनी थी। अब बाइडेन सरकार को इस डील को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी संसद ने भी मंजूरी दे दी है। इस डील के तहत अमेरिका ने भारत के साथ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, जेट इंजन का निर्माण और लाइसेंस का एग्रीमेंट किया था।



#### भारत को टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करेगा अमेरिका

GE एयरोस्पेस कंपनी स्न-414 फाइटर जेट इंजन के निर्माण के लिए अपनी 80 प्रतिशत तकनीक भारत को ट्रांसफर करेगी। इस टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का मकसद हल्के लड़ाकू विमान (LCA) MKII की क्षमताओं को बढ़ाना है। ये लड़ाकू इंजन 'तेजस मार्क-2' के लिए बनाए जाएंगे। मार्क-2 तेजस का एडवांस मॉडल है और इसमें GE-F414 इंजन लगना है।

#### इस डील को भविष्य के गेमचेंजर माना जा रहा है

इस साझेदारी को HAL के चीफ सीबी अनंतकृष्णन ने बड़ा गेम चेंजर माना है, क्योंकि यह भविष्य के स्वदेशी इंजनों के लिए आधार बनेगा जो सैन्य जेट को ताकत देंगे। सौदे के तहत 99 जेट इंजनों का निर्माण किया जाएगा, जो टेक्नोलॉजी ट्रांसफर होने की वजह से कम महंगे होंगे। स्न-414 इंजन अपनी विश्वसनीयता और प्रदर्शन के लिए मशहूर हैं।

GE एयरोस्पेस, कंपनी चार दशकों से भारत में काम कर रही है। इस डील के मंजूरी मिलने के बाद अब कंपनी को इंजन बनाने, एवियोनिक्स, सेवाएं, इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग और स्थानीय सोर्सिंग को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### चीन ने तूफान के मद्देनजर किया रेड अलर्ट

बीजिंग। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने गुरुवार को साओला तूफान के मद्देनजर देश में रेड अलर्ट जारी किया। चार स्तरीय तूफान चेतावनी प्रणाली में यह सबसे गंभीर चेतावनी है। देश में इस साल के नौवें तूफान को देखते हुए दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में तूफान और भारी बारिश होने का अनुमान है। वेधशाल ने एक बयान में कहा कि यह तूफान आज सुबह पांच बजे दक्षिण चीन के गुआंग्डोंग प्रांत के हुइलाई काउंटी से लगभग 330 किमी दक्षिणपूर्व में समुद्र के ऊपर उठा। तूफान के धीरे-धीरे 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की उम्मीद है। राष्ट्रीय वेधशाला ने कहा कि तूफान से शुक्रवार दोपहर या रात को हुइलाई से हांगकांग तक फैले तटीय इलाकों में कहीं भूस्खलन हो सकता है और इसके बाद यह पश्चिम से दक्षिण की ओर बढ़ेगा और पूर्वी गुआंग्डोंग में बिना बरसे गुजर जाएगा। केंद्र ने कहा कि इस अवधि के दौरान फुज़ियान, गुआंग्डोंग और ताइवान के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होगी और कुछ क्षेत्रों में 100 से 220 मिमी तक बारिश होने का अनुमान जताया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने सलाह जारी की है कि इस दौरान घर पर या अन्य स्थानों पर किसी भी तरह के समारोह न किए जाए और प्रशासन से कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को समय पर अन्यत्र स्थानांतरित करने की सलाह दी गयी है।

### सेनेगल सेना ने नाइजर पर संभावित आक्रमण के लिए तैयारी शुरू की

डाकार। सेनेगल की सेना नाइजर में संभावित सैन्य हस्तक्षेप करने के लिए बेनिन में तैनाती की तैयारी शुरू कर रही है। यह जानकारी सेनेवेब समाचार पोर्टल ने बुधवार को सूत्रों के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, सेनेगल की सेना ने सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ मबाये सिसे के निर्देश पर 11 अगस्त को अपनी सेना को एकत्रित किया। देश के हवाई वाहक, एयर सेनेगल ने एकत्रित 900 सैनिकों और सैन्य उपकरणों को बेनिन के शहर कोटोनौ में परिवहन करने का अनुरोध किया है, जो निस्संदेह पश्चिम अफ्रीकी राज्यों का आर्थिक समुदाय (ईसीओडब्ल्यूएएस) के बलों के लिए एक रियर बेस जैसा काम करेगा। सेना के एक प्रवक्ता ने पोर्टल से कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। गौरतलब है कि 26 जुलाई को, नाइजर के राष्ट्रपति गार्ड ने राष्ट्रपति मोहम्मद बाज़ोम को अपदस्थ कर दिया और उन्हें हिरासत में ले लिया। गार्ड के कमांडर, जनरल अब्दुर्रहमान त्चियानी ने खुद को होमलैंड के नेतृत्व वाली सरकार की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद का कार्यवाहक अध्यक्ष घोषित किया। अधिकांश पश्चिमी देशों के साथ-साथ ईसीओडब्ल्यूएएस ने इसकी निंदा की। अगस्त की शुरुआत में, ईसीओडब्ल्यूएएस ने नाइजर में संभावित सैन्य हस्तक्षेप करने के लिए एक योजना तैयार की थी।

### ताइवान के लिए पहली बार संप्रभु राज्य वित्त कार्यक्रम के अंतर्गत अमेरिकी रक्षा सहायता

**वाशिंगटन।** अमेरिकी हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल ने ताइवान के लिए विदेशी सैन्य वित्तपोषण के माध्यम से पहली बार सहायता की घोषणा करने के लिए बिडेन प्रशासन की सराहना की। एफएमएफ कार्यक्रम आमतौर पर संप्रभु राज्यों या अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लिए आरक्षित है। मैककॉल ने बुधवार को एक बयान में कहा, मुझे खुशी है कि अमेरिकी प्रशासन ताइवान को एफएमएफ प्रदान करके हमारे द्विदलीय ताइवान एन्हांस्ड रेजिलिएंस एक्ट लागू कर रहा है। ये हथियार न केवल ताइवान की मदद करेंगे और क्षेत्रीय लोकतंत्रों की रक्षा करेंगे बल्कि अमेरिकी निवारक मुद्रा को भी मजबूत करेंगे। मैककॉल ने यह भी कहा कि यह कदम चीन के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी के अनुसार, एफएमएफ रक्षा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीददारी के लिए पात्र भागीदार देशों को दिया जाता है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अफ्रीकी संघ ही एकमात्र अन्य गैर-राष्ट्र राज्य है जो एफएमएफ के माध्यम से सैन्य सहायता प्राप्त करता है। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि यह कदम ताइवान के संबंध में अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं लाता है। रिपोर्ट के अनुसार, विदेश विभाग ने बुधवार को कांग्रेस को इस बिक्री से अवगत करा दिया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जयंत नाथ बने डीईआरसी के कार्यवाहक चेयरमैन

नयी दिल्ली । रिटायर्ड जस्टिस जयंत नाथ ने गुरुवार को दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) के कार्यवाहक चेयरमैन का कार्यभार संभाल लिया ।दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी ने रिटायर्ड जस्टिस जयंत नाथ को पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बधाई देते हुए कहा कि, मैं डीईआरसी के नए अध्यक्ष के रूप में रिटायर्ड जस्टिस जयंत नाथ का तहे दिल से स्वागत करता हूं। बिजली एक बहुत ही महत्वपूर्ण क्षेत्र है और हम इसमें सुधार लाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं। मैं अपनी सरकार के पूर्ण सहयोग का आश्वासन देता हूं। ऊर्जा मंत्री आतिशी ने कहा कि,रिटायर्ड जस्टिस जयंत नाथ के अनुभव के साथ, हमारी सरकार दिल्ली के बिजली विभाग को और बेहतर बनाने के लिए तैयार है। ग़ौरतलब है कि डीईआरसी के पूर्व अध्यक्ष रिटायर्ड जस्टिस शबीउल हुसैन का कार्यकाल इसी साल 9 जनवरी को पूरा हुआ था। इसके बाद से डीईआरसी अध्यक्ष का पद ख़ाली था।

### गौठानो से गौवंश की नीलामी के विज्ञापन पर बृजमोहन ने जताया कड़ा विरोध

रायपुर। छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर नगर निगम के द्वारा गौठान में रखे गौवंश के नीलामी के जारी विज्ञापन का कड़ा विरोध किया है। अग्रवाल ने जारी बयान में कहा कि रायपुर नगर निगम गौमाता को कसाइयों के हाथ में बेचने की कोशिश कर रही है। उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। क्या गोबर खरीदने, गौमूत्र खरीदने व गौठानो पर अरबो रुपया खर्च करने का ढिंढोरा पीटने वाली यह सरकार क्या गौ माता को गौठानो में रख भी नहीं सकती उन्होंने कहा कि गौवंश को किसी भी स्थिति में कसाइयों के हाथों सौपने नहीं देंगे। उन्होने कहा कि रायपुर नगर निगम अगर गाय और अन्य पशुओ को नीलाम करेगा तो उन्हें खरीदने वाला कौन होगा इसका निर्धारण कैसे होगा, कि खरीदने वाला गौमाता को पालेगा या सेवा करेगा। कहीं इस नीलामी के माध्यम से कसाई लोगो का प्रवेश तो नहीं हो जाएगा इस पर सरकार को चिंतन करना चाहिए। उन्होने कहा कि गौवंश कि नीलामी किसी हाल में नहीं होने दिया जाएगा।

### हेलमेट नहीं पहनने वाले वाहन चालकों को पुलिस ने राखी बांधकर वचन लिया

बड़वानी। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिला मुख्यालय पर पुलिस ने अनूठी पहल करते हुए बिना हेलमेट लगाये वाहन चला रहे व्यक्तियों को राखी बांधकर भविष्य में ऐसा नहीं करने के लिए वचन लिया। बड़वानी जिले में यातायात जागरूकता अभियान के दौरान आज यातायात पुलिस ने विभिन्न चौराहों पर बिना हेलमेट लगाये वाहन चला रहे लोगों को रोका और उन्हें बच्चों से राखी बंधवा कर वचन लिया कि वह भविष्य में बिना हेलमेट के वाहन नहीं चलाएंगे। हेलमेट नहीं लगा कर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों ने भी दंड भरने की बजाय राखी बंधवाना उचित समझा। यातायात प्रभारी ऊषा सिसोदिया ने बताया कि हेलमेट वाहन चालक के साथ-साथ पूरे परिवार की सुरक्षा है। रक्षाबंधन के त्योहार पर राखी बांधने के प्रयोग से अधिकांश वाहन चालकों ने एक सबक लिया और भविष्य में ऐसा नहीं करने का वचन भी दिया। स्टूडेंट पुलिस कैडेट ,सीट बेल्ट लगाने तथा धीमी गति से ट्रैक्टर चलाने का वचन लिया।

### भिण्ड में लंबी राखी बांधने का बना रिकार्ड

भिण्ड । मध्यप्रदेश के भिण्ड में आज पहली बार 1100 फीट लंबी राखी बांधे जाने का का रिकार्ड बना। यह कार्यक्रम मेहगांव कस्बे में बीजेपी नेता अशोक भारद्वाज के निवास पर आयोजित किया गया। यहां क्षेत्र की हजारों बहनों ने हिस्सा लेते हुए राखी बांधी। वहीं, विश्व की सबसे बड़ी राखी का खिताब का चयन करने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिन्होंने सर्टिफिकेट देकर सबसे बड़ी राखी का खिताब दिया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के एजुकेटिव पर्सन ऋषिनाथ ने पत्रकारों को बताया कि अब तक की सबसे बड़ी राखी बनाए जाने का प्रोग्राम मेहगांव में अशोक भारद्वाज द्वारा आयोजित किया गया है। अब तक की ये सबसे बड़ी राखी है, जिसका का नाम गिनीज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट भी दिया गया है।

### मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के लिए अब 11 सितम्बर तक ली जाएंगी दावा-आपत्ति

रायपुर। निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ में चल रहे मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11 सितम्बर कर दी है। राज्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब अर्हता तिथि 01 अक्टूबर की स्थिति में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम कटवाने तथा संशोधन के लिए 11 सितम्बर तक दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। इस दौरान आगामी शनिवार, 02 सितम्बर और रविवार, 03 सितम्बर को प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों में इसके लिए विशेष शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग ने लोगों से अपील की है कि वे सुदृढ़ लोकतंत्र एवं मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं तथा अपने मताधिकार का उपयोग करें।

## जब सावन की हरियाली तुम्हें न भाये तो...

जब सावन की हरियाली तुम्हें न भाये तो
तुम मुझे याद करना सुसपन बन आऊँगा ।

जब तक आँखों में आँसू पीड़ा बन लहरे
तब तक तुम रखना दूर न मेरी तरल आस ।
जब तक अभिलाषा जगी रहे अंतर्मन में
तब तक अधरों पर संचित रखना मृदुल हास ।

लेकिन जिस घड़ी धैर्य – बंध टूटने लगे
तुम मुझे याद करना स्पन्दन बन आऊँगा ।

जब भी जिस क्षण एकान्त खले पवमान छले
तब ही उस क्षण भावों की दरिया में आ के।
मन के आँगन में स्नेहिल दीप जला देना
ऊँजियार चाहे कहीं दूर जा कर झाँके।

यदि कहीँ वेदना कभी साँस पर इठलाये
तुम मुझे याद करना सुमिरन बन आऊँगा ।
जब सावन की हरियाली तुम्हें न भाये तो
तुम मुझे याद करना सुसपन बन आऊँगा।

चिन्ता के हाथों बिका हुआ मेरा चिन्तन
अन्धी कारा में बन्दी यद्यपि असमय मन ।
साँसों की फाँस गले का हार बनी मेरी
कुछ पता नहीं , किस ठाँव कब कहाँ रहूँ मगन।

फिर भी , सिंगार बन सकूँ मैं पतझड़ कोरा
तुम मुझे याद करना , साधन बन आऊँगा ।
जब सावन की हरियाली तुम्हें न भाये तो
तुम मुझे याद करना सुसपन बन आऊँगा ।



डॉ0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव 'पुष्कर'

# यूपी के आलू का विदेशों में बज रहा डंका

### उत्तर प्रदेश की उपजाऊ मिटटी की यह उपज लगातार विदेशों में हो रही है लोकप्रिय

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की उपजाऊ मिटटी की उपज लगातार विदेशों में लोकप्रिय हो रही है। इसी का उदाहरण है अलीगढ़ का आलू जिसका स्वाद दक्षिण अमेरिका के गुयाना देश के लोग भी अब चख पाएंगे। अलीगढ़ का आलू पहली बार गुयाना गया है। स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का किसानों की आय दोगुनी करने का सपना तेजी से साकार हो रहा है। किसान उद्यमी बनाने के साथ ही निर्यातक भी बन रहे है। परिणामस्वरूप, अलीगढ़ का 29 मीट्रिक टन आलू किसानों के समूह एफपीओ के माध्यम से गुयाना के लिए एक्सपोर्ट हुआ है।



#### किसान खुद बन रहे निर्यातक

बिचौलियों को बीच से हटाकर योगी सरकार किसानों की आय दोगुनी कर रही है। किसान एफपीओ के माध्यम से एक्सपोर्टर बन रहे है। वाराणसी स्थित एपीडा के क्षेत्रीय कार्यालय के उप महाप्रबंधक डॉ सी.बी.सिंह ने बताया कि अलीगढ़ का आलू कमर्शियल तौर पर पहली बार दक्षिण अमेरिका के गुयाना गया है। 29 मीट्रिक टन आलू समुद्री मार्ग से भेजा गया है। इस खेप के लिए आलुओं की खरीद अलीगढ़ के स्थानीय एफपीओ से किया गया है एवम अलीगढ़ स्थित कोल्ड स्टोरेज में पैक किया गया है। अलीगढ़ क्षेत्र में आलू उत्पादन की संभावनाओं को देखते हुए एपीडा आलू के लिए कृषि निर्यात केंद्र स्थापित करने की तैयारी में पहल कर रही है। जिसके बाद अलीगढ और आप पास के अन्नदाताओं के साथ ही अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर खुलेंगे। डबल इंजन की सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय व्यापार की दिशा में किसानों के समूह एफपीओ को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रशिक्षण ,क्षमता संवर्धन आदि कई कार्यक्रमों समय समय पर आयोजित करती रह रही है। उत्तर प्रदेश में एपीडा के सार्थक पहल के बाद, कोमालिका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सीधे निर्यात से जोड़ा गया है। क्षमता अवसंरचना बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों और एफपीओ को वित्तीय सहायता का प्रावधान भी किया गया है। एपीडा देश-विशिष्ट निर्यात प्रोत्साहन कार्यक्रम के लिए रणनीति तैयार कर रहा है और नए बाजारों में निर्यात क्षमता का दोहन करने के लिए यूरोपीय संघ के देशों, मध्य पूर्व और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन कर रहा है।

## 05 अन्तर्राज्यीय पशु तस्कर गिरफ्तार, 38 गोवंश हुए बरामद



**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, क्षेत्राधिकारी नगर व क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों तथा गोतस्करी/गोवध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन व हाथीनाला पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से बृहस्पतिवार को समय सुबह 03.40 बजे रानीताली नाला हाथीनाला के पास से 05 अभियुक्त को वध हेतु तस्करी कर ले जाये जा रहे 38 राशी बैल के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना हाथीनाला पर गोवध निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। मौके से अंधेरे व जंगल का फायदा उठाकर अभियुक्तगण रामकिशुन चौधरी उर्फ गुड्डू व ओमप्रकाश गोड फरार हो गये। प्रकरण में विधिक कार्यवाही की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शामिल अभियुक्तगण द्वारा 38 राशि बैल को तस्करी कर मध्य प्रदेश के देवसर से उ0प्र0 के जनपद सोनभद्र की सीमा में प्रवेश करते हुए रानीताली नाला हाथीनाला सोनभद्र से होते हुए रजैल्ला थाना नगर उटारी झारखण्ड वध हेतु ले जा रहे थे कि मुखबिर की सूचना पर 05 अभियुक्त की गिरफ्तारी व कब्जे से 38 राशि बैल, 03 अदद मोबाइल फोन व नगद 545/- रू0 बरामद किया गया।

## सितंबर में छठा राष्ट्रीय पोषण माह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय सितंबर में देशभर में छठा राष्ट्रीय पोषण माह मनायेगा।

मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि एक महीने तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विशेष स्तनपान और पूरक आहार के प्रमुख विषयों पर ध्यान केंद्रित करने वाले अभियानों के माध्यम से जमीनी स्तर पर पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए देश भर में केंद्रित प्रयास किए जाएंगे। स्वस्थ बालक प्रतिस्पर्धा (स्वस्थ बाल प्रतियोगिता) जैसी गतिविधियों का उद्देश्य पोषण और समग्र कल्याण के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना है। पोषण भी पढाई भी – पोषण के साथ-साथ शिक्षा , मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) के माध्यम से पोषण में सुधार, जनजातीय-केंद्रित पोषण संवेदीकरण, और परीक्षण, उपचार, बातचीत के माध्यम से एनीमिया को संबोधित करना शामिल होगा। इसके अतिरिक्त, पोषण माह के तहत जन आंदोलन आंदोलन मेरी माटी मेरा देश के तहत एकजुट उत्सव के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

मंत्रालय के अनुसार समग्र पोषण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए समुदाय के विभिन्न वर्गों को शामिल करते हुए, गांव, ब्लॉक और जिला स्तर पर आउटरीच कार्यक्रम, पहचान अभियान, शिविर और घरेलू दौरे आयोजित किए जाएंगे। व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों स्तरों पर पोषण संबंधी व्यवहार को प्रोत्साहित करना अभियान के लक्ष्यों को साकार करने में एक महत्वपूर्ण घटक है। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से इस उद्देश्य को आगे बढ़ाया जा रहा है।

इसके लिए, एक से 30 सितंबर तक सभी के सहयोग से राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने किया बलरामपुर का दो दिवसीय भ्रमण

### प्रदेश सरकार की योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने में सहयोग करें प्रबुद्धजन: सीएम योगी

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत

बलरामपुर। सीएम ने देवीपाटन मंदिर में की पूजा-अर्चना एवं रूद्राभिषेक, गौशाला में गायों को खिलाया गुड़ और चारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद बलरामपुर के दौरे के दूसरे दिन देवीपाटन मंदिर में पूजा अर्चना की। साथ ही सीएम ने गौशाला में गायों को गुड़ और चारा भी खिलाया। इस अवसर पर उन्होंने जनपद के प्रबुद्धजनों के साथ संवाद करते हुए प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रबुद्धजन सरकार की योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं से जोड़ा जाए, उन्हें चिन्हांकित किया जाए। शासन स्तर पर जो भी योजनाएं संचालित हो रही हैं, उनके प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। इसके साथ ही व्यक्तिगत स्तर पर भी डॉक्टर्स, प्रोफेसर एवं अन्य प्रबुद्धजन अपनी योग्यता का लाभ आमजन तक अवश्य पहुंचाएं।



आमजन तक जरूर पहुंचाएं अपनी विशेषज्ञता का लाभ। विभिन्न वर्गो के प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद करते हुए सीएम योगी ने उनसे आग्रह किया कि वो जिस भी फील्ड के विशेषज्ञ हैं, उसका लाभ आमजन तक अवश्य पहुंचाएं। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं के विषय में लोगों को जागरूक करें। उन्होंने डॉक्टरों से संवाद करते हुए कहा कि वो प्राइवेट प्रैक्टिस करते हुए भी जन कल्याण का कार्य करते रहें। जो लोग भी जरूरतमंद हैं, उनकी मदद करें। जिस किसी को भी इलाज में सरकारी योजना का लाभ दिलाने की आवश्यकता हो, उसके लिए प्रयास करें। शासन की ओर से जन आरोग्य, आयुष्मान समेत तमाम योजनाएं संचालित हो रही हैं, इनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में आप अहम कड़ी साबित हो सकते हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी मुख्यमंत्री ने अपील की कि वो न सिर्फ सरकार की योजनाओं का प्रचार करें, बल्कि अन्य लोगों को भी जोड़ें। इसके अतिरिक्त सीएम ने रिटायर्ड शिक्षकों, प्रोफेसर्स, किसानों, एफपीओ से जुड़े लोगों एवं खिलाड़ियों समेत सभी 25 प्रबुद्धजनों को अपने-अपने स्तर पर समाज में योगदान देने की अपील की। इस दौरान विधायक बलरामपुर सदर शपलटूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा,मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र,डीआईजी देवीपाटन मंडल,जिलाधिकारी अरविंद सिंह,पुलिस अधीक्षक केशव कुमार,जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह व जनप्रतिनिधिगण,अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### मंदिर में की देवी अराधना, गौशाला में गायों को किया दुलार

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह बलरामपुर के देवीपाटन मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिर में देवी की अराधना की। इस दौरान सीएम ने रूद्राभिषेक में भी भाग लिया। इसके बाद वो गौशाला पहुंचे और यहां गायों को दुलार किया और गुड़ व चारा खिलाया।

## रक्षा सूत्र बांधकर महिला पतंजलि योग समिति सह जिला प्रभारी बहन पूनम ने मनाया रक्षाबंधन पर्व

सोनभद्र । पतंजलि योग समिति सोनभद्र 9 पतंजलि योग परिवार के तत्वाधान में सोनभद्र वार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आदरणीय रमेश राम पाठक की अध्यक्षता में आरएसएस के काशी प्रान्त आदरणीय प्रभाकर व विशिष्ट अतिथि एस पी सिंह के सान्निध्य में दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। पतंजलि योग परिवार के शुभेच्छु, शाहगंज थाना के सह प्रभारी शिवपूजन चौबे के पतंजलि योग परिवार के लिए अतुलनीय सहयोग का स्मरण किया गया। शिवपूजन चौबे का विदाई समारोह सोनभद्र बार सभागार में किया गया। नियमित योग कक्षा में प्रातः कालीन योग के पश्चात मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा पतंजलि योग परिवार के संरक्षक व पदाधिकारी के द्वारा माल्यार्पण कर श्रीमद् भागवत गीता, सोन साहित्य,योग संदेश,अंगवस्त्रम व छाता देकर सम्मानित किया गया। महिला पतंजलि योग समिति सह जिला प्रभारी बहन पूनम द्वारा पतंजलि योग परिवार के पदाधिकारियो, योग साधकों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा बंधन पर्व बडे ही धूमधाम से मनाया, इस मौके पर पतंजलि योग समिति जिला रवि प्रकाश त्रिपाठी, किसान सेवा समिति जिला प्रभारी अरुण कुमार यादव , भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे, जिला महामंत्री जितेंद्र कुमार सिंह, किसान सेवा समिति जिला संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय, पतंजलि योग समिति नगर संरक्षक मिठाई लाल सोनी, भारत स्वाभिमान नगर संरक्षक शेषमणि तिवारी, वरिष्ठ योग साधक चंद्र बहादुर सिंह ,रामसेवक पांडेय, तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, लक्ष्मी नारायण पांडेय, धनंजय कुमार मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा ,उमेश कुमार तिवारी ,संजय कुमार , वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप कुमार सिंह , देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, गोविंद नारायण सिंह, रूप नारायण सिंह, अनिल चौरसिया, पन्नालाल सोनी , राजू सोनी , अजय कुमार पांडेय, धर्मेंद्र कुमार चौरसिया , हरि नारायण मिश्रा, एस0पी0 मेहता, माता प्रसाद विश्वकर्मा समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।



पतंजलि योग परिवार के पदाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम के अध्यक्ष व संचालक तथा दूर-दराज से आए पदाधिकारियों का सम्मान अंगवस्त्र व कैप देकर किया गया।

दयानंद मौर्य व बहन पूनम द्वारा बहुत ही सुंदर रक्षाबंधन व योग गीत सुनाया गया। कार्यक्रम का संचालन किसान सेवा समिति जिला प्रभारी अरुण कुमार यादव द्वारा किया गया। जिलामुख्यालय के योग योद्धा /धरोहर प्रमुख योग शिक्षक आदरणीय ओम प्रकाश यादव व सुनील कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### मोदी सरकार ने शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए किए 18 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च: पुरी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीपपुरी ने गुरुवार को कहा कि स्मार्ट सिटी से जुड़ी सभी परियोजनायें जून 2024 तक पूरी कर ली जायेंगी और 2014 से अब तक 18 लाख सात हजार 101 करोड़ रुपये शहरी क्षेत्रों में निवेश किये गये हैं। पुरी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि 100 स्मार्ट सिटी में विकास परियोजनाओं का कामकाज बेहतर गति से चल रहा है और उन्हें वर्ष 2024 के जून तक पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि 14036 परियोजनाओं में बड़ी संख्या में परियोजनायें पूरी कर ली गयी हैं और शेष का 75 प्रतिशत तक कार्य पूरा हो गया है। सभी परियोजनायें निर्धारित समयावधि जून 2024 तक पूरी कर ली जायेंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से अब तक 18 लाख सात हजार 101 करोड़ रुपये शहरी क्षेत्रों में निवेश किये गये हैं। उन्होंने कहा कि इसके तुलना में वर्ष 2004 से 2014 से बीच मात्र एक लाख 78 हजार 53 करोड़ रुपये खर्च किये गये थे । इसमें से 85000 करोड़ शहरी बुनियादी संरचना पर, 38203 करोड़ आवास पर, 377000 करोड़ अमृत योजना पर, 178 421 करोड़ स्मार्ट सिटी मिशन पर, 500 करोड़ हृदय योजना पर, 203609 करोड़ स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), 212072 करोड़ शहरी परिवहन पर और 818790 करोड़ रुपये प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) पर खर्च किये गये। उन्होंने बताया कि 36 राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश खुले में शौच से मुक्त घोषित किये गये हैं। 67.10 लाख मकानों में शौचालय बनवाये गये हैं। इसके अलावा 6.52 लाख सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालय भी बनाये गये हैं। पुरी ने बताया कि देश के 27 शहरों में मेट्रो सेवा संचालित हो रही है या वहां मेट्रो लाइन के निर्माण का कार्य चल रहा है। बीस शहरों की 872 किलोमीटर दूरी में मेट्रो सेवा संचालित हो रही है और 988 किलोमीटर पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 65 से 70 लाख यात्री प्रतिदिन मेट्रो सेवा का लाभ उठाते हैं। पिछले दो दिनों में दिल्ली में 68 से 69 लाख यात्रियों ने मेट्रो टेन से सफर किया है।

## पटेल ने 67.69 करोड़ रु की सिंचाई योजना का किया लोकार्पण

मेहसाणा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 67.69 करोड़ रुपए की नर्मदा मुख्य नहर आधारित मातपुर-ब्राह्मणवाड़ा उद्वहन सिंचाई योजना का गुरुवार को यहां लोकार्पण किया।

पटेल ने इस अवसर पर कहा कि गुजरात ने विकास की राजनीति के माध्यम से योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने की बेहतरीन मिसाल पेश की है। उन्होंने इसका श्रेय तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश का श्रेष्ठ विकास हो रहा है और दुनिया में भारत का गौरव बढ़ रहा है। उन्होंने चंद्रयान-3 की चंद्रमा की सतह पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग को भारत की यशोगाथा का एक महत्वपूर्ण अध्याय बताया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी से विकसित गुजरात के निर्माण के जरिए विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है और आगे भी रहेगी। उन्होंने कहा कि बारिश ना होने की स्थिति में खेती और किसान को परेशान न होना पड़े इसके लिए राज्य सरकार ने कृषि के लिए दस घंटे बिजली आपूर्ति करने और आवश्यकता पड़ने पर सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने हेतु वर्तमान समय की तैयारियों के लिए राज्य सरकार हमेशा सतर्क है। राज्य सरकार भविष्य की जरूरतों पर विचार करते हुए विकास कार्यों की कार्ययोजना तैयार करती है। उन्होंने प्रत्येक जिले में 75 अमृत सरोवरों के निर्माण को जल संचयन के लिए एक अहम कार्य बताया और विकास कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा को भी महत्व देना होगा।

## मन के पवित्र संकल्पों मे बंधने से मिलती है सकरात्मक ऊर्जा

### ब्रह्मा कुमारी बहनों ने जेल के बंदियों से लेकर अमलोगों को बांधा राखी, बदले में मांगा सिर्फ एक बुराई छोड़ने का वचन

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज के विकास नगर स्थित ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र पर रक्षाबंधन का पर्व आध्यात्मिक परम्परा के अनुसार मनाया गया। सेवाकेंद्र संचालिका बी 0के0 सुमन बहन ने बताया कि शरीरिक दृष्टिकोण से दोनों एक ही परमपिता परमात्मा की एक समान संतान है। अतः स्त्री और पुरुष दोनों को रक्षा के पावन संकल्पों के बंधने से ही सनातन संस्कृति का उत्थान हो सकता है। क्योंकि समाज को श्रेष्ठ बनाने मे स्त्री और पुरुष दोनों की भूमिका अनिवार्य और महत्वपूर्ण होने से भारत विश्व गुरु के सर्वोच्च शिखर पर पुनः प्रतिष्ठित हो सकता है। सेवाकेंद्र पर जनपद के विभिन्न भागों से आये हुए स्त्री और पुरुष श्रद्धालुओ को राखी का पवित्र बंधन बांधते हुए , बदले में सिर्फ एक बुराई छोड़ने का वचन मांगा।



प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की संचालिका बीके सुमन ने बताया कि रक्षा बंधन पर्व पर विशेष प्रोग्राम 22 अगस्त से 31अगस्त तक चलाया गया।

इसकी शुरुआत 22 अगस्त से ओबरा उप सेवा केंद्र से हुई। 23 अगस्त को भी ओबरा में ही राखी बांधी गई। 24 अगस्त को रेणुकूट उप सेवा केंद्र पर रक्षा बंधन कार्यक्रम चलाया गया। 25 अगस्त को दुद्धी राजयोग केंद्र पर,26 अगस्त को जिला अस्पताल, नर्सिंग कालेज, 27 अगस्त को गुर्मा जेल, 28 अगस्त को राबर्ट्सगंज सेवा केंद्र पर , 29 अगस्त को सभी प्रशासनिक अधिकारियों को जिसमें पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह, अपर पुलिस् अधीक्षक ( आपरेशन) ज्ञानेंद्र नाथ त्रिपाठ , अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह सहित दर्जनों पुलिस जवानो को राखी बांधकर ब्रह्माकुमारी बहनो ने मानवीय कमजोरियों को छोड़ने का संकल्प पत्र लिया। इसके अलावा 30 और 31 अगस्त को सेवा केंद्र पर ही राखी बांधी गई। ज्ञातव्य है की ब्रह्माकुमारी बहने राखी बांधने के बाद किसी भी प्रकार के धन या उपहार को स्वीकार नही करके मानवीय कमजोरियों को छोड़ने का संकल्प पत्र लेती है। इसी क्रम मे चर्च एवं गुर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष

मीरा यादव प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव, अधिवक्ता/पत्रकार राजेश कुमार पाठक के साथ ही गणमान्य नागरिको को राखी बाधी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने मे बी के प्रतिभा बहन, सीता बहन, सरोज बहन, कविता बहन, अवधेश धर दुबे, डॉ0 हरिंद्र भाई, गोपाल भाई इत्यादि ने सक्रिय योगदान दिया।

CMYK CMYK CMYK CMYK